

■ रक्षा मंत्री राजनाथ बोले- रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हम - 12



■ बैंक, आईटी शेयरों में तेजी से सेंसेक्स 174 अंक मजबूत, निफ्टी 42 अंक- 12



■ भारत अपने वैश्विक साझेदारों के साथ अधिक गहनता से जुड़ रहा : जयशंकर - 13



■ टी20 विश्व कप में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने युनाइटेड किंगडम - 14


आज का मौसम
28.0⁰ अधिकतम तापमान
14.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.42
सूर्यास्त 06.03

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर नगर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 04:57 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2082

बुधवार, 18 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 179, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


## अडानी समूह एआई डेटा सेंटर के लिए 100 अरब डॉलर करेगा निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● **नवीकरणीय ऊर्जा से सक्षम डेटा केंद्रों को 2035 तक विकसित करने की योजना**

अडानी समूह ने नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित अत्याधुनिक एआई सक्षम डेटा केंद्रों को 2035 तक विकसित करने के लिए 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की मंगलवार को घोषणा की। यह दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत 'एनर्जी-कंप्यूट' प्रतिबद्धताओं में से एक है।

समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज ने कहा कि इस पहल से 'सर्वर' निर्माण, 'क्लाउड' मंच एवं सहायक उद्योगों में अतिरिक्त 150 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश होने की उम्मीद है। इससे भारत में 250 अरब डॉलर का अनुमानित एआई अवसंरचना परिवेश तैयार होगा।





अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने कहा, दुनिया एक ऐसी बुद्धिमत्ता क्रांति में प्रवेश कर रही है जो पिछली किसी भी औद्योगिक क्रांति से कहीं अधिक गहन है। ऊर्जा व कंप्यूटर के बीच सामंजस्य स्थापित करने में निपुण राष्ट्र ही आने वाले दशक को आकार देंगे।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए आगे आएं अखिलेश : योगी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

● **सीएम ने बताया, यूपी में पिछली बार से ज्यादा सीटें जीतकर भाजपा की बनेगी सरकार**

● **कहा- इटावा के केदारेश्वर मंदिर बनवाने में अखिलेश की नीयत साफ नहीं**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए आगे आने की सलाह दी है। इटावा में निर्माणाधीन केदारेश्वर मंदिर के संभावित निमंत्रण पर उन्होंने कहा कि यदि अखिलेश यादव शुद्ध नीयत से यह मंदिर बनवाते तो मैं अवश्य जाता, लेकिन नीयत साफ नहीं है। फिर भी मैं उनको बधाई दूंगा कि देर आए-दुरुस्त आए, आखिर मंदिर बनवा रहे हैं। अब वह श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए भी आगे आएं, लोग प्रशंसा करेंगे।

मुख्यमंत्री मंगलवार को एक कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। इस मौके पर योगी ने साफ शब्दों में एलान किया कि 2022 से अधिक सीटें पाकर 2027 में डबल इंजन की भाजपा सरकार फिर सत्ता में आएगी। कहा कि कांग्रेस व राजद की जो दुर्गति बिहार में हुई है, 2027 में वही दुर्गति कांग्रेस व सपा की उत्तर प्रदेश में तय है। योगी ने वंदे मातरम के जिक्र पर कहा कि यह राष्ट्रगीत है, यह आजादी का मंत्र रहा है। इस गीत को गाते-गाते क्रांतिकारियों ने फांसी के फंदे को चूमने में संकोच नहीं किया। राष्ट्र प्रतीकों का अपमान संविधान निर्माताओं, बाबा साहेब व क्रांतिकारियों का अपमान है। राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान व तिरंगा का अपमान राष्ट्रद्रोह है, जिसे भारत स्वीकार नहीं करेगा। योगी ने कहा कि भाजपा ने राममंदिर के साथ रामराज्य की अवधारणा को धरातल पर उतारा है। यह डबल इंजन सरकार की ताकत है, जो कहा है, वह करके दिखाया है। आगे भी जो कहेंगे, करके दिखाएंगे।



लखनऊ में लोगों से रूबरू होते मुख्यमंत्री योगी।

योगी ने कहा कि सोमनाथ मंदिर को अपवित्र करने वाले और अयोध्या में श्रीराम मंदिर पर पहला आतंकी हमला करने वाले गाजी को उसके पापों की सजा महाराज सुहेलदेव ने दी थी। लेकिन सपा के लोग महाराज सुहेलदेव का गुणगान करने के बजाय गाजी का नाम लेते हैं, उसका मेला लगाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी को देश और अखिलेश यादव को यूपी गंभीरता से नहीं लेता।

### बुलडोजर और ब्रह्मोस एक-दूसरे के पूरक

योगी ने कहा कि बुलडोजर और ब्रह्मोस एक-दूसरे के पूरक हैं। बुलडोजर यूपी की स्ट्रेंथ का प्रतीक है। हम इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ देश के सबसे बड़े और सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे के नेटवर्क को यूपी में स्थापित कर सकते हैं। यूपी की जनता जिसकी अपेक्षा कर रही थी, बुलडोजर उस माफिया प्रवृत्ति को कुचल सकता है। ब्रह्मोस जैसे सेक्टर में भी यूपी में बड़े निवेश हो रहे हैं। यह भारत की सामरिक शक्ति का प्रतीक है। किसी ने गुस्ताखी करने का प्रयास किया तो दुश्मन को उसके ठिकाने पर जाकर मारेंगे।

### परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी के चेयरमैन हैं सपा मुखिया

योगी ने कहा कि पीडीए एक परिवार के विकास के लिए गठित अवसरवादी अथॉरिटी है जिसके चेयरमैन अखिलेश, शिवपाल सीईओ और रामगोपाल यादव वाइस चेयरमैन होंगे। उनके पास महाभारत के सारे रिश्ते हैं, बाकी अन्य भाई-भतीजों को भी इसमें स्थान मिलेगा। कहा कि अखिलेश यादव को संघ की शाखाओं में जाकर सामान्य आचार व नियमों की जानकारी लेनी चाहिए। अखिलेश 12 बजे सोकर उठते हैं, वे संघ की शाखा में जाएंगे तो जल्दी जगने की आदत हो जाएगी।

# फ्रांस के सहयोग से भारत बनाएगा माउंट एवरेस्ट तक उड़ान भरने वाला हेलीकॉप्टर

## राष्ट्रपति मैक्रों और प्रधानमंत्री मोदी ने रक्षा, व्यापार व प्रौद्योगिकी में सहयोग बढ़ाने का लिया संकल्प

**नई दिल्ली/मुंबई, एजेंसी**

भारत और फ्रांस ने द्विपक्षीय संबंधों को मंगलवार को विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के मुकाम तक पहुंचाया और दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व ने बढ़ते भू-राजनीतिक उथल-पुथल के मद्देनजर रक्षा, व्यापार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कर्नाटक के वेमागल में एयरबस एच125 हेलीकॉप्टरों के उत्पादन के लिए कलपुर्जों को जोड़ने संबंधी इकाई का डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया।

तीन दिवसीय भारत दौरे पर आए फ्रांसीसी राष्ट्रपति के मुंबई पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद, मोदी ने वहां मैक्रों के साथ व्यापक वार्ता की। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और फ्रांस के बीच एक विशेष संबंध है। राष्ट्रपति मैक्रों के साथ मिलकर हमने इस रणनीतिक साझेदारी को अभूतपूर्व गहराई और ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने कहा, इसी विश्वास और साझा दृष्टिकोण के आधार पर, आज हम अपने (द्विपक्षीय) संबंधों को 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' के रूप में स्थापित कर रहे हैं। मोदी ने एच-125 हेलीकॉप्टर 'असेंबली लाइन' का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, हमें इस बात पर गर्व है कि दोनों देश मिलकर भारत में दुनिया का एकमात्र ऐसा हेलीकॉप्टर बनाएंगे, जो माउंट एवरेस्ट (विश्व की सबसे ऊंची पर्वत चोटी) की ऊंचाई तक उड़ान भर सकेगा और इसे पूरी दुनिया में निर्यात किया जाएगा। उन्होंने कहा, 2026 भारत और यूरोप के बीच संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। कुछ ही दिन पहले, हमने यूरोपीय संघ के साथ भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और सबसे महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) किया है। प्रधानमंत्री ने भारत-फ्रांस संबंधों को वैश्विक स्थिरता का एक महत्वपूर्ण कारक बताया। उन्होंने कहा, वर्तमान में, विश्व अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। ऐसे माहौल में भारत-फ्रांस साझेदारी वैश्विक स्थिरता का एक महत्वपूर्ण कारक है।



मुंबई में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

● **दोनों नेताओं ने हेलीकॉप्टरों के उत्पादन के लिए कलपुर्जों को जोड़ने वाली इकाई का डिजिटल तरीके से किया उद्घाटन**

### मैक्रों ने मुंबई के मरीन ड्राइव पर 'जॉगिंग' की, 26/11 हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी

**मुंबई।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मंगलवार तड़के मुंबई पहुंचे और अपने दिन की शुरुआत कोस्टल रोड के पास मरीन ड्राइव पर 'जॉगिंग' के साथ की। मैक्रों और प्रथम महिला ब्रिगिट मैक्रों ने बाद में दक्षिण मुंबई के ताज महल पैलेस होटल में नवंबर 2008 में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति मैक्रों प्रधानमंत्री मोदी के निमंत्रण पर 17 से 19 फरवरी तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं।

## तारिक ने बांग्लादेश के पीएम पद की ली शपथ

**ढाका, एजेंसी**

● **लोसकभा अध्यक्ष ने समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया**

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता तारिक रहमान ने मंगलवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही, नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस नीत अंतरिम सरकार का 18 महीने से जारी शासन समाप्त हो गया, जिस दौरान बांग्लादेश में राजनीतिक अनिश्चितता और अराजकता की स्थिति रही थी।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बांग्लादेश के शीर्ष राजनीतिक एवं सैन्य नेतृत्व की उपस्थिति में जातीय संसद के 'साउथ प्लाजा' के खुले परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उनके साथ विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी थे। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने रहमान (60) को परंपरा से हटते हुए, बंगभवन के बजाय जातीय संसद के 'साउथ प्लाजा' में पद की शपथ दिलाई। आम चुनावों में अपनी पार्टी को शानदार जीत दिलाने वाले रहमान ने कहा, मैं प्रधानमंत्री के तौर पर कानून के अनुसार कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगा। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत जियाउर रहमान के पुत्र तारिक रहमान 17 वर्षों तक स्वनिर्वासन में लंदन में रहने के बाद दो महीने पहले स्वदेश लौटे थे।



**ब्रीफ न्यूज**

### कोर्ट ने सेंगर के भाई को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि भाजपा से निर्वासित नेता कुलदीप सेंगर के भाई जयदीप को आत्मसमर्पण कर देना चाहिए, क्योंकि पहले उन्हें चिकित्सा आधार पर दी गई अंतरिम जमानत को बढ़ाने का कोई आदेश नहीं है। यह मामला उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत से जुड़ा है। अदालत जयदीप सेंगर की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने अपनी अंतरिम जमानत को तीन महीने तक बढ़ाने की मांग की थी, जिसका सीबीआई ने विरोध किया। इस मामले में निचली अदालत द्वारा 10 साल की सजा पाए 50-वर्षीय जयदीप सेंगर ने मुंह के कैंसर से पीड़ित होने के कारण अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाने की अपील की है।

## यूपी बोर्ड परीक्षाएं आज से 53 लाख छात्र होंगे शामिल

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

● **8033 केन्द्रों पर आयोजित होगी परीक्षा, नकलविहीन परीक्षा का लिया संकल्प**

● **योगी सरकार ने की ऑनलाइन मॉनिटरिंग और कड़े सुरक्षा इंतजामों की व्यवस्था**

**अमृत विचार :** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च, तक आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष कुल 53,37,778 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें हाईस्कूल के 27,61,696 और इंटरमीडिएट के 25,76,082 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। परीक्षाओं को नकलविहीन, पारदर्शी व सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रदेश में कुल 8033 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें 596 राजकीय, 3453 अशासकीय सहायता प्राप्त और 3984 स्ववित्त पोषित विद्यालय शामिल हैं।

सरकार ने नकलविहीन परीक्षा का संकल्प लेते हुए ऑनलाइन मॉनिटरिंग समेत कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। परीक्षा की निगरानी के लिए प्रत्येक परीक्षा कक्ष में वॉयस रिकॉर्डरयुक्त दो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनके साथ राउटर, डीवीआर और हाई-स्पीड इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सम्पूर्ण परीक्षा अवधि की लाइव मॉनिटरिंग वेबकास्टिंग के माध्यम से की जाएगी।


### सुप्रीम कोर्ट ने एआई से याचिकाएं तैयार करने पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वकीलों के एआई टूल से तैयार की गईं याचिकाएं दायर करने के बढ़ते चलन पर मंगलवार को गंभीर चिंता जताई। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, हम यह देखकर परेशान हैं कि कुछ वकीलों ने याचिकाओं का मसौदा तैयार करने के लिए एआई का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। यह बिल्कुल अनुचित है। पीठ ने यह बात शिक्षाविद रूप रेखा वर्मा की एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कही, जिसमें राजनीतिक भाषणों को लेकर दिशानिर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया था। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि कई बार, जिन फैसलों का जिक्र किया जाता है वे सही होते हैं, लेकिन उन फैसलों के साथ फर्जी उद्धरण जोड़ दिए जाते हैं और इससे उनकी विषयवस्तु का सत्यापन करना बहुत मुश्किल हो जाता है।

## संगठित और सशक्त हो हिंदू समाज : भागवत

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने हिंदू समाज से संगठित और सशक्त होने का आह्वान करते हुए कहा कि हमें किसी से भय नहीं है, लेकिन सजग और सावधान रहने की आवश्यकता है। समाज की मजबूती आपसी एकता, सद्भाव और कर्तव्यबोध से ही संभव है।



डॉ. भागवत लखनऊ के निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित सामाजिक सद्भाव बैठक को संबोधित कर रहे थे। हिंदुओं की घटती जनसंख्या पर चिंता जताते हुए कहा कि लालच व जबरदस्ती के जरिए हो रहे मतांतरण पर प्रभावी रोक लगनी चाहिए। घर वापसी का कार्य तेज होना चाहिए और जो लोग हिंदू समाज में लौटें, उनका समुचित ध्यान रखना भी समाज का दायित्व है। बढ़ती घुसपैठ को गंभीर समस्या बताते हुए उन्होंने कहा कि घुसपैठियों को डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट करने की नीति अपनानी होगी तथा उन्हें रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाना चाहिए। उन्होंने परिवार व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि समाज के अस्तित्व के लिए संतुलित जनसंख्या आवश्यक है। वैज्ञानिकों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जिस समाज में औसतन तीन से कम बच्चे होते हैं, वह भविष्य में समाप्त हो जाता है। यह बात नवविवाहित दंपतियों को समझाई जानी चाहिए। उन्होंने विवाह को केवल वासना पूर्ति नहीं, बल्कि सृष्टि के निरंतर प्रवाह से जोड़ते हुए कहा कि इसी से कर्तव्यबोध और जिम्मेदारी का भाव पैदा होता है। यूजीसी गाइडलाइन पर उन्होंने कहा कि कानून सभी को मानना चाहिए। यदि कोई कानून गलत है तो उसे बदलने का संवैधानिक मार्ग भी मौजूद है। जातियों को झगड़े का कारण नहीं बनना चाहिए। समाज में अपनेपन का भाव होगा तो टकराव की स्थितियां स्वतः खत्म होंगी।




न्यूज ब्रीफ

### बसपा में सिद्धार्थ राजाराम व नौशाद का बढ़ा कद

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा सुप्रीमो मायावती ने संगठन में उच्च पदों पर फेरबदल किया है। माना जा रहा है कि आने वाले पंचायत और विधान सभा चुनावों के चलते पार्टी को गतिशील करने के लिए यह कदम उठाया गया है। बसपा प्रमुख के भतीजे आकाश आनंद के ससुर सिद्धार्थ गौतम का कद बढ़ा दिया है। उन्हें दिल्ली, गुजरात, छत्तीसगढ़ और केरल का प्रभारी बनाया गया है। राजाराम का भी कद बढ़ाया गया है। उन्हें मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड का प्रभार दिया गया है। इसके अलावा रामजी गौतम को महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु का प्रभारी बनाया गया है। उत्तर प्रदेश के 18 मंडल प्रभारियों की जिम्मेदारियों में भी फेरबदल किया गए हैं। मुस्लिम चेहरे नौशाद अली को यूपी के कानपुर, लखनऊ, आगरा और मेरठ की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### निर्धारित स्टॉप पर बसों का ठहराव सुनिश्चित करें

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु एन. सिंह ने कहा कि सभी बसों का संचालन निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। साथ ही निर्देश दिए कि सभी चालक एवं परिचालक प्रत्येक निर्धारित स्टॉप पर बस को अनिवार्य रूप से रोकें तथा यात्रियों को सुरक्षित रूप से उनके गंतव्य तक पहुँचाएं। इससे जहां यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी, वहीं निगम के राजस्व में भी वृद्धि सुनिश्चित होगी। प्रबंध निदेशक, मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त क्षेत्रों की समीक्षा कर रहे थे। निगम मुख्यालय में संपन्न बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों एवं सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी जांच स्कॉड दल दिन एवं रात्रि दोनों समय प्रभावी जांच व्यवस्था लागू करें। प्रभु एन सिंह ने कहा कि नियमित एवं सख्त जांच व्यवस्था से अनियमितताओं पर नियंत्रण पाया जा सकेगा तथा निगम की आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित होगी।

### दो आईपीएस का केन्द्र में हुआ इन्पैनलमेंट

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी कैडर के दो आईपीएस अफसरों का केन्द्र में आईजी पद के लिए इन्पैनलमेंट हुआ है। वर्ष 2006 के आईपीएस आकाश कुलहरि और मनोज कुमार हैं। आकाश कुलहरि मौजूदा समय में झांसी रेंज के आईजी हैं। इन्पैनलमेंट होने के बाद दोनों अधिकारियों की केन्द्र में आईजी पद पर सेवा ली जा सकती हैं।

### वसूली 70 फीसदी से कम तो होगी कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी पावर कारपोरेशन के प्रबन्ध निदेशक पंकज कुमार ने तल्ख लहजे में अफसरों को निर्देश दिए कि बिजली बिल वसूली और बिल राहत योजना में तेजी लाई जाए। यदि संतोषजनक परिणाम नहीं आ रहे तो फिर जिम्मेदार अफसरों से जवाब तलब किया जाए। साथ ही कहा कि एक दिसंबर-25 से अभी तक ढाई महाने में कारपोरेशन को 4,934 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ हैप्रबन्ध निदेशक ने मंगलवार को शक्ति भवन में बिल वसूली को लेकर समीक्षा बैठक की। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जहां भी बिजली बिल राहत योजना में प्रगति सही नहीं है, वहां कार्रवाई की जायेगी। इसमें एक-एक बकायेदार उपभोक्ता को ढूढकर पैसा जमा कराया जाए। जहां भी फीडर घाटे में है, वहां अभियान चलाकर व्यवस्था सुधारें। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि वसूली की धनराशि जहां 70 फीसदी से कम हैं, वहां कार्रवाई होनी चाहिए। पांच किलोवाट से ऊपर के उपभोक्ताओं से सम्पर्क कर उनका बकाया जमा कराएं।



## हमने शंकराचार्य से क्षमा मांग अपनी गलती स्वीकार कर ली थी : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शंकराचार्य मामले में सफाई देते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी कुछ नहीं जानते हैं, सपा सरकार के दौरान काशी में वह घटना गलत परिस्थितियों और भाजपा के तांडव की वजह से हुई थी, तब स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, शंकराचार्य नहीं थे, लेकिन उस घटना के बाद शंकराचार्य से हम लोगों ने क्षमा मांगते हुए अपनी गलती स्वीकार कर ली थी। हम लोग शंकराचार्य जी के साथ हैं।

### भाजपाइयों ने मेडिकल कॉलेजों की बिल्डिंग खड़ी करने में केवल कमीशन खाया

■ अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने सपा के समय में बने मेडिकल कॉलेज, कैंसर इंस्टीट्यूट व अन्य अस्पतालों की जानबूझकर अनदेखी की है। भाजपाइयों ने अपने समय में बने मेडिकल कॉलेजों की बिल्डिंग खड़ी करने में केवल कमीशन खाया है लेकिन उन्हें चलाया नहीं है। मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल, ट्रामा सेंटर बिना स्टॉफ के खड़े हैं। सपा प्रमुख ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि भाजपाइयों ने अपने कार्यालय, और मुख्य भाजपाई जी ने अपनी आयुष यूनिवर्सिटी तो खोल ली है परंतु जनहित में काम करने वाले आम अस्पतालों की पूरी तरह उपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री को तो ये समझ लेना चाहिए कि अगले मंत्रिमंडल विस्तार में उनसे विभाग छीनने का आधार बनाया जा रहा है। विभाग में वो नेम प्लेट पर ही मंत्री हैं, कोई उनकी सुनता भी नहीं है।

सपा प्रमुख ने मंगलवार को कहा कि, यूपी में अपराधियों के डर व वसूली की वजह से कर्फ्यू जैसी पाबंदी रहती है। पूरे यूपी में गैरकानूनी लोगों का राज है। कमीशनखोर ही सरकार चला रहे हैं। भाजपा ने कुंभ और माघ मेले की सनातन परंपरा को तोड़ा, परम पूज्य शंकराचार्य का अपमान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की धरोहर को तोड़ने का पाप किया उसे एआई बताने का झूठा प्रचार किया। सनातन समाज और पाल समाज के लोग मुख्यमंत्री से बहुत नाराज हैं। धोखेबाज भाजपा लोगों को ठगने का काम कर रही है। कहा कि इन्होंने काशी में करीब सौ मंदिर भी तोड़े हैं। नेपाल नरेश का दान किया हुआ घंटा भी गायब हो गया है।

### अनुदान पर पाएं यंत्र 20 तक करें आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृषि विभाग ने फसल अवशेष के इन-सीटू एवं एक्स सीटू प्रबंधन के यंत्रों की बिक्री के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाकर 20 फरवरी कर दी है। एग्रीग्रेटर का लक्ष्य दो यंत्र वितरण का है, इसके सापेक्ष आवेदन तीन आए हैं और अधिक एफपीओ के प्रतिभाग करने के लिए मौका दिया है। उपनिदेशक कृषि विनय कुमार कौशल ने बताया कि एफपीओ को अनुदान पर यंत्र दिए जाएंगे। यह यंत्र फसल कटाते समय अवशेष जमीन में दबा देती है।

# एम-पैक्स से आत्मनिर्भर बने 54 लाख किसान

## सरकार ने सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया ऋण, उन्नत बीज और उर्वरक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में सहकारिता आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में योगी सरकार के एम-पैक्स सदस्यता महाअभियान का व्यापक परिणाम दिख रहा है। अभियान के जरिए अब तक करीब 54 लाख किसान सहकारी ढांचे से जुड़कर आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़े हैं। योगी सरकार का फोकस बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (एम-पैक्स) से लोगों को जोड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ती वित्तीय और कृषि सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

● **जिला सहकारी बैंकों में दो लाख से अधिक नए खाते खोले गए, 550 करोड़ की राशि खातों में जमा हुई**

विशेष अभियान के तहत किसानों को कम ब्याज दरों पर फसली ऋण, उन्नत गुणवत्ता के बीज और उर्वरक उपलब्ध कराए गए। इससे खेती की लागत घटाने और उत्पादन बढ़ाने में मदद मिली है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सहकारी बैंकों में दो लाख से अधिक नए खाते खोले गए हैं। इन खातों में अब तक लगभग 550 करोड़ रुपये की राशि जमा कराई जा चुकी है। वहीं, सदस्यों की भागीदारी से 110 करोड़ रुपये की अंश पूंजी जुटाई गई जिसके आधार पर कुल 660 करोड़ रुपये की धनराशि सहकारी तंत्र में प्रवाहित हुई। इससे गांवों में ऋण प्रवाह बढ़ा है और छोटे किसानों को सहूलियतें आसान हुई हैं।

### ग्रामीणों को घर के पास ही पंजीकरण और अन्य सेवाएं

■ योगी सरकार ने सहकारी ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए सदस्यता प्रक्रिया को भी पूरी तरह डिजिटल किया है। अब एम-पैक्स से जुड़ने के लिए डिजिटल पोर्टल और मोबाइल आधारित पंजीकरण की सुविधा लागू कर दी गई है। इससे ग्रामीणों को घर के पास ही पंजीकरण और अन्य सेवाएं मिल रहीं हैं। देश में पहली बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एम-पैक्स का सदस्यता महाअभियान शुरू किया। यह सदस्यता महाअभियान दो चरणों में चलाया गया।

### क्यूआर कोड और यूपीआई भुगतान से आई पारदर्शिता

■ सहकारी समितियों को मजबूत करना योगी सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। एम-पैक्स पर डिजिटल भुगतान प्रणाली क्यूआर कोड के जरिए शुरू की गई है। क्यूआर कोड और यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान प्रणाली शुरू हो जाने से कैशलेस एवं पारदर्शी भुगतान व्यवस्था लागू हुई है। इससे उर्वरक वितरण में पारदर्शी एवं सुविधाजनक तरीके से वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि सहकार से समृद्धि का लक्ष्य तेजी से हासिल किया जा सके।

### अब एक क्लिक पर होगा समस्याओं का समाधान

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जयपुर (राजस्थान) से किसानों के समर्पित एआई प्लेटफार्म "भारत विस्तार" 2026 का मंगलवार को विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में सहभागिता की। इस नवाचारपूर्ण प्लेटफार्म का उद्देश्य आधुनिक तकनीक के माध्यम से खेती-किसानी को अधिक समृद्ध, सशक्त और सरल बनाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि "भारत विस्तार" देश की कृषि व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाला एक क्रांतिकारी कदम है। इसके माध्यम से किसानों को अपनी समस्याओं का समाधान अब एक क्लिक पर उपलब्ध होगा। किसान अपने मोबाइल फोन से 155261 डायल कर खेती से जुड़े प्रश्नों के त्वरित और सटीक उत्तर प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) तकनीक पर आधारित यह प्रणाली किसानों को मौसम, बीज, खाद, फसल प्रबंधन एवं सरकारी योजनाओं की अद्यतन जानकारी प्रदान करेगी। इससे कृषि क्षेत्र अधिक आधुनिक, वैज्ञानिक एवं लाभकारी बनेगा।



सूर्य प्रताप शाही।



राजधानी में मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान बैरिकेडिंग पर चढ़कर नारेबाजी करते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व अन्य।

# कांग्रेसियों की पुलिस से नोकझोंक, धक्का-मुक्की

## मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में विधानसभा घेरने जाते समय हिरासत में लिए गए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मनरेगा बचाओ अभियान के तहत मंगलवार को विधानसभा का घेराव करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस ने पुलिस ने नोकझोंक और धक्का-मुक्की हो गई। कांग्रेसी नारेबाजी करते हुए बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। काफी जद्दोजहद के बाद पुलिस ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राज, विधायक अराधना मिश्रा मोना समेत करीब 50 नेताओं को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया, जहां से सभी को रिहा कर दिया।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वह पुलिस का भय दिखाकर रोकने का प्रयास है, लेकिन वह रुकने वाले नहीं हैं। मनरेगा रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आत्मा है। मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में मंगलवार को कांग्रेस नेता माल ऐवेन्यू स्थित प्रदेश कार्यालय पर एकत्र हुए। दोपहर में वहां से विधानसभा का घेराव करने के लिए निकले। विधानभवन से पहले पुलिस व आरएएफ के जवानों ने बैरिकेडिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक लिया। इस दौरान प्रदेश प्रभारी ने कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की समग्र आर्थिक प्रणाली को चलाने वाला आधार स्तंभ था। मनरेगा कोरोना काल की भीषण महामारी के दौर में प्रवासियों को रोजगार उपलब्ध कराकर जीवनदायिनी साबित हुई। अब मोदी सरकार खत्म करने पर अमादा है।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाया कि सरकार के इशारे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पुलिस बल का प्रयोग किया गया है। इसकी वह कड़ी निंदा करते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया है सरकार इतनी डर गई कि लखनऊ समेत प्रदेश भर में कई बड़े नेताओं को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर दिया। इसके बाद भी भारी संख्या में कोने-कोने से नेता और कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल रहे। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकार को मनरेगा को पूर्व की तरह लागू करना चाहिए। विधायक अराधना मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस सदा गांव व गरीब के साथ खड़ी है। प्रदर्शन में सांसद किशोरी लाल शर्मा, राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, राजेश तिवारी, नीलांशु चतुर्वेदी, प्रदीप नरवाल, वीरेन्द्र चौधरी, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, लखनऊ के जिला अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह बबलू, शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव और शहजाद आलम सहित बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।



विधायक आराधना मिश्रा को बैरिकेडिंग पर चढ़ने से रोकते पुलिसकर्मी।

# सपा सरकार में बिजली के तारों पर महिलाएं सुखाती थीं कपड़े

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. विधान परिषद के बजट सत्र में मंगलवार को बिजली व्यवस्था को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। नियम 105 के तहत सपा सदस्यों ने प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को बदहाल बताते हुए सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा और मुकुल यादव ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली आपूर्ति के दावे जमीनी हकीकत से परे हैं। उत्पादन न बढ़ने से कटौती बढ़ी है और आमजन परेशान है। कनेक्शन शुल्क 500 रुपये से बढ़कर 6000 रुपये कर दिया गया है।

● **विधान परिषद में ऊर्जा मंत्री के आरोप पर सपा सदस्य भड़के**

इस पर जवाब देते हुए ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सपा सरकार ने भ्रष्टाचार के बबूल लगाए थे, उन्हें साफ करने का कार्य हमारी सरकार ने किया है। उन्होंने दावा किया कि बिजली उत्पादन और आपूर्ति के मामले में उत्तर प्रदेश ने रिकॉर्ड बनाया है। वर्ष 2017 से अब तक उपभोक्ताओं की संख्या दोगुने से अधिक हो गई है। आपूर्ति भी उसी अनुपात में बढ़ी है। इसी दौरान मंत्री के "सपा सरकार में बिजली के तारों पर महिलाएं कपड़े सुखाती थीं" वाले बयान पर सपा सदस्यों ने कड़ा विरोध जताया और सदन से बहिर्गमन कर दिया। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने कार्यस्थगन प्रस्ताव अस्वीकार करते हुए विषय को सरकार को भेज दिया।

शून्य प्रहर में नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव और सत्ता पक्ष के सदस्यों के बीच भगवान राम के संदर्भ में भी तीखी बहस हुई। वहीं निर्दलीय सदस्य डॉ. आकाश अग्रवाल और राज बहादुर सिंह चंदेल ने निजी विद्यालयों में में 6 से 14 साल तक के गरीब परिवार के बच्चों के प्रवेश व प्रतिपूर्ति राशि का मुद्दा उठाया। सरकारी स्कूलों में प्रतिछात्र आने वाले प्रतिवर्ष 38859 रूपए का खर्च के सापेक्ष निजी विद्यालयों को मिलने वाले प्रति छात्र मात्र 450 रूपए को बढ़ाने की मांग की। शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने श्रावस्ती में सेवानिवृत्त शिक्षकों को जीपीएफ भुगतान न मिलने का प्रश्न उठाया, जिस पर माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने एक माह में भुगतान का आश्वासन दिया। सत्र के दौरान सदन में कई मुद्दों पर गर्मागर्म बहस देखने को मिली

### व्यावसायिक शिक्षकों के विनियमितीकरण की मांग

■ अमृत विचार, लखनऊ : विधान परिषद में बजट पर चर्चा से पहले व्यावसायिक शिक्षकों के विनियमितीकरण का मुद्दा जोर-शोर से उठा। नियम 110 के तहत शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी और अक्षय प्रताप सिंह ने वर्ष 1989-90 से निर्धारित मानदेय पर कार्यरत व्यावसायिक शिक्षकों को नियमित करने की मांग की।भोजनावकाश के बाद चर्चा में सपा सदस्य आशुतोष सिन्हा, डॉ. मान सिंह और नेता विरोधी दल लाल बिहारी यादव ने कहा कि प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षकों के करीब 2500 पद रिक्त हैं। उन्होंने मांग की कि माध्यमिक व बेसिक विद्यालयों में इन पदों को मान्यता देकर शिक्षकों का विनियमितीकरण किया जाए। माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने जवाब देते हुए कहा कि संबंधित शिक्षक प्रारंभ में 1500 रुपये मानदेय पर तैनात हुए थे, जिसे बढ़ाकर वर्तमान में 20 हजार रुपये कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये अतिथि विषय विशेषज्ञ प्रति व्याख्यान मानदेय प्राप्त करते हैं और इनके विनियमितीकरण की फिलहाल कोई योजना नहीं है। शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी के आग्रह पर सभापति ने मामले में सहानुभूतिपूर्वक विचार करने के निर्देश राज्य सरकार को दिए। इससे पूर्व प्रमुख सचिव ने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2026 तथा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2026 सदन के पटल पर रखे, जिन्हें पारित कर दिया गया।

### 'कुष्टआश्रम' शब्द हटाने को लेकर विधेयक पारित

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा में मंगलवार को नगर विकास मंत्री ने 'कुष्टआश्रम' शब्द को हटाने संबंधी संशोधन विधेयक पेश किया। मंत्री ने कहा कि समय के साथ सामाजिक सोच और भाषा में बदलाव आवश्यक है तथा सम्मानजनक शब्दावली का उपयोग किया जाना चाहिए। बाद में सपा की प्रवर समिति की मांग विधानसभा अध्यक्ष ने खारिज कर दी। मंत्री ने सदन को बताया कि संबंधित अधिनियम/नियमावली में प्रयुक्त 'कुष्टआश्रम' शब्द अब सामाजिक रूप से संवेदनशील माना जाता है। इसे हटाकर अधिक सम्मानजनक और मानवीय शब्द का प्रयोग किया जाएगा, ताकि किसी भी वर्ग की भावनाएं आहत न हों।

विधानसभा

चित्रकूट से सपा विधायक अनिल प्रधान के प्रश्न के उत्तर में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने

# बेसिक शिक्षा में 46,944 पद रिक्त, फिलहाल भर्ती की योजना नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में परिषदीय विद्यालयों में सहायक अध्यापक सीधी भर्ती के 46,944 पद रिक्त हैं, लेकिन सरकार की ओर से फिलहाल नई भर्ती की कोई योजना नहीं है। यह जानकारी बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने मंगलवार को विधानसभा में दी।

चित्रकूट से सपा विधायक अनिल प्रधान के प्रश्न के लिखित उत्तर में मंत्री ने बताया कि 1 अप्रैल 2022 से 8 जनवरी 2026 के बीच सरकार ने 5,856 अभ्यर्थियों का चयन एवं नियुक्ति की है। हालांकि, प्राथमिक विद्यालयों में बड़ी संख्या में पद खाली होने के बावजूद नई भर्ती पर सरकार विचार नहीं कर रही है। विधायक ने यह भी पूछा कि क्या शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए नए पद सृजित कर भर्ती परीक्षा कराने पर विचार किया जा रहा है। इस पर सरकार की ओर से स्पष्ट जवाब दिया गया- जी नहीं।मंत्री ने कहा कि प्रदेश में पर्याप्त संख्या में शिक्षक और शिक्षामित्र कार्यरत हैं तथा एक भी परिषदीय विद्यालय बंद नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को सरकार पांच-पांच लाख रुपये की कैशलेस चिकित्सा सुविधा दे रही है। इनके मानदेय में वृद्धि पर भी विचार किया जा रहा है, जिसकी जानकारी शीघ्र सदन को दी जाएगी।

### बगैर कागज पढ़े बोलेंगे तो दिक्कत हो जाएगी : राजभर

■ पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने प्रश्नकाल में कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष का सीधे जनता के द्वारा चुनाव कराने के लिए दो बार केंद्र को पत्र लिख चुके हैं। सपा सदस्य अतुल प्रधान के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि इसमें जो संशोधन होना है उसे केंद्र सरकार को ही करना है। विपक्ष ने डबल इंजन सरकार का हवाला दिया तो मंत्री बोले...तभी तो भइया दो बार पत्र लिख चुके हैं और मिल भी आए हैं। सिंगल इंजन की सरकार होती तो यह भी न हो पाता। एक प्रश्न के जवाब में मंत्री लिखित उत्तर पढ़ने लगे तो विपक्ष ने इस पर तंज कसा। राजभर बोले बगैर कागज पढ़े यदि हम बोलेंगे तो आपको दिक्कत हो जाएगी।

### कॉल न उठाने पर बने 'अलर्ट नंबर' की व्यवस्था

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा की कार्यवाही के दौरान समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए एक नई व्यवस्था लागू करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कई बार जनप्रतिनिधि या आम नागरिक किसी अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश करते हैं, लेकिन कॉल रिसीव नहीं होती। ऐसी स्थिति में एक अधिकृत "अलर्ट नंबर" की व्यवस्था बनाई जानी चाहिए, जिससे तत्काल ध्यान दिया जा सके। वे विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश पर सुझाव प्रस्तुत कर रहे थे। मंत्री ने प्रस्ताव रखा कि प्रदेश स्तर पर एक केंद्रीय अलर्ट नंबर हो और हर जिले में अलग कंट्रोल नंबर निर्धारित किया जाए। यदि कोई अधिकारी कॉल रिसीव नहीं करता, तो शिकायतकर्ता उस अधिकृत नंबर पर सूचना दे सके। इसके बाद संबंधित अधिकारी को कॉल या संदेश जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि उनसे तुरंत संपर्क अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि यह नंबर ऐसा हो, जिसे सभी अधिकारी पहचानें और कॉल आते ही उसकी गंभीरता समझें। असीम अरुण ने यह भी कहा कि कई बार अधिकारी अवकाश, शोक या आपात स्थिति के कारण कॉल नहीं उठा पाते। ऐसे मामलों में फीडबैक सिस्टम होना चाहिए, जिससे अनुपस्थिति का कारण स्पष्ट हो और अनावश्यक गलतफहमी न बने। उन्होंने सुझाव दिया कि पूरी प्रक्रिया में डिजिटल रिकॉर्ड, रिस्पॉन्स टाइम की निगरानी और लंबित मामलों की उच्च स्तर पर समीक्षा हो। इससे प्रशासनिक पारदर्शिता बढ़ेगी और जनता की समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।

# जन्म-मृत्यु और निवास प्रमाण पत्र न बनने के मुद्दे पर सपा का बहिर्गमन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सोमवार को जन्म-मृत्यु और मूल निवास प्रमाण पत्र जारी न होने के मुद्दे पर सदन में तीखी नोकझोंक देखने को मिली। सपा सदस्यों ने आरोप लगाया कि एसआईआर के दौरान विपक्ष समर्थकों को मतदाता बनने से रोकने के उद्देश्य से जानबूझकर प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। सरकार ने इन आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि प्रदेश में हर जगह प्रमाण पत्र बन रहे हैं और यदि कहीं किसी स्तर पर समस्या है तो जांच कराकर समाधान होगा। जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

● **विपक्ष का आरोप: प्रमाण पत्र रोककर एसआईआर प्रभावित कर रही सरकार**

● **सरकार का जवाब: आरोप निराधार, जहां दिक्कत होगी वहां कराई जाएगी जांच**

सपा की ओर से यह मुद्दा सदन में मनोज कुमार पारस और कमाल अख्तर ने उठाया। मनोज कुमार पारस ने कहा कि वर्तमान समय में जन्म-मृत्यु और मूल निवास प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़ी संख्या में आवेदन उपजिलाधिकारी कार्यालयों में लंबित पड़े हैं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

पारस ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण में मूल निवास प्रमाण पत्र की अनिवार्यता है, जबकि प्रशासन उसे जारी नहीं कर रहा है, जिससे बड़ी संख्या में लोग मतदाता बनने से वंचित हो सकते हैं।कमाल अख्तर ने भी सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि नगरीय निकाय क्षेत्रों में पहले जिस प्रक्रिया के तहत प्रमाण पत्र बनाए जाते थे, उसे समाप्त कर दिया गया है।

उन्होंने नगर विकास मंत्री से मांग की कि पुरानी व्यवस्था को बहाल किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने आरोपों को और गंभीर बताते हुए कहा कि एक एसडीएम ने स्वयं उन्हें बताया है कि ऊपर से प्रमाण पत्र न बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आज से 14 अप्रैल तक धारा 163 लागू

**कानपुर देहात।** अलग-अलग पर्वों और बोर्ड परीक्षाओं को लेकर जिले में धारा 163 लागू कर दी गई है। 18 फरवरी से 14 अप्रैल तक यह प्रभावी रहेगी। एडीएम अमित कुमार ने बताया कि परीक्षाओं, होलिका दहन, ईद-उल-फितर, रामनवमी, महावीर जयंती, गुड फ्राइडे और डा. भीमराव अंबेडकर जयंती के दृष्टिगत जनपद में शांति व्यवस्था रखने के लिए धारा-163 लागू की गई है।

### चश्मे पाकर खुश हुए जरूरतमंद लोग

**रसूलाबाद।** दो माह पूर्व नेत्र शिविर में जांच के बाद मंगलवार को आजाद नगर में नि:शुल्क चश्मा वितरित किए गए। नगर पंचायत अध्यक्ष देवशरण कमल ने दो दर्जन से अधिक लोगों को चश्मे बांटे। नए चश्मे मिलने पर लोगों के चेहरों पर मुस्कान नजर आई। यहां पंकज बाजपेई, अन्नूसिंह, शरद गुप्ता, अमित कुमार, आयूष गुप्ता, गुलाम मुस्तफा, शैलेंद्र राठौर, शाहरुख मंसूरी, नफीस मंसूरी, अकरम वारसी, फैज मोहम्मद,, शरीफ राईन, अब्दुल सत्तार,,कुतुब मंसूरी, यूसुफ आदि लोग रहे।

### ईको पार्क में 20 को बांटा जाएगा ऋण

**कानपुर देहात।** अग्रणी जिला प्रबंधक राकेश कुमार ने बताया कि 20 फरवरी को ईको पार्क में ऋण वितरण शिविर का शुभारम्भ जिलाधिकारी कपिल सिंह करेंगे। शिविर में कृषि एवं एमएसएमई क्षेत्र से संबंधित योजनाओं का ऋण बांटा जाएगा। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना, पीएमएफएमई योजना, पीएमईजीपी योजना के लाभार्थियों को ऋण मिलेगा।

### पुलिस में दर्ज कराई मारपीट की रिपोर्ट

**रसूलाबाद।** थाना क्षेत्र के बंशी निवादा निवासी कुलदीप कुमार ने पुलिस को बताया कि मकरंदपुर निवासी झन्नू, राजबहादुर व लक्ष्मण उसे व उसके पिता रामशंकर को अकारण अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर मारा पीटा और शिकायत किए जाने की बात कहने पर जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने बताया के मामले की रिपोर्ट संबंधित धाराओं में दर्ज कर ली गई है।

### युवती ने तीन लोगों पर लिखाया केस

**रसूलाबाद।** पाल नगर की युवती ने तीन ज्ञात एवं एक अज्ञात के विरुद्ध बाबा को खाना देने जाते समय रास्ते में पकड़ कर घसीटने, पिता के उलाहना देने पर धमकी देकर भगाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती ने बताया कि वह किसी प्रकार उनके चंगुल से छूटकर घर पहुंची और अपने पिता को सारी बात बताई। उसके पिता आरोपी के घर उलाहना देने जाने पर गालियां देकर वहां से भाग जाने की हिदायत दी।

### आज विकास भवन में होगा किसान दिवस

**कानपुर देहात।** बुधवार को विकास भवन सभागार में किसान दिवस दिवस का आयोजन किया जाएगा। इसमें कृषि एवं कृषि समावेशी विभागों यथा उद्यान विभाग, पशु पालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग, सहकारिता विभाग, मण्डी समिति, लघु सिंचाई विभाग, सिंचाई विभाग आदि विभागों के अधिकारी रहेंगे। अधिकारी किसानों की समस्याएं सुनेंगे। उनका निस्तारण कराएंगे। साथ ही कृषकों को विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों एवं नवीनतम व उन्नत कृषि तकनीकी के संबन्ध में जानकारी प्रदान की जाएगी।

### व्यापारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं करेंगे

**रसूलाबाद।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग ने व्यापारी नेता श्याम मोहन दुबे को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल छोड़कर मंगलवार को एक होटल में जनपद के व्यापारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तहत कमेटियों का सर्व सम्मति से गठन किया। आए हुए व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वह व्यापारियों के हितों के लिए निरंतर लड़ते रहेंगे। व्यापारियों का शोषण नहीं होने देंगे और सदैव कंधे से कन्धा मिलकर उनकी आपदाओं में उनके साथ खड़े रहेंगे। इस अवसर पर उन्होंने रसूलाबाद , कहिंजरी,असालतगंज, तिश्ती शिवली, झींझक, सिकंदरा, शाहजहांपुर कानपुर देहात, बनीपारा, मंगलपुर ,बिल्हा , गलुआ पुर आदि नगर एवं कस्बों की कमेटियों का सर्व सम्मति से गठन किया।

# ट्रक की टक्कर से बचे कानपुर के कार सवार

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** कानपुर-सिकंदरा हाईवे पर मंगलवार को बड़ा हादसा टल गया। फिरोजाबाद से कानपुर लौट रहे कार सवारों को तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार सवार सलामत बच गए।

कानपुर नगर के कल्याणपुर निवासी आयुष वर्मा अपनी मां माया देवी, चचेरी बहन शैलीवी, गुड़िया और वर्षा के साथ फिरोजाबाद चचेरे भाई की सगाई में गए थे। मंगलवार को कार से कानपुर लौट रहे थे। उनकी कार किशरवल रोड तिराहे के पास रनियां पहुंची, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे कार डिवाइडर से टकराते हुए बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।



ट्रक की टक्कर से क्षतिग्रस्त हुई कार।

टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कार सवारों को गंभीर चोट नहीं आई और सभी सुरक्षित रहे। हादसे के बाद कानपुर जाने वाली लेन में कुछ देर के लिए वाहनों की रफ्तार थम गई और जाम जैसे हालात बन गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को हाईवे से किनारे हटवाकर यातायात सुचारू कराया। इंस्पेक्टर शिवनारायण सिंह ने बताया कि कार सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। टक्कर मारने वाला ट्रक चालक फरार हो गया है, तलाश की जा रही है।

## महिला की आग से जलकर थमी सांस

**कानपुर देहात।** बरौर थाना क्षेत्र के ततारपुर में महिला की संदिग्ध हालात में जलकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है।

ततारपुर के राजेश दीक्षित की 45 वर्षीय पत्नी प्रेमलता मंगलवार सुबह करीब 10 बजे घर में आग से गंभीर रूप से झुलस गईं। इलाज मिलने के पहले उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। परिजनों तथा ग्रामीणों से घटना के बाबत जानकारी जुटाई। घटना की संदिग्धता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। तत्पश्चात एस आई समर सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने बताया कि घटना का कारण अभी संदिग्ध है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार प्रेमलता की दूसरी शादी हुई थी।

# गुम नहीं, पुलिस से बच रहा था रेप का आरोपी

**बढ़ाई दाढ़ी**

- करीब 11 वर्ष पुरानी घटना में कोर्ट ने जारी किया था वारंट
- 2024 में परिजनों ने आरोपी की गुमशुदगी लिखाई थी
- रूरा पुलिस ने अकबरपुर रोड से दुष्कर्मी को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** दुष्कर्म का मामला पंजीकृत होने के बाद फरार हुए आरोपी के अचानक गुम हो जाने की कहानी झूठी निकली। आरोपी दो वर्ष से फरार था। घर वालों ने थाने में इस अर्जी के साथ उसकी गुमसुदगी दर्ज कराई थी कि वह अचानक कहीं गुम हो गया है। उसके साथ अनहोनी की भी आशंका जताई गई। इधर, दुष्कर्म के मामले में वारंट जारी होने के बाद तलाश में लगी पुलिस ने मंगलवार को उसे धर दबोचा। आरोपी को अब अदालत में पेश किया जाएगा।

रूरा थाना क्षेत्र में करीब 11 वर्ष पूर्व अबोध के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। इसके संबन्ध में थाने में केस नंबर 287/2015 में राजेश पुत्र दशरथ निवासी शेरगंज कस्बा व थाना रूरा के खिलाफ धारा 363, 366, 376 आईपीसी व 4 पॉक्सो एक्ट में मुकदमा कायम हुआ। जांच के बाद पुलिस ने आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल कर दिया। दूसरी तरफ, आरोपी राजेश लगातार गैर हाजिर बना रहा। इस पर करीब दो साल पहले अपर जिला जज कोर्ट नंबर 14 लैंगिक अपराध एक्ट कानपुर देहात ने उसके खिलाफ वारंट जारी कर दिया।



रूरा पुलिस के हाथ लगा राजेश।

वारंट के आधार पर पुलिस ने तलाश तेज की तो राजेश के घर वालों की ओर उसके अचानक गुम हो जाने की जानकारी दी गई। परिजनों साल 2024 में गुमशुदगी भी दर्ज करा दी। इधर, पुलिस ने अपने मुखबिर सक्रिय किए तो पता लगा कि राजेश फरारी काट रहा था। कहीं गुम नहीं हुआ। सटीक जानकारी मिलने के बाद मंगलवार को रूरा के मोहल्ला गणेशगंज के सामने अकबरपुर रोड पर पुलिस ने राजेश को धर दबोचा। पुलिस ने बताया कि उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया है। कोर्ट में उसे पेश किया जाएगा।

### 17 साल पुराने मामले में छह माह की सजा

**कानपुर देहात।** करीब 17 वर्ष पहले अवैध चरस के साथ भोगनीपुर कोतवाली पुलिस द्वारा पकड़े गए युवक को कोर्ट ने दोषी करार देते हुए छह माह के कठोर कारावास की सजा हुई है। पांच सौ रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। 24 मार्च 2009 को घाटमपुर क्षेत्र के भगवंतपुर निवासी ज्ञानेंद्र पुत्र रघुराज सचान के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। वास्तविक तथ्यों के आधार पर साक्ष्य संकलन कर विवेचना निस्तारित कर मुकदमें में 27 मई 2009 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया गया। साक्ष्यों व गवाहों के बयानों के आधार पर आरोप ज्ञानेंद्र को दोषी ठहराया गया। सजा के साथ आरोपित अर्थदंड यदि जमा नहीं किया जाता है तो आरोपी ज्ञानेंद्र को दो दिन की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# ऑनलाइन गेमिंग में भाई ने 70 हजार गंवाए, बहन ने दी जान

## रसूलाबाद थाना क्षेत्र के बरईझाल की घटना, कहिंजरी के निजी स्कूल में शिक्षिका थी

- दोगुने रुपये देने का झांसा देकर भाई ने लिए थे 70 हजार रुपये
- भाई को रुपये देने के लिए गिरवी रखी थी चांदी की कमरपेटी

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** भाई ने 70 हजार रुपये उधार लेकर ऑनलाइन गेमिंग में गंवाए तो शादीशुदा बहन ने फंदा लगाकर जान दे दी। घटना थाना क्षेत्र के बरईझाल में हुई। प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका बहन ने चांदी की कमरपेटी गिरवी रख रुपये दिए थे। मंगलवार को स्कूल से लौटने के बाद पंखे के कुंडे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। सुसाइड नोट में उसने अपने भाई के ऑनलाइन गेमिंग में पैसा हार जाने का जिक्र किया है। रुपये डूबने से वह टूट गई थी। उसे पति के गुस्से का भी भय था।



वंदना।



मामा की सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक जांच-पड़ताल की। अमृत विचार

बरईझाल निवासी संदीप कुमार ने बताया कि वह कहिंजरी के एक प्राइवेट स्कूल में अपनी निजी कार किराए पर लगाए है। कुछ समय पहले पत्नी वंदना (21) को भी उसी स्कूल में उसने शिक्षिका के रूप में तैनात करा दिया था। वंदना का मायका बिलहा गांव में है। बताया गया कि लगभग दो माह पूर्व वंदना का भाई गौरव का ऑनलाइन गेमिंग में काफी रुपये हार गया था। इसके बाद उसने वंदना से 70 हजार रुपये यह कहकर मांगे कि इस गेमिंग में बहुत जल्दी पैसे दोगुने होते हैं। वह शीघ्र ही पैसा लौटा देगा।

गौरव के झांसे में आकर वंदना ने अपनी चांदी की कमरपेटी गिरवी रखकर उसको 70 हजार रुपये दे दिए। दो महीने बाद गौरव ने वंदना को बताया कि अब पैसा नहीं मिल गया पाएगा। यह बात सुनने के बाद वंदना टूट सी गई। उसने अपने पति संदीप से छिपाकर भाई गौरव को रुपये दिए थे। संदीप को इसकी भनक न लगे, इसे लेकर वह भयभीत रहा करती थी। बताते हैं कि मंगलवार को वह बच्चों को स्कूल में पढ़ाकर घर आई तो निराश सी थी। दोपहर बाद घर की ऊपरी मंजिल पर गई और वहीं लगे पंखे के कुंडे में दुपट्टे से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। इसका पता चलते ही कोहराम मच गया।

### अंतिम संस्कार से पहले पहुंची पुलिस

- वंदना के आत्महत्या करने के बाद उसके पति संदीप ने अपनी ससुराल में सास सुनीता और साले गौरव को जानकारी दी। वे दोनों लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने किसी भी तरह की कार्रवाई से इंकार कर दिया, मगर इसी दौरान वंदना के मामा सुनील कुमार ने जाकर इसकी सूचना यूपी 112 डायल पर पुलिस को दे दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने अंतिम संस्कार के लिए ले जा रहे शव की गाड़ी को वहीं रुकवा लिया और शव को कब्जे में ले लिया।

### शव की तलाशी में मिला सुसाइड नोट

- पुलिस को शव की तलाशी में एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें वंदना ने गौरव द्वारा पैसा लिए जाने और फिर वापस नहीं मिलने का जिक्र किया है। सीओ आलोक चौधरी ने बताया कि बिलहा निवासी वंदना के मामा सुनील कुमार की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद कार्रवाई होगी।

# झूलते तारों की चपेट में आया युवक, गई जान

**विभाग पर गुस्सा**

- मंगलपुर थाना क्षेत्र के कसोलर गांव में हुआ दर्दनाक हादसा
- ग्रामीणों का आरोप, शिकायत के बाद भी नहीं कसे गए तार

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचारः** मंगलपुर थाना क्षेत्र के गांव कसोलर में बिजली के झूलते तारों की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। इलाकाई लोगों ने ढीले और झूलते तारों के लिए बिजली विभाग के कर्मचारियों को दोषी ठहराया है।

कसोलर निवासी अंकित (22) मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे अपने खेत पर फसल देखने गए थे। खेत के पास से 11 हजार वोल्टेज की हाईटेंशन लाइन गुजर रही है, जिसके तार काफी समय से नीचे की ओर झूल रहे थे। ग्रामीणों के मुताबिक, खेत से गुजरते समय अंकित अचानक झूलते तारों की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए औरैया अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। युवक की असमय मौत से मां शरवती बदहवास हो गईं, जबकि पिता अमर सिंह और भाई राकेश, मुकेश व उमेश का रो-रोकर बुरा हाल है।


ग्रामीणों ने बताया कि झूलते तारों को सही कराने के लिए कई बार विद्युत विभाग से शिकायत की गई थी, लेकिन आज तक कोई कदम नहीं उठाया गया। लोगों ने इस घटना के लिए बिजली विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं, इस मामले में विद्युत विभाग के जेई से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन कभी स्विच ऑफ तो कभी नेटवर्क क्षेत्र से बाहर बताता रहा। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

# संदिग्ध हालात में खेत के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचारः** मंगलपुर थाना क्षेत्र के लाड़पुर छिवना गांव में मंगलवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब गांव के बाहर खेतों में खड़े एक पेड़ पर नवयुवक का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। ग्रामीणों ने घटना की सूचना तत्काल डॉयल 112 पुलिस को दी। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

क्षेत्र के लाड़पुर छिवना गांव निवासी राम अवतार के 25 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार का शव रस्सी के सहारे पेड़ से झूलता देखा गया। खेतों की ओर गए ग्रामीणों की नजर जब शव पर पड़ी तो गांव में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही डॉयल 112 पुलिस और मंगलपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



घटनास्थल पर फोटोग्राफ के साथ साक्ष्य जुटाती पुलिस। अमृत विचार

थाना पुलिस का कहना है कि मामले में गांव वालों और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस का कहना है कि परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## शराब ठेकों का किया निरीक्षण

**रनियां।** रनियां क्षेत्र में संचालित पान मसाले की दुकानों, होटलों, ढाबों में अवैध रूप से बिक रही शराब पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन लगातार निरीक्षण कर रहा है। पिछले कुछ दिनों में पुलिस ने यहां कार व बाइक पर बिक्री के लिए जा रही अवैध शराब बरामद की है। मंगलवार को एक बार फिर तहसीलदार अकबरपुर, आबकारी निरीक्षक व इंस्पेक्टर रनियां ने क्षेत्र में व्यापक रूप से सघन अभियान चलाया।

आगामी होली पर्व पर नकली शराब एवं मिश्रित शराब बिक्री पर रोक लगाने के लिए तहसीलदार अकबरपुर पवन कुमार, आबकारी निरीक्षक विवेक दुबे, इंस्पेक्टर रनियां शिवनारायण सिंह ने पुलिस बल के साथ चिरौरा रोड पर स्थित शराब की दुकान, रनियां स्थित माडल शाप सहित विभिन्न दुकानों का निरीक्षण किया।

# शिविर में लगेंगे विभागों के पंडाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** 22 फरवरी को वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के आयोजन को लेकर मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल की अध्यक्षता में जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक हुई। इसमें शिविर के व्यापक प्रचार-प्रसार और इसकी विस्तृत कार्ययोजना बनाए जाने पर विस्तार से विचार विमर्श हुआ।

सीडीओ ने निर्देशित किया कि शिविर को भव्य, सुव्यवस्थित एवं परिणामोन्मुख बनाया जाए ताकि अधिक से अधिक आमजन इससे लाभान्वित हो सकें। उन्होंने सभी विभागों को अनिवार्य रूप से अपने-अपने विभागीय स्टॉल स्थापित करने के निर्देश दिए। इन स्टॉलों के माध्यम से आमजन को विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रत्येक संबंधित विभाग द्वारा लाभार्थियों को शिविर के दौरान योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिविर स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत, बैठक व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं। साथ ही, जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित पंपलेट, ब्रोशर एवं अन्य प्रचार सामग्री समय से छपवाकर उपलब्ध कराई जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जा सके। सीडीओ ने कहा कि विधिक साक्षरता शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को उनके विधिक अधिकारों, सरकारी योजनाओं एवं उपलब्ध सेवाओं की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूर्ण जिम्मेदारी, पारदर्शिता एवं आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि यह शिविर जनहित में सफल एवं प्रभावी सिद्ध हो सके। इस मौके पर डीसी नरेगा अशोक कुमार, उपायुक्त डीसी एनआरएलएम गंगाराम वर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



विकास भवन में सीडीओ ने अफसरों के साथ तैयारी बैठक की। अमृत विचार

**शर्तों पर चर्चा** — जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देश, पारदर्शी व्यवस्था के तहत किया जाए चयन

# जेम पोर्टल से स्टेडियम में नियुक्त होंगे ट्रेनर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण मिनी स्टेडियम हेतु खेल प्रशिक्षक चयन के संबंध में बैठक हुई। इसमें युवा कल्याण विभाग द्वारा निर्मित ग्रामीण मिनी स्टेडियम में आउटसोर्सिंग के माध्यम से खेल प्रशिक्षक नियुक्त किए जाने और जेम पोर्टल के माध्यम से सेवाप्रदाता फर्म के चयन के बारे में विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विकासखंड सरवनखेड़ा के ग्राम मंगोलपुर स्थित ग्रामीण मिनी स्टेडियम में योग्य खेल प्रशिक्षकों की नियुक्ति हेतु सेवा प्रदाता फर्म के चयन की प्रक्रिया, नियम एवं शर्तों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि संपूर्ण चयन प्रक्रिया पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं शासनादेश के अनुरूप संपन्न की जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को बेहतर खेल प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जेम पोर्टल के माध्यम से सेवा प्रदाता फर्म का चयन संबंधित शासनादेश एवं निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि समस्त प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाए तथा किसी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही न हो।




कलेक्ट्रेट में बैठक के दौरान डीएम ने जरूरी दिशा-निर्देश दिए। अमृत विचार

डीएम ने कहा कि ग्रामीण मिनी स्टेडियमों का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को उचित मंच प्रदान करना एवं खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना है। योग्य प्रशिक्षकों की नियुक्ति से स्थानीय युवाओं को नियमित प्रशिक्षण मिलेगा तथा वे विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल, जिला क्रीड़ा अधिकारी, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी एवं व्यायाम प्रशिक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र में खेल गतिविधियों को नई गति मिल सके।

## अहंकार छोड़ें, छोटों से शिक्षा ग्रहण करें

**रसूलाबाद।** ज्ञान अपने छोटे जीव, जड़, चेतन या प्रकृति के किसी भी पदार्थ से भी यदि प्राप्त हो रहा हो तो उसे अपने अहंकार को छोड़कर ग्रहण करना चाहिए। शिक्षा पाने के लिए छोटे को भी अपना गुरु बना लेना बुरा नहीं है। भगवान दत्तात्रेय ने प्रकृति के अनेक पदार्थ हाथी, हिरण यहां तक की वेश्या को भी अपना गुरु बनाया और उनसे जो शिक्षा प्राप्त हुई, उसे स्पष्ट किया।

यह बात श्रीमद् भागवत कथा में दत्तात्रेय प्रसंग के दौरान कथा वाचक अजय पांडेय ने बताई। उन्होंने बताया कि दत्तात्रेय ने पृथ्वी जल अग्नि जैसे जल तत्वों के साथ-साथ हाथी, हिरण ,लखारी, नन्हे बालक, वेश्या आदि से ज्ञान ग्रहण कर उन्हें अपना गुरु माना। भगवान दत्तात्रेय ने बताया कि वेश्या से उन्होंने यह शिक्षा ली कि किसी में आसक्ति नहीं रखनी चाहिए।

# 50 हेक्टेयर में होगी भिंडी तरोई और करेला की खेती

- बैठक में राज्य औद्यानिक विकास योजना के लक्ष्यों पर मंथन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** मंगलवार को राज्य सेक्टर के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना और एकीकृत बागवानी विकास मिशन से संबंधित प्रस्तावों पर जिला स्तरीय समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। इसमें औद्यानिक खेती को प्रोत्साहन, किसानों की आय वृद्धि तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता डीएम कपिल सिंह ने की। सीडीओ विधान जायसवाल भी इसमें शामिल हुए। जिला उद्यान अधिकारी डॉ बल्देव प्रसाद ने मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना के लिए निर्धारित भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत नवीन उद्यान रोपण (नींबू, अमरूद, आम) तीन हेक्टेयर, मसाला क्षेत्र विस्तार आठ हेक्टेयर, संकर सब्जी खेती (भिंडी, तरोई, लौकी, करेला) 50 हेक्टेयर, एचडीपी वर्मीबेड आठ इकाई, घेराबंदी 1800 वर्गमीटर, प्लास्टिक मल्चिंग आठ इकाई, लो-कास्ट मशरूम उत्पादन इकाई एक, औषधीय फसलें (सतावर, सफेद मूसली) पांच हेक्टेयर तथा मौनपालन कार्यक्रम के अंतर्गत 404 इकाइयों के लिए कुल 28.60 लाख रुपए की कार्ययोजना प्रस्तावित है। इस पर जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### शादी के दौरान गेस्टहाउस से चोरी

**बिठूर।** थाना क्षेत्र में बेटी की शादी के दौरान के डी रिसोर्ट के कमरे से कीमती सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित सतीश कुमार गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने 10 फरवरी 2026 को अपनी पुत्री अदिति की शादी के लिए केडी. रिजॉर्ट गेट नंबर 1, मंधना बुक किया था। विवाह समारोह के बाद जब परिवार कमरे में पहुंचा तो सामान बिखरा पड़ा था और खिड़की खुली हुई थी, जिससे चोरी का संदेह हुआ। जांच करने पर लैपटॉप, सोने की अंगूठी, करीब 20 हजार रुपये नकद, मोबाइल ईयरबड्स और स्मार्ट वॉच गायब मिले। रिसोर्ट के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर रात करीब 2,00 बजे एक अज्ञात व्यक्ति चोरी करता दिखाई दिया। रिसोर्ट प्रबंधन से संतोषजनक जवाब न मिलने पर सुबह 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने फुटेज देखने के बाद पीड़ित से लिखित शिकायत ली। पुलिस ने चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी ने लगाई फांसी

**घाटमपुर।** सजेती में किशोरी ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस जांच में सामने आया कि परिजनों ने किसी बात को लेकर किशोरी को डांट दिया था, जिससे क्षुब्ध होकर किशोरी ने अपनी जान दे दी। सजेती थाना क्षेत्र के गुजेला गांव निवासी हुकुम सिंह की 16 वर्षीय बेटी राशिका ने मंगलवार शाम घरवालों की डांट से नाराज होकर घर के अंदर बने कमरे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने दरवाजा खोलकर देखा तो राशिका फांसी के फंदे पर लटकती हुई मिली। आनन-फानन में उसे नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोरी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सजेती थाना प्रभारी अनुज भारती ने बताया कि किशोरी को परिजनों ने किसी बात को लेकर डांट दिया था, जिससे किशोरी ने फांसी लगा जान दे दी।

### अज्ञात महिला का शव मिला

**घाटमपुर।** घाटमपुर कस्बे में आज उस समय हड़कंप मच गया जब एक लगभग 50 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिला। शव मिलने की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# डीएम ने धान क्रय केंद्र पर मारा छापा

## लापरवाही बरतने पर विपणन निरीक्षक के निलंबन की संस्तुति की, एसडीएम की अध्यक्षता में जांच समिति गठित

संवाददाता, बिल्हौर



धान क्रय केंद्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार अपराह्न नवीन मंडी स्थल, उत्तरीपुरा में संचालित चार धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों की शिकायतें सही पाए जाने और कार्य में घोर लापरवाही मिलने पर डीएम ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने उत्तरीपुरा मंडी तृतीय के विपणन निरीक्षक के निलंबन की संस्तुति करते हुए जिला खाद्य विपणन अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण के दौरान मदाराराय गुमानपुर निवासी श्याम बाबू, सुजावलपुर के सरोज नारायण त्रिपाठी और ग्राम एड़मा के रामपाल ने जिलाधिकारी को बताया कि वे कई दिनों से धान बेचने के लिए चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनका धान क्रय नहीं किया जा रहा है। किसान श्याम बाबू ने व्यथा सुनाते हुए कहा कि वह दिसंबर माह से ही प्रयास कर रहे हैं, फिर भी केंद्र प्रभारी टालमटोल कर परेशान कर रहे हैं। डीएम ने जब इस मामले में केंद्र प्रभारी नीरज मिश्रा और अमित द्विवेदी से पूछताछ की, तो वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। जांच में सामने आया कि यूपीएसएस केंद्र पर 12 फरवरी के बाद से कोई खरीद नहीं हुई, जबकि किसान वहां मौजूद थे। साथ ही जांच में पता चला कि 14 नवंबर के बाद से किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने केंद्र का स्थलीय निरीक्षण नहीं किया था। उन्होंने देखा कि खरीदा गया धान असुरक्षित तरीके से खुले में पड़ा हुआ है। उन्होंने उसे तत्काल सुरक्षित तरीके से रखने के निर्देश दिए ताकि बारिश में नुकसान न हो। बता दें की उत्तरीपूरा केंद्र पर कई केंद्र संचालित है, जिनमें सबसे ज्यादा शिकायत केवल इसी क्षेत्र की हैं कई किसानों ने जिला अधिकारी से कई सेंटर के एसएमआई की शिकायत भी खुलेआम की है जिन्होंने खरीद के समय अपनी दबंगई चलते हुए किसानों से भी वसूली की है।

वहीं मंडी परिसर में गंदगी देखकर भी जिलाधिकारी का पारा चढ़ गया उन्होंने प्रभारी मंडी सचिव अनिल पांडेय को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही पूरे मामले की जांच के लिए एसडीएम बिल्हौर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है, जिसमें एआरओ सप्लाई और मंडी सचिव सदस्य होंगे।

**डीएम का कड़ा संदेश :** क्रय केंद्र पर आने वाले हर किसान का धान नियमानुसार खरीदा जाए। छोटे किसानों को प्राथमिकता दें। यदि किसी भी स्तर पर किसानों को अनावश्यक परेशान करने की शिकायत मिली, तो संबंधित के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### पीएचसी में अव्यवस्था पर डॉक्टर समेत चार का कटा वेतन

**बिल्हौर।** सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखने के लिए जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) उत्तरीपुरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर भारी अव्यवस्था और स्वास्थ्यकर्मियों की मनमानी उजागर हुई। निरीक्षण के समय पीएचसी के कुल 7 कर्मचारियों के स्टाफ में से केवल 3 ही उपस्थित मिले। स्वास्थ्य सेवाओं में इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए जिलाधिकारी ने अनुपस्थित पाए गए डॉ. प्रीति सचान (मेडिकल ऑफिसर), रामानुज (वार्ड बॉय), ज्योति (स्टाफ नर्स) इसके अतिरिक्त, चीफ फार्मासिस्ट अशोक श्रीवास्तव का एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया। जांच के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि स्वास्थ्य केंद्र का ओपीडी रजिस्टर शासन के निर्धारित मानकों के विपरीत है। मौके पर तैनात आयुष चिकित्सक डॉ. सरिता कटियार मानक रजिस्टर के बजाय किसी अन्य रजिस्टर का उपयोग कर रही थीं, जिसमें मोबाइल नंबर का कोई कॉलम नहीं था। डीएम ने इस लापरवाही पर डॉ. कटियार से स्पष्टीकरण तलब किया है। वहीं निरीक्षण के दौरान केंद्र पर बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली बंद पाई गई, जिससे कर्मचारियों के आने-जाने का कोई पुख्ता रिकॉर्ड नहीं था। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र के कक्षों और परिसर में गंदगी का अंबार देख जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की चेतावनी दी।



शर्करा संस्थान में मौजूद बच्चे व शिक्षक। अमृत विचार

# बच्चों को दी शर्करा उद्योग की महत्वपूर्ण जानकारियां

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को शर्करा उद्योग की तकनीकी जानकारी मुहैया कराने के उद्देश्य से मंगलवार को राष्ट्रीय शर्करा संस्थान कानपुर का एक्सपोजर विजिट कराया गया।इस दौरान बच्चों को गन्ने से चीनी बनाने की आधुनिक तकनीक और उनसे जुड़े उत्पादों की महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान ( एन एस आई) कानपुर के एक्सपोजर विजिट में बच्चों को संस्थान की डॉ चित्रा यादव,शिवम पांडे व दया शंकर मिश्रा ने गन्ने व बीट रूट की विभिन्न किस्मों से शर्करा,एथेनॉल व अन्य उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया समझाई। एक्सपेरिमेंट शुगर फैक्ट्री, शुगर टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट,नैनो ब्रेवरी, नैनो डिस्टलरी आदि का भ्रमण कराने के अतिरिक्त चीनी निर्माण प्रक्रिया की आधुनिक तकनीक व पैकेजिंग, चीनी मिलों में वायु व जल प्रदूषण से बचाव के उपाय आदि के बाबत जानकारियां दी गईं।

खंड शिक्षा अधिकारी कुँवर आनंद पटेल ने बताया कि विजिट का उद्देश्य बच्चों को स्थानीय शिक्षा के साथ उन्हें कृषि विकास से जोड़ने का प्रयास था।इस मौके पर कुंवर प्रशांत, एआरपी स्वर्णिमा शर्मा, मीनाक्षी इसरानी, विशाल तिवारी, बृजेंद्र कटियार,अनुग्रह त्रिपाठी, देवेश मिश्रा,दीपक चौहान व अब्दुल मजीद सिद्दीकी आदि के साथ बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

# हरकत में आया विभाग, लगाया चेतावनी बोर्ड

अमृत विचार IMPACT

संवाददाता, बिल्हौर




प्रशासन ने लगवाया चेतावनी बोर्ड। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ककवन-बिल्हौर मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण के दौरान बरती जा रही लापरवाही को लेकर 'अमृत विचार' अखबार ने 17 फरवरी 2026 को प्रमुखता से खबर को प्रकाशित किया। इसी खबर का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग और ठेकेदार ने कुंभकर्णी नींद से जागते हुए अब निर्माण स्थल पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए कदम उठाते हुए चेतावनी बोर्ड लगा दिये हैं।

सड़क चौड़ीकरण के दौरान जिस खतरनाक मोड़ और नहर पुल के पास 30 फीट गहरी खाई बिना किसी संकेत के छोड़ी गई थी। वहां पर खबर प्रकाशित होने के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए पीले रंग का बड़ा सा चेतावनी बोर्ड लगा दिया गया है। वहीं स्थानीय निवासियों और ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा है कि पहले यहाँ रात के समय सफर करना किसी 'डेथ ट्रैप' में फंसने जैसा था, क्योंकि बिना किसी लाइट या बोर्ड के गहरी खाई दिखाई नहीं देती थी। अब बोर्ड लगने से दुर्घटनाओं की आशंका कम होगी।


सड़क चौड़ीकरण में लापरवाही

दूर करेंगे समस्याएं

साइट का निरीक्षण करेंगे

अमृत विचार अखबार में छपी खबर।

# प्रशासन ने 148 हेक्टेयर भूमि कराई कब्जा मुक्त

संवाददाता, बिल्हौर

- ग्रामीणों ने सरकारी भूमि पर कर रखी है फसल
- प्रशासन ने फसल को किया कुर्क, होगी नीलाम

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासन ने कटरी जैसरमऊ क्षेत्र में सरकारी भूमि पर भू-माफियाओं और अवैध कब्जेदारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। निरीक्षण के दौरान वेटलैंड की सुरक्षित भूमि पर अवैध रूप से उगाई गई फसलों को कुर्क कर लिया गया है।

जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि 'रेता' के नाम दर्ज सरकारी अभिलेखों की भूमि पर स्थानीय ग्रामवासियों द्वारा अनाधिकृत रूप से फसल बोई गई थी। राजस्व टीम द्वारा मौके पर किए गए सत्यापन में पता चला कि गाटा संख्या 1, 3 और 4 जिसका कुल रकबाः 148.6 हेक्टेयर पर पूरी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर खेती की जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल उक्त भूमि को 'सरकारी संपत्ति' घोषित करते हुए सूचना बोर्ड लगा दिया । साथ ही अवैध रूप से बोई गई फसल को कुर्क कर लिया। कुर्क की गई फसल को सुरक्षा हेतु एसएचओ बिल्हौर की सुपुर्दगी (अभिरक्षा) में दे दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जल्द ही टीम गठित कर कुर्क की गई फसल की नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### बेटी के साथ मारपीट में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**शिवराजपुर।** माना ताला गांव मे एक महिला ने तीन लोगों पर अपनी बेटी के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। महिला सुमन ने बताया कि वह अपनी बेटी तान्या को झाड़फूंक कराने बलराम पाल के घर ले गई थी, जहां अमित पाल, देशराज पाल और बलराम पाल ने उसकी बेटी के साथ लात-घूंसों से मारपीट की और गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की।


**सूचना**

सूचित किया जाता है कि भूखंड स्थित आराजी सं. 98 मौजा कठादल नारायनपुर परगना हडहा उन्नाव रकबा 70.61 वर्ग गज का असल विलेख दि. 04.09.2018 लिखित श्री विश्राम सिंह बहक श्री अभिषेक गौतम क्र. सं. 11469 कहीं खो गया है जिसकी सूचना संबंधित थाने में लिखी है उक्त संपत्ति पर अगर किसी प्रकार का कोई आब्जेक्शन/क्लेम किसी को हो ता उचित दस्तावेजों के साथ 15 दिनों में संपर्क करें उसके बाद कोई आब्जेक्शन/क्लेम मान्य न होगा व इन दस्तावेजों का प्रयोग अवैध होगा। **भारत भटनागर एडवोकेट, 14 द्वितीय तल मुग्दल अधिवक्ता भवन सिविल कोर्ट कानपुर नगर। मो. 9839034426**

**अदालती सूचना**

**न्यायालय नायब तहसीलदार मैथा कानपुर देहात**
**वाद संख्या– 770/2024**
**अंतर्गत धारा 34 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006**
**ग्राम रैपालपुर,तहसील मैथा,कानपुर देहात**
**माधव प्रसाद आदि बनाम प्रमिला मिश्रा**

वास्ते पारस तिवारी पुत्र स्व प्रदीप तिवारी निवासी 115/288 मसवानपुर कानपुर नगर। आपको आदेशित किया जाता है। कि दिनांक 20–02–2026 को मेरी अदालत में उपस्थित होकर उपरोक्त वाद में अपना पक्ष प्रस्तुत करे।

**नायब तहसीलदार, मैथा,कानपुर देहात**


# दुकानदार से 27 हजार रुपये ऑनलाइन ठगे

**घाटमपुर।** घाटमपुर थाना क्षेत्र के बनहरी गांव निवासी दुकानदार मनोज कुमार दीक्षित के साथ आन लाइन ठगी हो गई । पीड़ित के अनुसार उन्होंने केनरा बैंक की घाटमपुर शाखा में एक पॉलिसी खुलवा रखी है, जिसकी वार्षिक किस्त 30 हजार रुपये है।

मंगलवार को उनके मोबाइल पर किसी अनुराग शर्मा नामक व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को बैंक से जुड़ा बताते हुए कहा कि उनकी पॉलिसी से 1.38 लाख रुपये एजेंट के खाते में ट्रांसफर होने वाले हैं और पूछा कि क्या यह उनकी सहमति से हो रहा है। मनोज कुमार के मना करने पर आरोपी ने एजेंट की आईडी बदलवाने की बात कही। कुछ देर बाद विवेक पाठक नामक व्यक्ति फोन पर जुड़ा। उसने कहा कि एजेंट आईडी बदलने नहीं दे रहा है और दूसरी कंपनी से नई आईडी दिलवाने में कुछ खर्च आएगा। इसके बाद उसने कहा कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से जुड़े अनीता नाम के खाते में 27 हजार रुपये जमा कर दें। पीड़ित ने बताए गए खाते में 27 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद जब उन्होंने दोबारा किया तो सभी मोबाइल फोन बंद मिले।

### बस स्टॉप निर्माण कार्य में हो रही गड़बड़ी

**घाटमपुर।** कानपुर-सागर हाईवे पर घाटमपुर नगर स्थित बस स्टॉप का सौंदर्यीकरण कार्य का बीते दिनों घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने शिलान्यास किया था। यहां पर ठेकेदार मानक को दर किनार कर निर्माण कार्य करा रहा है। ठेकदार के द्वारा निर्माण कार्य में तमाम अनियमिताएं की गई है। यहां पर बन रहे शौचालय और यूरिनल की दीवार बनते ही टूटने लगी हैं । अब ठेकेदार अनियमिताओं को छिपाने के लिए इन्हीं दीवारों के ऊपर टाइल्स लगवा रहा है। लोगों ने विधायक सरोज कुरील से अनियमिताओं की शिकायत की है। इस पर उन्होंने कहा कि जांच करायेंगी।

# परचून की दुकान में लगी आग से सामान जलकर हुआ राख

संवाददाता ,शिवराजपुर

**अमृत विचार।** कस्बे में मंगलवार तड़के जीटी रोड किनारे स्थित मिठाई व परचून ,खानपान की दुकान में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते उसने विकराल रूप ले लिया। दुकान में सो रहे दंपती को पड़ोसियों और पुलिस की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

कस्बे में विनोद कोल्ड स्टोर के बाहर जीटी रोड किनारे बबलू उर्फ सर्वेश गुप्ता की बांस के टट्टर और टीन से बनी दो दुकानें हैं। एक दुकान में वह मिठाई व खानपान का काम करते हैं, जबकि दूसरी दुकान में किराने की दुकान संचालित करते हैं। सर्वेश गुप्ता अपनी पत्नी माया देवी के साथ रात में दुकान के अंदर ही सो रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भोर करीब चार बजे घरेलू बिजली लाइन का तार टूटकर दुकान पर गिर गया, जिससे चिंगारी निकलते ही दुकान में आग लग गई। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। इसी दौरान दुकान में रखे गैस सिलेंडर एक के बाद एक तेज धमाके के साथ फट गए। सिलेंडरों के फटने से आग और भड़क गई । सूचना पर करीब 4:30 बजे फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। लगभग दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब तक सर्वेश गुप्ता की दोनों दुकानें और पड़ोसी दीपक गुप्ता की मिठाई की दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गई।


**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं दीपक कुमार सिंह पुत्र स्वः गनेश सिंह निवासी 118/181A6A, कुंज विहार, कौशलपुरी, आरके नगर कानपुर मेरी पुत्री समृद्धि सिंह के एस.एस.ई. 2025 C.B.S.E वाया रोल नं0– 23214168/2025 मे मेरा नाम त्रुटिवश दीपक सिंह लिखा हैं, जो कि अपूर्ण है भविष्य में मुझे दीपक कुमार सिंह नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

मेरा नाम त्रुटिवश पासपोर्ट में मोहम्मद अदनान दर्ज हो गया । सही नाम मो0 अदनान है। जो सही है। यही नाम मेरे सभी अभिलेखों में दर्ज है। **मो0 अदनान पुत्र मो0 इरफान निवासी सुभाष नगर, तिर्वागंज जिला- कन्नौज**

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश श्रीज्ता श्रीवास्तव (srijta) दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम श्रेया श्रीवास्तव है (Shreya Srivastava) है और यही नाम मेरे अंकपत्र और सह प्रमाणपत्र में अंकित है। मेरा वास्तविक नाम **श्रेया श्रीवास्तव पुत्री प्रवीन कुमार श्रीवास्तव ग्राम दिनकरपुर, तहसील मनकापुर** गोंडा है।

**सूचना**

मेरे पुत्र धर्मराज व उसकी पत्नी रुचि की क्रियाकलापों से पूरा परिवार परेशान रहता है। यह लोग आए दिन गृह क्लेश करते हैं, जिस कारण मैंने इन्हें अपनी अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इन दोनों के कृत्य से मेरा, मेरी पत्नी सुंदरी पुत्र इंस्पेक्टर, जदुराज, रामलड़ैते व इनकी पत्नियों का कोई लेना–देना नहीं है। अपनी किसी कृत्य के लिए यह दोनों जिम्मेदार होंगे। **सुरेश चंद्र पुत्र परमसुख, नि. ग्रा. अतर्छा खुर्द, परगना तहसील, बिलग्राम, जिला हरदोई।**

**सूचना**

मैं **नरेन्द्र कौर पत्नी स्व0 सुरेन्द्र सिंह, निवासिनी 133/133 टी. पी. नगर कानपुर।** मेरी शादी से पहले आधार कार्ड में मेरा नाम कैलाश कौर अंकित है । अब मैने अपना नाम बदलकर नरेन्द्र कौर पत्नी स्व0 सुरेन्द्र सिंह रख लिया है । भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय ।

**Notice**

This is to inform that in my Aadhaar Card bearing number 764617917970, my name has been mistakenly written as Rajdatt, which is incorrect. My correct name is Pujari, and that is the accurate name. Pujari Son of Ram Baran Resident of Ashokpur Chiraiyatanr, Banjaria, Gonda.

**सूचना**

मैने अपना नाम मोहम्मद बाकी (MOHAMMAD BAKI) से बदलकर मो0 बाकी (MO BAKI) रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **मो0 बाकी पुत्र श्री इस्तिखार पता-रामपुर कटरा जिला-बाराबंकी उ0प्र0**

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे आधार कार्ड संख्या 764617917970 में मेरा नाम त्रुटिवश राजदत्त लिख गया है जो गलत है, जबकि मेरा सही नाम पुजारी है और यही सही है । **पुजारी पुत्र राम बरन निवासी अशोकपुर चिरैयाटांड़ बंजरिया गोंडा**


सम्मान समारोह

अमृत विचार के प्रधान संपादक राजेश श्रीनेत जनमित्र अवार्ड से सम्मानित

# साहित्य की सार्थकता तभी जब वह समाज हित में हो : डॉ. जोशी

संवाददाता, वाराणसी



इतिहासविद व पूर्व सांसद डॉ.रीता बहुगुणा जोशी से पुरस्कार प्राप्त करते अमृत विचार के प्रधान संपादक राजेश श्रीनेत। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार को वाराणसी के अशोका इंस्टीट्यूट के बुद्ध सभागार में वरिष्ठ पत्रकार विजय विनीत की पुस्तक 'सपनों की पगडंडियां' के विमोचन अवसर पर अमृत विचार के प्रधान संपादक राजेश श्रीनेत को जनमित्र अवार्ड से सम्मानित किया गया। राजेश श्रीनेत कई बड़े समाचारपत्रों में भी संपादक रहे हैं। 'सपनों की पगडंडियां' के विमोचन अवसर पर इतिहासविद व पूर्व सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी ने राजेश श्रीनेत को सम्मान देते हुए कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले बहुआयामी प्रतिभा के संपादक है।

इतिहासविद व पूर्व सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी ने इस अवसर पर कहा कि साहित्य नैतिक मूल्य, मानवीय संवेदनाएं व प्रेम विकसित कर समाज में शांति स्थापित करता है। साहित्य समाज को संस्कारित व जागृत करने का साधन होता है। इसकी सार्थकता सामाजिक उत्तरदायित्व और समाज हित में ही निहित होती है। उन्होंने कहा कि अच्छा लेखन वही है जिसकी पुस्तकें पढ़ी जाएं और जिनसे समाज को वास्तविक लाभ मिले। वरिष्ठ पत्रकार विजय विनीत की पुस्तक 'सपनों की पगडंडियां' के विमोचन अवसर डॉ. जोशी ने यह भी कहा कि जीवन का कोई भी मार्ग सरल नहीं होता। हर उपलब्धि के पीछे संघर्ष की लंबी यात्रा छिपी होती है। 'सपनों की पगडंडियां' केवल एक व्यक्ति विशेष की जीवनी नहीं, बल्कि संघर्ष, संकल्प और शिक्षा के प्रति समर्पण की गाथा है। डॉ. जोशी ने काशी की धरती को विद्वानों और विचारकों की जन्मस्थली बताया। वरिष्ठ पत्रकार सुधीर मिश्रा ने कहा कि यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दौर है। आने वाले समय में पत्रकारिता किस रूप में होगी, इसका अनुमान लगाना आसान नहीं है।ऐसे समय में विजय विनीत ने पत्रकारिता और एआई जैसे विषयों पर गंभीर लेखन कर पत्रकारों और पत्रकारिता के विद्यार्थियों को दिशा देने का काम किया है। उन्होंने विजय विनीत की चर्चित कृति 'मैं इश्क लिखूं तुम बनारस समझना' का उल्लेख करते हुए कहा कि स्मृतियों को साहित्य में ढालना साधारण कार्य नहीं है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रोफेसर मनोज कुमार सिंह ने कहा कि विजय विनीत केवल लेखक नहीं, बल्कि संवेदनशील और निर्भीक पत्रकार हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के निवर्तमान अध्यक्ष प्रोफेसर नागेंद्र पांडे ने कहा कि विजय विनीत ने अत्यंत स्पष्ट और सादगीपूर्ण भाषा में प्रोफेसर कुशवाहा के व्यक्तित्व को उकेरा है। वरिष्ठ लेखक एवं रंगकर्मी व्योमेश शुक्ल ने कहा कहा कि विजय विनीत ऐसे लेखक हैं जो किसी चरित्र को उसकी वास्तविकता में प्रस्तुत करने का साहस रखते हैं।

कार्यक्रम में वरिष्ठ लेखक एवं रंगकर्मी व्योमेश शुक्ल ने भी अपने विचार रखे। इससे पहले अशोका इंस्टीट्यूट के संस्थापक अशोक कुमार मौर्य को मानवाधिकार जन निगरानी समिति की ओर से 'जनमित्र अवार्ड' से सम्मानित किया गया। पत्रकार अभिषेक श्रीवास्तव, वरिष्ठ साहित्यकार राम जी यादव, उद्घोषक अशोक आनंद, रणभेरी न्यूज़ की संपादक समेला आफरीन की प्रतिनिधि सुमन अग्रहरि, पत्रकार रोहित सेठ चित्रकार अमित मेहता के अलावा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्त और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ सिंह सहित अनेक साहित्यकारों, पत्रकारों और कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक विजय विनीत ने अतिथियों का परिचय कराते हुए उनका स्वागत किया। संचालन अशोक आनंद ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन 'मेरा शहर' संस्था की अध्यक्ष सोनम उपाध्याय ने किया।

### देवर-भाभी को पीटा

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के एक गांव में घर के बाहर बैठी महिला को मामूली विवाद मे दबंग युवकों ने जमकर पीट दिया | बीच बचाव करने आये उसके देवर को भी उन लोगों ने जमकर पीट दिया | महिला ने गांव के ही कुछ लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की है | राम नगर गांव निवासी सुषमा ने बताया कि वह अपने दरवाजे पर बैठी थी तभी गांव के राम खिलावन, राम संजीवन, रवि, करन, दीपक ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की, जिससे उसके सिर और अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। ज़ब उसके देवर सुरेंद्र ने बीच बचाव करना चाहा तो उसे भी जमकर पीटा है | वहीं, थानाध्यक्ष अमित सिंह बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है | आरोपियों की तलाश की जा रही है |


**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, औरैया**

पंत्राक :–1214/स0वि0–एस0वी0एम0/न0पा0परि0औ0/2025–26 दिनांक– 17 फरवरी, 2026

**आवश्यक सूचना**

नगर पालिका परिषद औरैया द्वारा स्वच्छ भारत मिशन नगरीय 2.0 के अन्तर्गत सिटी सॉलिड वेस्ट एक्शन प्लान (CSWAP) मे लिगेसी वेस्ट निस्तारण हेतु डी0पी0आर0 बनाया जाना है। जिसके कार्यदायी सस्था से सम्बद्ध अधिकृत फर्म/व्यक्तियो, समूहो को सूचित किया जाता है। कि सम्बन्धित डी0पी0आर0 तैयार करने हेतु दिनांक 25.02.2026 को सांय 03:00 बजे तक अपनी–अपनी दरे नगर पालिका परिषद स्वयं नगर पालिका परिषद मे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। न्यूनतम आधार पर इच्छुक फर्मो मे से चयन किया जायेगा। निर्धारित अवधि के पश्चात स्वीकार नही किया जायेगा। प्राप्त दरे उसी दिन या बाद मे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेगी। कोई भी प्रतिबन्धित दर स्वीकार नही की जायेगी।

**अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, औरैया** | **अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, औरैया**

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999


## शहर में आज

- **समीक्षा :** उप्र एससी-एसटी आयोग के सदस्य रमेश चंद्र कुंडे द्वारा सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक सुबह 11 बजे।
- **भूमि पूजन :** विधायक नीलिमा कटियार द्वारा गूवा गार्डन की मुख्य मार्ग सड़क का भूमि पूजन सुबह 9 :30 बजे। लेक्चर : वीएसएसडी कॉलेज में यूनियन बजट 2026-27 पर वर्कशॉप सुबह 10 :30 बजे।
- **सभा :** काकादेव न्यू लाइफ चर्च में ऐश वेडनेस की आराधना सभा शाम को 6 :30 बजे।
- **बैठक :** सपा कार्यालय नवीन मार्केट में एसआईआर पर बैठक शाम को चार बजे।

## सिटी ब्रीफ

### आयोग सदस्य आज करेंगे जनसुनवाई



रमेश चंद्र कुंडे।

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य रमेश चन्द्र कुंडे बुधवार 18 फरवरी को सर्किट हाउस में कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे एवं जनसुनवाई भी करेंगे।

### ईसाई समाज का 40 दिनों का उपवास आज से

**कानपुर।** एक ओर जहां मुस्लिम समाज का 30 दिन का रोजा शुरू होने जा रहा है, वहीं ईसाई समाज का भी 40 दिनों का रोजा (उपवास) बुधवार से चर्चों में एड वेडनेस डे की प्रार्थना के साथ शुरू हो जाएगा। पादरी सैमुएल सिंह लकी ने बताया कि बुधवार से उपवास को लेकर चर्चों में विभिन्न प्रार्थना सभा एवं अन्य कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे।

### मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर 22 फरवरी को

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल के दिशा निर्देशन में प्रभारी सचिव अपर सिविल जज कर्णिका अवध ने बताया कि मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर 22 फरवरी रविवार को प्रात: 10 :00 बजे छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित होगा।

### सेतु निगम शासनादेश मिलते ही अगले दो माह में शुरू कर सकता है निर्माण कार्य

# पनकी पड़ाव क्रॉसिंग पर पुल का खत्म होगा इंतजार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



पड़ाव क्रॉसिंग पर लगता है जाम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पनकी पड़ाव रेलवे क्रासिंग पर पुल का निर्माण अगले वित्तीय वर्ष की शुरूआत के साथ ही आरंभ हो सकता है। सेतु निगम अधिकारियों ने न सिर्फ इस बात के संकेत दिए हैं, बल्कि जरूरी तैयारी भी शुरू कर दी है। उनका कहना है कि शासन में वित्त व्यय समिति की अगली बैठक में पुल निर्माण को मंजूरी मिलने के साथ एक माह में शासनादेश जारी हो जाएगा। यह पुल गंगागंज से शुरू होकर रेलवे क्रॉसिंग के बाद दो हिस्सों में बंटेगा। इसका एक हिस्सा स्टील अथॉरिटी और दूसरा ट्रांसपोर्ट नगर की ओर उतरेगा, जिससे भौती और झांसी की ओर यातायात सुगम हो जाएगा।

देश के सर्वाधिक व्यस्तम रेलवे रूटों में शामिल दिल्ली-हावड़ा रूट की पनकी पड़ाव क्रासिंग हर 15-20 मिनट में ट्रेन गुजरने के कारण रुक-रुक कर रोज औसतन छह घंटे तक बंद रहती है। कानपुर-इटावा राष्ट्रीय राजमार्ग से पनकी मंदिर, कल्याणपुर जाने का यह प्रमुख मार्ग है। इस कारण फाटक बंद होने पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। कई बार कालपी रोड तक जाम पहुंच जाता है। इससे वाहन सवारों का समय बर्बाद होने के साथ ईंधन खर्च भी बढ़ जाता है। सेतु निगम के अनुसार इस रेलवे ओवर ब्रिज के बनने से भौती, कानपुर देहात, औरैया, इटावा, झांसी, हमीरपुर की ओर से आने वाले बड़े वाहन पनकी के गंगागंज, पनकी पड़ाव, कल्याणपुर की तरफ आसानी से आ और जा सकेंगे। अभी वाहनों को क्रासिंग पर लगने वाले जाम से बचने के लिए तीन से पांच किलोमीटर अधिक दूरी तय कर भाटिया तिराहे से पनकी धाम रोड या नहरिया रोड होकर जाना पड़ता है। सेतु निगम ने पिछले साल इस रेलवे क्रॉसिंग पर चार लेन के पुल निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा था। पनकी पड़ाव क्रासिंग पुल की लंबाई लगभग 1200 मीटर और चौड़ाई 20 मीटर होगी। डीपीआर को पहले ही मंजूरी प्रदान की जा चुकी है। यह पुल बनने से कालपी रोड, भौती, अर्मापुर, पनकी, गंगागंज आदि क्षेत्रों में जाना आसान हो जाएगा। यही नहीं, झांसी, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, हमीरपुर आदि से आने-जाने वाले वाहन सवारों को भी जाम से राहत मिलेगी।

| | |
|---|---|
| **305** करोड़ रुपये लागत | **20** मीटर होगी चौड़ाई |
| **04** लेन होंगी पुल पर | **1200** मीटर होगी लंबाई |
| **05** लाख आबादी को लाभ मिलेगा | |

मार्च माह के अंत तक इस प्रोजेक्ट के लिए शासनादेश जारी हो जाने की पूरी उम्मीद है। जल्द ही वित्त एवं व्यय समिति की बैठक में भी वित्तीय स्वीकृति हो जाएगी। इस पुल के बन जाने से आवागमन आसान होगा।

– विजय कुमार, मुख्य परियोजना प्रबंधक, सेतु निगम।



पनकी पड़ाव क्रासिंग पर फोरलेन पुल निर्माण महती आवश्यकता है। यह पुल जरूर बनेगा और जिले वासियों को तोहफा जल्द ही मिलेगा। इस संबंध में शासन स्तर पर पैरवी की है। इस पुल के बन जाने से लाखों लोगों को आवागमन में आसानी होगी।

– रमेश अवस्थी, सांसद

## प्रदर्शनी में उद्यमियों ने गिनाईं अपनी समस्याएं

**कानपुर।** बृजेन्द्र स्वरूप पार्क लॉन नंबर दो में मंगलवार को उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मंडलीय खादी एवं ग्रामोद्योग प्रदर्शनी के तहत क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया गया। अनुभवी उद्यमियों ने बताया कि बैंक ऋृण स्वीकृति की प्रक्रिया में अनावश्यक देरी और औपचारिकताओं के कारण उन्हें बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे वे हताश होकर अपने प्रयास बीच में ही छोड़ देते हैं। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना एवं मुख्यमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत बिना गारंटी ऋृण दिए जाने के स्पष्ट निर्देश हैं। लेकिन इकाई चयन समिति, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी करते हैं, द्वारा चयनित होने के बाद भी बैंकों द्वारा अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है। कई मामलों में उद्यमियों द्वारा गारंटी प्रस्तुत करने के बावजूद ऋृण स्वीकृत नहीं किया जाता, जबकि सरकार की मंशा इन योजनाओं के माध्यम से अधिक से अधिक रोजगार सृजन करना है। इस दौरान उप्र खादी ग्रामोद्योग महासंघ चेयरमैन सुरेश गुप्ता, कोऑर्डिनेटर अभय त्रिपाठी, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अशोक शर्मा, उप्र कोऑपरेटिव बैंक मुख्य प्रबंधक राजेश कुमार गिरी, केके पांडे, मनोज शुक्ला, मनोज पाठक, राजीव द्विवेदी, वरुण जौहरी रहे।

## तिमाही टैक्स छोड़ो, एकमुश्त जमा करने की योजना आई

सुविधा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन आलोक कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** संभागीय परिवहन कार्यालय परिसर स्थित सारथी भवन में 20 व 21 फरवरी को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक परिवहन मेला लगेगा। इस मेले की विशेषता ये है कि भाड़े या पारिश्रमिक पर संचालित दोपहिया, तिपहिया वाहनों के साथ हल्के माल वाहनों राज्य परिवहन उपक्रम के स्वामित्वाधीन सार्वजनिक वाहनों को अब तिमाही की बजाय वन टाइम (एकमुश्त) टैक्स को सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन आलोक कुमार ने बताया कि वाहन स्वामियों को प्रदेश सरकार की इस जनहितकारी योजना के बारे में जानकारी देने के लिए प्रथम चरण में 20 एवं 21 फरवरी को परिवहन मेले का आयोजन होगा। इस परिवहन मेले में एकमुश्त टैक्स व्यवस्था से सम्बन्धित नियमों, टैक्स निर्धारण की प्रक्रिया, टैक्स गणना, भुगतान की विधि एवं समय-सीमा के सम्बन्ध में वाहन स्वामियों एवं विभिन्न ट्रॉन्सपोर्ट संगठनों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। वाहन स्वामियों की शंकाओं का समाधान मौके पर ही किया जायेगा।

### किस वाहन पर कितना टैक्स दें

- 10 लाख तक के मोटर कैब (तिपहिया को छोड़कर) व मैक्सी कैब के मूल्य का 10 .5 प्रतिशत, 10 लाख से अधिक के मोटर कैब (तिपलिया को छोड़कर) एवं मैक्सी कैब के मूल्य का 12 .5 प्रतिशत, विशेष प्रयोजन यान जैसे बुलडोजर आदि पर मूल्य का 6 प्रतिशत, माल वाहन 3000 किग्रा से अत्यधिक भार वाले वाहन पिकअप आदि के मूल्य का 3 प्रतिशत, 3000 किग्रा से अधिक किन्तु साढ़े सात हजार किग्रा से कम सकल यान मिनी ट्रक आदि के मूल्य का 6 प्रतिशत एकमुश्त टैक्स जमा किया जाएगा। पहले से रजिस्ट्रीकृत वाहनों पर प्रत्येक वर्ष के लिए एकमुश्त कर की धनराशि में 8 प्रतिशत की छूट देकर गणना की जाएगी।



मेट्रो स्टेशन में लिफ्ट चेक करता कर्मी। अमृत विचार

## बारादेवी से नौबस्ता तक 20 लिफ्ट की गईं इंस्टॉल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के कॉरिडोर–1 में शामिल बारादेवी से नौबस्ता तक पांच एलिवेटेड मेट्रो स्टेशनों का निर्माण किया गया है। इन स्टेशनों पर मेट्रो ने इन पांच स्टेशनों पर 20 लिफ्ट का निर्माण मेक इन इंडिया अभियान के तहत कराने के बाद उनको मंगलवार को इंस्टॉल कर दिया है। लिफ्टों की लोड टेस्टिंग की प्रक्रिया भी मेट्रो ने पूरी कर ली है।

यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने रोलिंग स्टॉक एंड सिस्टम के निदेशक नवीन कुमार, वर्क्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर के निदेशक सीपी सिंह व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मंगलवार को कॉरिडोर–1 व कॉरिडोर–2 के निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशनों का निरीक्षण किया। कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। कहा कि मेक इन इंडिया के तहत देश में निर्मित लिफ्ट और एस्केलेटर की सुविधा यात्रियों को मेट्रो स्टेशनों पर मिलेगी। कॉरिडोर-1 में बारादेवी, किदवई नगर, बसंत विहार, बौद्ध नगर व नौबस्ता एलिवेटेड मेट्रो स्टेशनों पर प्रवेश द्वार से कॉनकोर्स और कॉनकोर्स से प्लेटफॉर्म तक आवागमन के लिए प्रत्येक स्टेशन पर चार-चार लिफ्ट लगाई गई हैं। इन स्टेशनों पर प्रस्तावित 20 लिफ्ट और 15 एस्केलेटर के इंस्टॉलेशन का कार्य पूर्ण हो गया है। वहीं, सेंट्रल से नौबस्ता के अंतर्गत आने वाले दो अंडरग्राउंड स्टेशन में भी सिस्टम इंस्टॉलेशन का कार्य किया जा रहा है। इन दोनों स्टेशनों पर सात एस्केलेटर और छह में से चार लिफ्ट इंस्टॉल की जा चुकी हैं।

# आवास विकास की योजना-4 शुरू होने का रास्ता खुला

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- मंधना से बिठूर के बीच 237.717 हेक्टेयर भूमि पर पांच हजार भूखंड की है योजना
- बजट में परिषद की आवासीय योजनाओं को हरी झंडी और हुआ है धन आवंटन

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आवास विकास परिषद को अपनी योजनाओं की बाधाएं दूर करके तेजी से धरातल पर उतारने के निर्देश दिए जाने के बाद मंधना से बिठूर के बीच पांच गांवों की जमीन पर परिषद की आवासीय योजना (टाउनशिप) जल्दी ही सामने आने की उम्मीद बलवती हो गई है। प्रदेश के बजट में परिषद की आवासीय योजनाओं को हरी झंडी दिखाने और धन आवंटन से यह साफ भी हो गया है कि शासन से भूमि अधिग्रहण के लिए धन जारी होने में कोई दिक्कत नहीं आएगी।

आवास विकास परिषद वर्ष 1996 से मंधना से बिठूर के बीच 237.717 हेक्टेयर में अपनी आवासीय योजना संख्या-चार लाने की तैयारी कर रहा है। इस योजना में लोगों को करीब पांच हजार भूखंड उपलब्ध कराए जाने हैं। लेकिन कभी किसानों का विरोध, कभी मुआवजा सही नहीं मिलने और विभाग के अफसरों की ढिलाई के चलते योजना लगातार लटकी है। पिछले दिनों आवास विकास परिषद की बोर्ड बैठक में योजना को तीन गांवों की जमीन लैंडपूलिंग से लेकर लाने का प्रस्ताव पास हुआ था, लेकिन किसानों ने विरोध कर दिया कि उन्हें मुआवजा दिया जाए। इस पर परिषद के अफसरों ने शासन को फिर प्रस्ताव भेजा था कि किसान लैंडपूलिंग पर जमीन देने के लिए तैयार नहीं हैं।

**क्या और कहां है योजना:** आवास विकास परिषद मंधना से बिठूर के बीच पांच गांवों की जमीन पर योजना संख्या-4 विकसित करना चाहता है। इसमें बगदौधी बांगर व बिरतियान बिठूर की भूमि में एवार्ड (अभिनिर्णय) घोषित किया जा चुका है। बगदौधी कछार, परगही बांगर और पेम गांव की जमीन को लैंड पूलिंग से किया जाना था, जिसका अब अधिग्रहण किया जाएगा। भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही के लिए उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास अधिनियम 1965 की धारा 28 की अधिसूचना का प्रकाशन 23 मई, 2009 तथा धारा-32 की अधिसूचना का प्रकाशन 30 मार्च, 2013 को हुआ था। इसके तहत ग्राम परगही बांगर की 29.837 हेक्टेयर, बगदौधी बांगर की 9.760 हेक्टेयर, बगदौधी कछार की 41.261 हेक्टेयर, पेम की 125.909 हेक्टेयर और ग्राम बिरतियान बिठूर की 30.950 हेक्टेयर कुल 237.717 हेक्टेयर भूमि की अधिसूचना जारी की गयी थी। इसमें ग्राम बगदौधी बांगर व बिरतियान बिठूर की भूमि का एवार्ड किया जा चुका है।

## दीप तिराहा से सोटे बाबा मंदिर तक रूट डायवर्जन

**कानपुर।** सीएम ग्रिड्स योजनान्तर्गत कानपुर क्षेत्र जोन-3 के अन्तर्गत दीप सिनेमा तिराहे से सोटे बाबा मंदिर वाया एच-ब्लाक मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के चलते 19 फरवरी से 22 फरवरी तक यातायात डायवर्जन किया गया है। दीप तिराहा से गौशाला चौराहा की तरफ आने वाले सभी प्रकार के वाहन किदवई नगर थाना चौराहा से दाहिने बाएं मार्ग होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे। सोटे बाबा मंदिर की ओर से आने वाले सभी प्रकार के वाहन दीप तिराहा की ओर नहीं जा सकेंगे। गौशाला चौराहा से ही दाहिने बाएं मुड़कर बारादेवी/ गौशाला द्वितीय से होकर अपने गंतव्य को जा सकेंगे। किसी समस्या पर ट्रैफिक कंट्रोल रूमः 9305104340, ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबरः 9305104387 से संपर्क कर सकते हैं।






बाजार | शहर में संयम बरतने या निचले स्तरों पर खरीद करने वाले निवेशकों को मिला फायदा

# आईटी सेक्टर में रिकवरी से 800 करोड़ की कमाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पिछले सप्ताह जिस आईटी सेक्टर की कमजोरी ने पूरे बाजार को नीचे खींचा था। उसी में सोमवार को रिकवरी दिखी। प्रमुख आईटी कंपनियों के शेयरों में निचले स्तरों से अच्छी खरीदारी हुई। हालांकि बढ़त बहुत बड़ी नहीं रही, लेकिन यह संकेत जरूर दे गई कि निवेशकों का भरोसा पूरी तरह टूटा नहीं है, और बाजार अब एआई के खतरे के साथ अवसरों को भी समझने की कोशिश कर रहा है। गिरावट के दौरान शहर के जिन निवेशकों ने धैर्य बनाए रखा या निचले स्तरों पर खरीदारी की, उन्हें रिकवरी का सीधा फायदा मिला। शहर के निवेशकों के पोर्टफोलियो में सोमवार को लगभग 800 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया।

### बाजार एआई के खतरे ही नहीं, अवसर भी देख रहा

- वित्तीय सलाहकार राजीव सिंह के अनुसार बाजार ने संकेत दिया है कि वह केवल डर के आधार पर लंबी अवधि का ट्रेंड तय नहीं करेगा। बाजार अब एआई के संभावित खतरों के साथ उसके अवसरों का भी मूल्यांकन कर रहा है। यदि एआई समिट में नीति, नियमन और उद्योग की रणनीति पर सकारात्मक संकेत मिलते हैं, तो आईटी सेक्टर में स्थिरता और चुनिंदा शेयरों में मजबूती बनी रह सकती है। इसके बावजद अभी निवेशकों को न तो अत्यधिक उत्साह में आना चाहिए और न ही घबराहट में निर्णय लेना चाहिए। मजबूत बैलेंस शीट, स्पष्ट बिजनेस मॉडल और दीर्घकालिक विकास क्षमता वाली कंपनियों पर फोकस रखना फिलहाल सही और बेहतर रणनीति होगी



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर वैश्विक स्तर पर चल रही चर्चाओं और संभावित जोखिमों की आशंकाओं ने पिछले सप्ताह भारतीय आईटी सेक्टर को झकझोर दिया था। निवेशकों को चिंता सता रही थी कि तेजी से विकसित हो रही एआई तकनीक पारंपरिक आईटी सेवाओं के बिजनेस मॉडल को प्रभावित कर सकती है। इसी कारण आईटी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली देखी गई, जिससे बाजार पर दबाव बनने से निवेशकों के पोर्टफोलियो में बड़ी गिरावट आई थी। सोमवार को भी बाजार की शुरुआत कमजोर रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स करीब 350 अंकों तक फिसल गया, जिससे लगा कि दबाव अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। लेकिन जैसे-जैसे कारोबार आगे बढ़ा, निचले स्तरों पर मजबूत खरीदारी से बाजार ने बढ़िया वापसी की। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 650 अंकों और निफ्टी 212 अंक की बढ़त से बंद हुआ। इससे संकेत मिला कि निवेशकों ने घबराहट में की गई बिकवाली के बाद अब वैल्यू बाइंग का रुख अपनाया है।

सिटी ब्रीफ

## गज्जूपुरवा में टेनरी के स्प्रे सेक्शन में आग

**कानपुर।** जाजमऊ स्थित गज्जूपुरवा में एक टेनरी में भीषण आग लगी जिससे हड़कंप मच गया। टेनरी में काम कर रहे आधा दर्जन से अधिक मजदूरों को बचा लिया गया। मंगलवार को दोपहर 3 बजे अब्दुल्लाह टेनरी के स्प्रे विभाग में वेल्डिंग की चिंगारी से आग लगी। बताते हैं कि स्प्रे विभाग में काम चल रहा था, तभी वहां केमिकल पर चिंगारी गिरी और आग लग गई। घटना होते ही टेनरी कर्मियों ने वहां मौजूद अग्निशमन यंत्रों से आग पर काबू पाने की कोशिश की और फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। इस दौरान टेनरी में फंसे मजदूरों को बाहर निकाल लिया गया। दमकल के पहुंचने से पहले ही आग पर टेनरी के उपकरणों से काबू पा लिया गया। जाजमऊ फायर स्टेशन के अग्निशमन अधिकारी राहुल नंदन ने बताया कि दोपहर 3.30 बजे कंट्रोल रूम को टेनरी में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी।

## घर में अकेले युवक ने फंदे से लटक दी जान

**कानपुर।** चकेरी में घर में अकेले बिल्डिंग मटेरियल कारोबारी ने आत्महत्या कर ली। कॉल रिसीव न होने पर पत्नी ने अनहोनी की आशंका में रिश्तेदार को घर भेजा तो फंदे से शव लटका मिला। श्यामनगर के भवानीनगर निवासी 45 वर्षीय ओम शरण तिवारी उर्फ अतुल भवन निर्माण सामग्री का कारोबार करते थे। इलाके में उनकी अतुल ट्रेडर्स के नाम से दुकान है। परिवार में पत्नी वंदना व बेटा यति है, जो बीएचयू में पढ़ाई करता है। वंदना मंधना में बहन के घर गई थीं। अतुल अकेले थे। सोमवार रात साढ़े नौ बजे वंदना की पति से फोन पर बात हुई थी, लेकिन मंगलवार सुबह कॉल रिसीव नहीं हुई। फोन न उठने पर वंदना ने रिश्तेदार कुमार पाल को घर भेजातो उसका शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। कुमार पाल ने बताया कि कोई तनाव, कलह ऐसी बात नहीं है। आत्महत्या क्यों की इसकी वजह स्पष्ट नहीं है। पुलिस के अनुसार कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई होगी।

## बरौनी एक्सप्रेस से तकिया-बेडशीट चुराते वीडियो वायरल

**कानपुर।** बरौनी एक्सप्रेस के एसी कोच बी-1 कोच से एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक पुलिस कर्मी को तकिया व चादर बैग में छुपाते दिखाया जा रहा है। वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। बरौनी से नई दिल्ली जा रही बरौनी एक्सप्रेस के एक यात्री द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म X पर वीडियो वायरल हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि ये घटना फतेहपुर के आसपास की है। वीडियो में रेलवे स्टाफ द्वारा पुलिस कर्मी के बैग की तलाशी लेते एवं तकिया चादर निकालते दिखाया गया है। पुलिस कर्मी बार-बार माफी मांग रहा है। वीडियो में रेलवे स्टाफ द्वारा उससे आईडी मांगी जाती है तो कहता है कि वह माघ मेला की ड्यूटी से वापस लौट रहा है। आईकार्ड जमा हो गया है। फिर रेलवे स्टाफ उससे आधार कार्ड मांगता है। रेलवे स्टाफ द्वारा वीडियो में ये भी कहा जा रहा है कि कानपुर के ट्रेन पहुंचने पर पुलिस कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लेकिन कानपुर स्टेशन पर जीआरपी या आरपीएफ प्रभारी ने ऐसी जानकारी से इनकार किया है।

# बार एसोसिएशन के चुनाव में पड़े 78 प्रतिशत वोट

### एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन और पुलिस कमिश्नर ने मतदान स्थल का लिया जायजा, कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ मतदान

भविष्य तय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन के 21 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए मंगलवार को 7198 मतदाताओं में से 5658 वोटरों ने मतदान किया। कुल 78 प्रतिशत वोट पड़े। डीएवी डिग्री कॉलेज में सुबह आठ से शाम पांच बजे तक मतदान हुआ। बिना सर्टीफिकेट ऑफ प्रैक्टिस कार्ड (सीओपी) के मतदाताओं को वोटिंग का मौका नहीं मिला। मतदान स्थल पर तैयार 16 बूथों पर अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन उमाशंकर गुप्ता व पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

डीएवी डिग्री कालेज में मंगलवार सुबह आठ बजे मतदान शुरू हुआ। सुबह 10.15 बजे मतदान की गति बहुत ही धीमी रही। 165 अधिवक्ताओं ने मताधिकार किया। 11.10 बजे तक 436 और 12 बजे तक 762 वोट पड़े। इसके बाद वोटरों में तेजी आई। एक बजे तक 1479 वोट पड़े।

2.10 बजे तक मतदान का आंकड़ा 2960 के पास हुआ और तीन बजे तक 4012 वकीलों ने वोट डाले। मतदान खत्म होने तक 5658 वकीलों ने मतदान किया। मंत्री पद पर सर्वाधिक 11, जबकि महामंत्री पद पर नौ प्रत्याशी मैदान में उतरे। अध्यक्ष पद पर सात प्रत्याशियों के बीच मुकाबला रहा। एल्डर्स कमेटी के दिशा निर्देश के अनुसार मतदान स्थल पर मोबाइल व शस्त्र प्रतिबंधित रहे। बिना सीओपी के मतदान पर पूरी तरह सख्ती रही। बिना सीओपी के मतदान नहीं करने दिया गया।



अधिवक्ता और समर्थक नारेबाजी करते रहे। अमृत विचार

**7198** मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करना था चुनाव में

**5658** मतदाताओं ने ही मताधिकार का उपयोग किया है

### किस पद पर कितने दावेदार

- बार एसोसिएशन की 21 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए अध्यक्ष पद पर सात, महामंत्री पर नौ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर आठ, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पर पांच, मंत्री पर 11, कोषाध्यक्ष पर छह, संयुक्त मंत्री प्रशासन पर पांच, संयुक्त मंत्री प्रकाशन पर छह, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय पर पांच, वरिष्ठ कार्यकारिणी पद पर 11 व कनिष्ठ कार्यकारिणी पद पर 21 समेत कुल 96 दावेदार रहे। इस दौरान डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता, एडीसीपी एलआईयू महेश कुमार, एसीपी कोतवाली आशुतोष सिंह रहे।



आईकार्ड चेक किए गए। अमृत विचार

### पदों पर दावेदार

- **अध्यक्ष :** रवींद्र शर्मा, दिनेश कुमार शुक्ला, सर्वेश कुशवाहा, रमेश चंद्र वर्मा, संदीप कुमार सिंह, योगेंद्र कुमार अवस्थी, सुरेंद्र कुमार कुशवाहा
- **वरिष्ठ उपाध्यक्ष :** सुशील कुमार वर्मा, अनिल कुमार शुक्ला, सोनल पाठक, धीरेंद्र कुमार शुक्ला, आनंद सेठी, सुधा शर्मा, योगराज केसकर, सत्येंद्र कुमार
- **कनिष्ठ उपाध्यक्ष :** विनोद कुमार शुक्ला, प्रभात कुमार सोनकर, रोहित कुमार सोनकर, मो. तौहीद, यशू शुक्ला
- **महामंत्री :** रामजी दुबे, हेमेंद्र कुमार श्रीवास्तव, विनय कुमार मिश्रा, सुशील कुमार सिंह, संगीता द्विवेदी, सत्येंद्र सिंह गौतम, चंद्रशेखर तिवारी, रूद्र प्रताप सिंह, संजीव कुमार यादव
- **मंत्री :** अजय प्रताप सिंह, विनय तिवारी, राम मिलन पाल, महेश अवस्थी, अजय कुमार गुप्ता, कृष्ण कांत तिवारी, पंचानन प्रसाद यादव, निधि गुप्ता, धनंजय दीक्षित, आशीष अवस्थी, राहुल कनौजिया
- **कोषाध्यक्ष :** विनोद कुमार गुप्ता, श्याम कुमार दीक्षित, वेद प्रकाश पांडेय, भगवतदास, शैलेंद्र कुमार चौरसिया, अतुल कुमार कुशवाहा
- **संयुक्त मंत्री प्रशासन :** नरेंद्र कुमार प्रजापति, विवेक सिंह, धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, हिमांशु दीक्षित, आयुष्मान दीक्षित
- **संयुक्त मंत्री प्रकाशन :** शिवकुमार तिवारी, आत्मप्रकाश, अमित कुमार निषाद, सिद्धार्थ वर्मा, अभय त्रिपाठी, काव्यकांत मिश्रा
- **संयुक्त मंत्री पुस्तकालय :** गायत्री मिश्रा, शकील अली, अनिल बाबू चौधरी, सूर्यकांत मणि त्रिपाठी, साहिल पांडेय।

## पोस्टमार्टम में मां-बेटे के शरीर से मिले कई छर्रे

**कानपुर।** सेनपश्चिम पारा के तुलसियापुर में मां-बेटे की हत्या व सेवानिवृत्त फौजी की आत्महत्या मामले में चिकित्सकों के पैनल व वीडियोग्राफी से पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दोनाली बंदूक से गोली मारने के कारण महिला की दाहिनी आंख फूटने की बात सामने आई। सिर क्षतिग्रस्त और शरीर में कई छर्रे मिले। बेटे के कंधे पर गहरा घाव और सिर में छर्रे मिले। वहीं फौजी की अत्यधिक खून बहने से मौत की पुष्टि हुई। हालांकि फौजी के परिजनों ने तीनों की हत्या की बात कही। परिजनों का कहना है कि फौजी ने आत्महत्या नहीं की है।

तुलसियापुर में सोमवार तड़के मां-बेटे सुनीता व दीप की दोनाली बंदूक से गोली मारकर हत्या के बाद खुद ट्रेन के आगे जान देने वाले फौजी चेतराम का मंगलवार को पैनल व वीडियोग्राफी में पोस्टमार्टम हुआ। दोनाली बंदूक से गोली लगने से महिला की दाहिनी आंख फूटने की बात रिपोर्ट में सामने आई। शरीर में कई छर्रे मिले। दीप के कंधे पर गहरा घाव और सिर में छर्रे मिले। वहीं पोस्टमार्टम के बाद तीनों शव एक साथ बाहर निकले तो परिजनों में चीख पुकार मच गई। पोस्टमार्टम हाउस पहुंची फौजी की एकलौती बेटी प्रीती परिजनों का शव देखकर फफक पड़ी। बेसुध होकर गिर पड़ी, इस पर परिजन उसे होश में लाए। सुनीता के फौजी भाई अमी ने कहा कि बहन और भांजे की गोली मारकर हत्या करने के बाद बहनोई चेतराम की भी हत्या की गई है। उन्होंने खुदकुशी नहीं की है।

## कुत्तों का आतंक, राहगीरों को दौड़ाकर काट रहे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविंदनगर इलाके में कुत्तों के हमले से करीब आधा दर्जन लोग जख्मी हो चुके हैं। लोग डरे हुए हैं। कुत्तों के दौड़ाने से रेलवे कालोनी चौकी इंचाई भी बाइक से गिरकर चुटहित हो गए। नगरनिगम की उदासीनता से लोगों में नाराजगी है। आरोप है कि शिकायत के बाद भी कुत्तों से सुरक्षा के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। स्थिति यह हैं कि महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों का अकेले सड़क पर निकलना मुश्किल हो गया है।

बीते एक सप्ताह से गोविंदनगर में कुत्तों का आतंक है। सोमवार रात रेलवे कालोनी चौकी इंचार्ज शशेंद्र बहादुर सिंह इलाके में गश्त पर थे। तभी छह-सात कुत्तों ने उन्हें घेर लिया। भौंकते हुए उनकी बाइक के पीछे दौड़ाया। खुद को बचाने में बाइक अनियंत्रित होने से दरोगा सड़क पर गिर पड़े। दरोगा ने शोर मचाकर कुत्तों को भगाया, तभी आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और पत्थर चलाकर कुत्तों को भगाया। दरोगा ने अस्पताल पहुंचकर इलाज कराया। वहीं रतनलालनगर स्थित भागवतपार्क इलाके के पास भी कुत्तों का आतंक है। हैप्पी टावर के पास रहने वाली कोमल अरोड़ा के अनुसार वह दूध लेने जा रही थीं, तभी कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया। उनके पैर में काट लिया। जिससे वह सड़क पर गिर पड़ी। शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे और कुत्तों को भगाकर उन्हें बचाया। इलाके के अजय साहू के अनुसार बीते दिनों कुत्ते नवीन मुलानी, कारोबारी रवींद्र अग्रवाल व कमलेश पर हमला कर काट चुके हैं। लोगों ने इसकी शिकायत नगरनिगम में की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। नगरनिगम के पशु चिकित्सा अधिकारी आरके निरंजन ने बताया कि कुत्तों के हमले की शिकायत मिली है। घटना उनके संज्ञान में है।



घायल चौकी इंचार्ज शशेंद्र बहादुर सिंह।

- **गश्त पर निकले चौकी इंचार्ज समेत आधा दर्जन से अधिक लोगों को दौड़ाकर काटा**

# नए बिजली कनेक्शन के लिए नहीं बनवाना होगा एस्टीमेट

- **एक किलोवाट से डेढ़ किलोवाट तक लोड वाले नए कनेक्शन पर मिलेगी सुविधा**
- **विद्युत नियामक आयोग ने 10 फरवरी से नया नियम लागू कर दिया है**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में 300 मीटर तक की दूरी और 150 किलोवाट तक के लोड के लिए नए बिजली कनेक्शन के लिए अब एस्टीमेट बनवाने की आवश्यकता नहीं होगी। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने यह नियम 10 फरवरी 2026 से लागू कर दिया है, जिससे अब सीधे फिक्स चार्ज जमा करके कनेक्शन मिल जाएगा। इस नई व्यवस्था से 40 मीटर से अधिक की दूरी पर पोल व तार का खर्च उठाने की मजबूरी भी खत्म हो जाएगी। अतिरिक्त चार्ज लेने वाले कर्मियों पर भी अंकुश लगेगा।

वर्तमान में केस्को में बिजली का नया कनेक्शन लेने के लिए उपभोक्ताओं को अभी तक 40 मीटर से ज्यादा दूरी होने पर एस्टीमेट बनवाना आवश्यक था, जिस वजह से कनेक्शन महंगा पड़ता था और इस वजह से कुछ लाइन मैन अपने खेल में भी लग जाते थे। तब नया कनेक्शन लेने के लिए कई उपभोक्ता को भारी रकम तक चुकानी पड़ जाती थी। लेकिन अब ऐसा नहीं हो सकेगा। क्योंकि विद्युत नियामक आयोग ने एक नई कास्ट बुक जारी की है, जिसके तहत अब मेन लाइन से तीन सौ मीटर के दायरे में नया बिजली कनेक्शन लेने पर उपभोक्ताओं को एस्टीमेट नहीं बनवाना होगा। यह सुविधा एक किलोवाट से डेढ़ किलोवाट तक के लोड वाले नए कनेक्शनों पर लागू होगी। अब ट्रांसफार्मर, पोल, कंडक्टर जैसे उपकरणों के नाम पर अलग से कोई रकम नहीं ली जाएगी। वहीं, उपभोक्ताओं को केवल मीटर की कीमत, सिक्योरिटी डिपाजिट और प्रोसेसिंग फीस ही देनी होगी। अतिरिक्त रुपया नहीं देना होगा। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार वर्मा के मुताबिक तीन सौ मीटर तक की दूरी में कनेक्शन के लिए केवल मीटरिंग चार्ज और सप्लाई अफोर्डिंग चार्ज ही लिया जाएगा। बिजली लाइन बिछाने या निर्माण के नाम पर उपभोक्ताओं को अलग से कोई एस्टिमेट नहीं लिया जाएगा। यह व्यवस्था केवल विद्युतीकृत क्षेत्रों में लागू होगी। यदि किसी उपभोक्ता को कनेक्शन देने के लिए नई लाइन बनानी भी पड़े तो उसका अतिरिक्त खर्च उपभोक्ता से नहीं वसूला जाएगा।

### गरीब उपभोक्ताओं का भी रखा जाएगा ध्यान

- नई कास्ट डाटा बुक में बीपीएल उपभोक्ताओं के लिए कई व्यवस्थाएं दी गई हैं। इन उपभोक्ताओं (100 मीटर तक की दूरी के लिए) को आपूर्ति वहन शुल्क का भुगतान आंशिक रूप से 500 के अग्रिम भुगतान के माध्यम से करना होगा। शेष राशि को कनेक्शन की तिथि से 12 महीनों तक बिजली के बिल में 45 की समान मासिक किस्तों के माध्यम से करने का विकल्प दिया गया है। इसी तरह प्रोसेसिंग शुल्क और सुरक्षा जमा राशि में अब शून्य कर दी गई है। सिंगल फेज कनेक्शन के नए आवेदकों को मीटर लागत 2800 का भुगतान दो भागों में करने का विकल्प दिया है। आवेदन के समय 1000 रुपया जमा करने के बाद कनेक्शन मिल जाएगा। शेष राशि 24 समान मासिक किस्तों में 84 रुपये प्रति माह की दर से जमा करना होगा। ब्याज लागत से बचने के लिए पूरे भुगतान की व्यवस्था भी रहेगी।

### जिन्होंने मीटर लगवा लिया, उनके लिए अलग व्यवस्था

- विद्युत नियामक आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि नए उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर के मद में इन स्वीकृत दरों से अतिरिक्त वसूल की गई राशि के निपटान के लिए आयोग द्वारा अलग से आदेश पारित किया जाएगा। यानी जिन उपभोक्ताओं ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर की कीमत 6016 रुपये जमा की है, उसकी वापसी के लिए भी विकल्प देने पर विचार किया जा रहा है। आयोग ने नई कॉस्ट डाटा बुक में उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति के लिए विभिन्न शुल्कों की दरें निर्धारित की गई हैं।

## सड़क पार कर रहे हलवाई को रौंदा

**कानपुर।** नौबस्ता में पैदल सड़क पार कर रहे हलवाई को तेज रफ्तार डंपर ने जबरदस्त टक्कर मार दी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डंपर पुलिस ने कब्जे में लिया है।

गोपालनगर निवासी 51 वर्षीय कल्लू उर्फ अशोक हलवाई थे। परिवार में पत्नी सीमा, बेटा शानू व बेटी ज्योति हैं। परिजनों ने बताया कि सोमवार रात अशोक किसी शादी समारोह में खाना बनाने गए थे। मंगलवार घर लौट रहे थे। सुबह करीब 9.30 बजे वह नौबस्ता चौराहा पर पैदल सड़क पार कर रहे थे, तभी नौबस्ता से हमीरपुर रोड कार्नर पर तेज गति मौरंग लदे डंपर ने टक्कर मार दी। चालक डंपर छोड़कर भाग निकला। परिजनों को हादसे की खबर मिलने पर चीख-पुकार मच गई। अशोक मूलरूप से शिवराजपुर के भैसऊ के रहने वाले थे और 20 सालों से परिवार के साथ गोपालनगर में रह रहे थे। नौबस्ता पुलिस ने बताया कि डंपर नंबर के आधार पर मालिक व चालक के बारे में पता किया जा रहा है।

## चढ़ा मुंशी प्रेमचंद की कहानी का नशा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू के लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स में संभागीय नाट्य समारोह में साहित्य और रंगमंच का अनूठा संगम देखने को मिला। कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की कालजयी रचना नशा का नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया गया। कौशाम्बी की संस्था इण्डियन आर्ट एंड कल्चरल सोसाइटी ने अपनी प्रस्तुति दी। नाटक नशा का नाट्य रूपांतरण व निर्देशन तेजेन्द्र सिंह तेजू ने किया। इस दौरान महाविद्यालय विकास परिषद के निर्देशक प्रो.राजेश कुमार द्विवेदी, स्वामी हरिदास नाट्य अकादमी के निर्देशक डॉ.राज कुमार त्रिपाठी, प्रशांत यादव प्रो.मीतकमल समेत आदि रहे।

मेडिकल जोन

भारतीय बाल रोग अकादमी ने जीएसवीएम में आयोजित की जागरूकता गोष्ठी

# डॉक्टरों को मेडिकोलीगल विषयों की पूरी जानकारी हो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** डॉक्टरों को मेडिकोलीगल (चिकित्सा-कानूनी) विषयों की सटीक जानकारी होना बेहद अनिवार्य है, जो कानूनी विवादों, मेडिकल लापरवाही के मुकदमों और पेशेवर जवाबदेही से बचने में मदद करता है। सही डॉक्यूमेंटेशन, मरीज की सहमति और दुर्घटना या अपराध के मामलों में पुलिस को सूचित करने जैसे कानूनी नियमों का पालन करना मरीज की सुरक्षा और डॉक्टर की कानूनी सुरक्षा के लिए आवश्यक है। यह जानकारी मंगलवार को भारतीय बाल रोग अकादमी के अध्यक्ष डॉ.जेके गुप्ता ने दी।

जीएसवीएम मेडिकल कालेज के एलटी हॉल में मंगलवार को भारतीय बाल रोग अकादमी ने मेडिको-लीगल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला ने कहा कि वर्तमान समय में सभी डॉक्टरों के लिए मेडिको-लीगल विषयों की समुचित जानकारी अत्यंत आवश्यक है, जिससे वह संवेदनशील मामलों में विधिसम्मत व सुरक्षित निर्णय ले सकें। डॉक्टरों को उपचार से पहले मरीज या परिजनों की वैध सहमति लेना और सभी क्लिनिकल नोट्स, लैब रिपोर्ट व डिस्चार्ज समरी को सुरक्षित रखना जरूरी है। अध्यक्ष डॉ.जेके गुप्ता ने कहा कि दुर्घटना, आत्महत्या के प्रयास, हत्या के मामले, संदिग्ध विषाक्तता, यौन उत्पीड़न और अज्ञात कारण से मृत लाए गए मरीजों के मामलों में तत्काल पुलिस को सूचित करना डॉक्टर का कानूनी कर्तव्य है। डॉक्टरों को उचित सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि लापरवाही साबित होने पर सिविल और क्रिमिनल दोनों तरह की कार्यवाही हो सकती है। इस दौरान बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र कुमार गौतम, डॉ.यशवंत राव, डॉ.अरुण कुमार आर्या, डॉ.नेहा अग्रवाल, डॉ.अमितेश यादव, डॉ. आरपी सिंह व डॉ.प्रतिभा सिंह समेत आदि संकाय सदस्य, रेजिडेंट व मेडिकल छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



डॉ. जेके गुप्ता।

- **मेडिकोलीगल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन**



कार्यशाला में मौजूद चिकित्सा छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### प्रतियोगिता में डॉ.रितुजा व डॉ.बिदिशा रहीं प्रथम

- मेडिको-लीगल क्विज प्रतियोगिता में एमबीबीएस छात्र, इंटर्न व पीजी रेजिडेंट्स की चार टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बाल रोग विभाग की डॉ.रितुजा व डॉ.बिदिशा ने प्रथम स्थान हासिल किया। जनरल सर्जरी के डॉ.श्यामा चरन झा व डॉ.अनमोल बंसल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं डॉक्टरों को प्रमाण-पत्र व स्मृति-चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया गया।

# नाम-पता गलत दर्ज होने से लावारिस में पड़ा रहा घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** घायल का पर्चा बनाने में हुई लापरवाही से युवक एक सप्ताह उर्सला में लावारिस रहा। वृद्ध पिता एकलौते बेटे की तलाश में अस्पतालों में भटका। बेटे का इलाज नहीं करा सके और न मिल पाए। मौत पर पुलिस ने मोहल्ले में पहुंचकर पड़ताल की तो परिजनों में कोहराम मच गया। बेटे का शव देखकर पिता फफक पड़े। कहा, अगर पता चल जाता तो हो सकता है इलाज से बेटे को बचा लेते।

कोहना के पुराना कानपुर निवासी 42 वर्षीय अनुज उर्फ विनीत होटल में वेटर थे। पिता राजेश दीक्षित ने बताया कि छह फरवरी से लगातार बेटे की तलाश कर रहे हैं, लेकिन कुछ पता नहीं चला। पत्नी निशा व दोनों बेटियां स्वाती और प्रियंका का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने बताया कि पांच फरवरी को बेटे का अंजान नंबर से उनके पास कॉल आई थी कि उसका आर्यनगर में एक्सीडेंट हो गया है। उर्सला में भर्ती हैं। उस समय वह गुजरात में बेटी प्रियंका की ससुराल में थे। अगले दिन शहर पहुंचे उसके बाद से उसकी तलाश में जुटे हैं। लेकिन बेटे का कुछ पता नहीं चला। रिश्तेदार भी बेटे की तलाश में लगे रहे। बेटे का कहीं कोई पता न लगने पर उसकी मां बेसुध पड़ी है। उन्होंने बताया कि उर्सला में बेटे का नाम अनुज की जगह अरूण और पता 5/12 की जगह 5/11 लिख गया था। जिस कारण उर्सला के साथ हैलट का हर वार्ड देखा, मगर बेटा नहीं मिला। मंगलवार सुबह कोहना पुलिस मोहल्ले में अरूण की तलाश कर रही थी। उन्होंने फोटो देखी तो वह बेटे की थी। कहा वह अरूण नहीं अनुज है। इस पर पुलिस ने पोस्टमार्टम ले जाकर शव की शिनाख्त कराई। पुलिस ने पिता को बताया कि उर्सला में मौत हुई है। एकलौते बेटे का शव देखकर पिता फफक पड़े। बोले अगर पुलिस न आती तो शायद बेटे का शव भी न देख पाते।



अनुज। अमृत विचार



जानकारी देते पिता।

- **10 दिन हैलट उर्सला समेत कई अस्पतालों में भटकता रहा वृद्ध पिता**
- **मृतक की शिनाख्त को पहुंची पुलिस के पास फोटो देख फफक पड़े परिजन**

# प्रशिक्षण देकर कार्यकर्ताओं को तराशेगी भाजपा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा अपने संगठन को बूथ स्तर तक और संगठित, सक्रिय तथा प्रभावी बनाने के लिए 7 मार्च से 13 अप्रैल तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान चलाएगी। इसमें जिला व मंडल स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाएंगे। मंगलवार को पार्टी के क्षेत्रीय मुख्यालय में दक्षिण एवं ग्रामीण जिले की कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष, विधायक एवं जिला प्रभारी पंकज सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को तराशने की प्रक्रिया है, जो सीखता है वही आगे बढ़ता है। जो सीखना बंद कर देता है, वह बढ़ना भी बंद कर देता है। यह महाअभियान कार्यकर्ताओं को विचार, व्यवहार और नेतृत्व के स्तर पर समृद्ध करेगा। पं दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय और एकात्म मानववाद का दर्शन ही भाजपा की कार्य संस्कृति की आधारशिला है।



महानगर प्रभारी विधायक पंकज सिंह का स्वागत किया गया। अमृत विचार

भाजपा कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि प्रशिक्षण अभियान कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त, अनुशासित और सेवा भाव से ओतप्रोत बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे कार्यकर्ताओं की क्षमता, दक्षता और वैचारिक स्पष्टता में वृद्धि होगी। यह महाअभियान संगठन की मजबूती, विस्तार और अंत्योदय के लक्ष्य की प्राप्ति में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के अलावा सपा, बसपा, कांग्रेस सहित किसी भी विपक्षी दल में कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण नहीं होता है। दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह व ग्रामीण जिलाध्यक्ष उपेन्द्र पासवान ने विश्वास जताया कि यह प्रशिक्षण अभियान केवल कार्यक्रमों की श्रृंखला नहीं, बल्कि कार्यकर्ता निर्माण की सतत प्रक्रिया है। राधेश्याम पाण्डेय, वेदव्रत सचान, पूनम द्विवेदी, स्वप्निल वरुण, कौशल किशोर दीक्षित, विनोद शुक्ला, रामदेव शुक्ला, रघुनंदन भदौरिया, भूपेंद्र त्रिपाठी, अनिरुद्ध शुक्ला, समरजीत सिंह, अंशुल बाजपेई मौजूद रहे।

जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग दो दिन का होगा जबकि मंडल स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित होंगे। प्रशिक्षण में सांस्कृतिक कार्यक्रम, योग प्राणायाम, योगाभ्यास जैसे कार्यक्रम होंगे।

### दक्षिण में गणेश शुक्ला बने प्रशिक्षण अभियान संयोजक

- भाजपा दक्षिण जिला मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि प्रशिक्षण अभियान में दक्षिण जिले में जिला उपाध्यक्ष गणेश शुक्ला को संयोजक एवं राम बहादुर यादव, वंदना गुप्ता व नीरज भदौरिया को सह संयोजक बनाया गया है।

### राहुल गांधी कांग्रेस को समाप्त करने में लगे हैं

- भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष, विधायक पंकज सिंह ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था कि आजादी के पहले बनाई गई कांग्रेस पार्टी को स्वतंत्रता मिलने के बाद समाप्त कर देना चाहिए। लेकिन कांग्रेस के तत्कालीन नेताओं ने महात्मा गांधी की बात नहीं मानी थी, लेकिन आज राहुल गांधी कांग्रेस को समाप्त करने के महात्मा गांधी के निर्देश को पूरा करते दिख रहे हैं।



डीजीएमई कार्यालय से आई टीम के साथ प्राचार्य प्रो. संजय काला। अमृत विचार

## डीजीएमई की टीम ने निर्माण कार्य देखे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज परिसर व हैलट परिसर में उप्र राजकीय निर्माण निगम द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य में देरी के कारण जानने डीजीएमई की टीम आई।

डीजीएमई किंजल सिंह ने मामले की जांच कराने के लिए दो सदस्यीय टीम का गठन किया, जिसमे ज्वाइंट डायरेक्टर गुलजारी लाल निगम व डबल एईओ हरित चौधरीहैं। टीम मंगलवार को मेडिकल कॉलेज पहुंची और यहां पर प्राचार्य प्रो. संजय काला से मुलाकात की। टीम ने प्राचार्य के साथ परिसर में सर्जरी व सर्जरी न्यू ब्लाक, एसी चीलर प्लांट, मेडिसिन विभाग में निर्माणाधीन जगह आदि देखा। टीम ने ठेकेदार अन्ना दुबे व उप्र राजकीय निर्माण निगम के प्रतिनिधि से वार्ता की। ठेकेदार ने बताया कि दीपावली से रुपये नहीं मिले है, जबकि निर्माण निगम ने रुपये दिए जाने की बात कही। टीम को ठेकेदार व निर्माण कंपनी के बीच आपसी समन्वय की कमी देखने को मिली। प्राचार्य ने बताया कि टीम रिपोर्ट तैयार कर डीजीएमई को सौंपेगी।

## सिटी ब्रीफ

### शासकीय अधिवक्ताओं के पदों पर आवेदन करें

**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) का एक पद तथा सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) के चौदह पद रिक्त हैं। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर सत्यापित प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियों सहित अपने आवेदन पत्र चार प्रतियों में 03 मार्च को सायं 5 बजे तक न्याय सहायक कलेक्ट्रेट, कानपुर नगर तथा राजस्व सहायक कलेक्ट्रेट, कानपुर नगर के पटल पर उपलब्ध करा दें।

### कुत्ते पर कार चढ़ने का वीडियो वायरल

**कानपुर।** नवाबगंज स्थित मैनावती मार्ग में पालतू कुत्ते पर कार चढ़ने से मौत होने का एक सीसीटीवी वीडियो मंगलवार देर शाम वायरल हुआ। वायरल वीडियो मैनावती मार्ग का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो के अनुसार 16 फरवरी की दोपहर एक वृद्ध अपने पालतू कुत्ते को सड़क किनारे टहलाते दिखाई दिए। इस दौरान उनके करीब से एक कार गुजरी। इसी बीच कुत्ता रोड की तरफ चला जाता है। कार के पहिए की चपेट में आकर गंभीर घायल कुत्ते की मौत हो जाती है। नवाबगंज थाना प्रभारी केशव तिवारी ने बताया कि कोई शिकायत नहीं मिली है। अगर शिकायत मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

### मजदूर संघ में मिली नई जिम्मेदारी

**कानपुर।** ओडिशा के पुरी में भारतीय मजदूर संघ के 21वें त्रै-वार्षिक अधिवेशन के बाद नवीन मार्केट स्थित भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के केंद्रीय कार्यालय में एक विशेष बैठक हुई, जिसमे नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया और उनकी नई भूमिकाओं की आधिकारिक घोषणा की गई। सुधा रानी को संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य, एमपी सिंह को रक्षा क्षेत्र का प्रभारी, प्रदीप राय को सह प्रभारी बैंकिंग सदस्य व तनवीर अहमद को जेसीएम-तृतीय लीडर के रूप में चुना गया। इस दौरान मुकेश सिंह, अनिल उपाध्याय, इंद्रजीत सिंह, योगेंद्र सिंह चौहान समेत आदि रहे।

### 27 केंद्रों पर हुई परीक्षा

**कानपुर।** सीबीएसई की मंगलवार को 27 केंद्रों पर दसवीं की परीक्षा आयोजित की गई, जिसमे दसवीं में 11986 में चार विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। जबकि इंटर की परीक्षा में 564 में से 66 विद्यार्थियों ने परीक्षा नहीं दी। वहीं, बुधवार को यूपी बोर्ड परीक्षा में इस बार 92,444 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इन परीक्षार्थियों के लिए केंद्रों में प्रश्न पत्र पहुंच गए हैं। प्रश्न पत्रों को डबल लॉक में रखा गया है।

# मत्स्य पालन विभाग डूबा सब मुख्यालय लादे गए

## उप निदेशक सुनीता वर्मा समेत कई अधिकारी अटैच किए गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर का मत्स्य पालन विभाग मुख्यमंत्री मस्त्य योजना को लेकर गंभीर नहीं रहा जिससे महानिदेशक मत्स्य धनलक्ष्मी के ने कानपुर की उप निदेशक सुनीता वर्मा सहित कई अधिकारियों एवं कर्मियों को मुख्यालय से संबद्ध कर दिया है।

उप निदेशक मत्स्य कानपुर मंडल की रिपोर्ट के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थी मनोज कुमार कश्यप की डीबीटी अपलोड की गई फोटोग्राफ एवं पोर्टल पर आवेदित तालाब, जिसका गाटा संख्या 850 एवं क्षेत्रफल 1.014 हेक्टेयर है। लाभार्थी के नाम आज तक आवंटित नहीं हुआ। जबकि जिला स्तरीय समिति से चयन किया गया था। इसी प्रकार योजना में राम कुमार नामक आवेदक का चयन भी जिला स्तरीय चयन समिति को गुमराह करके निजी भूमि पर निर्मित तालाब पर चयन कराया गया है जबकि योजना की गाइड लाइन के अनुसार इस योजना में मात्र पट्टाधारक का ही चयन किया जाता है।

इसी प्रकार निषाद राज योजना अंतर्गत भी तीरथ सिंह, उमा शंकर निषाद एवं पप्पू के भुगतान के लिए पोर्टल पर अपलोड किये गये बिल फर्म द्वारा निर्गत बिलों से भिन्न है। डीबीटी के लिए अपलोड किये जाने वाले प्रमाणपत्र में भी आए दिन अनेकों प्रकार की गंभीर त्रुटियां की जा रही हैं। योजना के अतंर्गत महेश प्रसाद की डीबीटी कार्यालय अभिलेखों का बाहरी व्यक्तियों को उपलब्ध कराने का आरोप है एवं कार्यालय अभिलेखों की गोपनीयता भंग करना भी पाया गया है।

### बुलंदशहर से जितेंद्र, लखनऊ से सृष्टि कानपुर तैनात

- महानिदेशक मत्स्य धन लक्ष्मी के. ने कानपुर के कई अधिकारियों को मुख्यालय से संबद्ध करते हुए बुलंदशहर के सहायक निदेशक जितेंद्र कुमार एवं लखनऊ की उप निदेशक सृष्टि यादव को कानपुर मै तैनाती दी है।

### मुख्यालय से संबद्ध अधिकारी-कर्मचारी

- सुनीता वर्मा, उप निदेशक मत्स्य
- केसी वर्मा, अपर सांख्यिकी अधिकारी
- आयशा, उर्दू अनुवादक, सह वरिष्ठ सहायक
- अमरीश अवस्थी, कनिष्ठ सहायक
- सुनील सिंह, वरिष्ठ सहायक
- सोहन लाल, कनिष्ठ सहायक
- सतीष निषाद, मछुआ
- अजय सिंह, मछुआ

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## सुगंध की खेती और उद्योग लगाने को जागरूक किया

**कानपुर।** सुगन्ध एवं सुरस विकास केन्द्र एवं आरोग्य भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सुगंध एवं इससे संबंधित उद्योग की जागरूकता पर उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आरोग्य धाम, रामेल नगर में आयोजित किया गया, जिसमें 60 किसानों, महिलाओं ने भाग लिया। आरोग्य भारती, कानपुर प्रान्त के डॉ रमाकांत पांडेय ने कैसे स्वस्थ रहें और जीवन शैली में सुधार करें, इस पर चर्चा की।

सुगन्ध एवं सुरस विकास केंद्र के सहायक निदेशक डॉ भक्ति विजय शुक्ला ने सुगंध एवं औषधीय की खेती के व्यायसायिक उपयोग तथा इससे सम्बंधित उद्यम स्थापित करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने लेमनग्रास, सिट्रोनिला तथा पमारोसा आदि की खेती तथा सरकार से उद्योग स्थापित करने के लिए मिलने वाली विभिन्न सुविधाएं तथा योजनाएं बताईं। प्रगतिशील किसान समर सिंह भदौरिया ने कृषि से कैसे ज्यादा लाभ प्राप्त किया जा सकते हैं, के बारे में सुझाव दिए। आरके त्रिपाठी ने लेमनग्रास की खेती के बारे में जानकारी दी। नमामि गंगे में जैविक खेती का कार्य देखने वाली रोजी रानी ने धन्यवाद दिया।

# राजनीतिक भविष्य के लिए विचलित हैं कई नेता, पार्टी बदलने की जुगत

शैलेश अवस्थी, कानपुर

- कोई पार्टी बदलने की कोशिश में, कोई अपने आकाओं से जता रहा अपनी महत्वाकांक्षा तो कोई अभी भांप रहा राजनीतिक माहौल
- नसीमुद्दीन के सपाई होने के बाद बढ़ी हलचल, 2027 चुनाव से पहले दावेदारों ने तेज़ कर दी है भागदौड़, अन्य दलों से भाजपा में आए नेता ज्यादा चिंतित

**अमृत विचार।** प्रदेश के कद्दावर नेता नसीमुद्दीन की टीम सहित सपा में जॉइनिंग के बाद बढ़ी सियासी हलचल की लहरें कानपुर तक हिलोरें मार रही हैं। अन्य दलों में लंबे समय से राजनीतिक बियावान में भटक रहे नेता अब पार्टी बदलने की जुगत में हैं।

यूजीसी मुद्दे के बाद उत्तर प्रदेश की जातीय राजनीति खासी गरमाई है और इसी के साथ भाजपा के कुछ स्थानीय नेता खासतौर पर बेचैन हैं, जिन्हें अभी तक कोई दायित्व नहीं मिला है। इसमें कई ऐसे भी नेता हैं, जिन्होंने पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव से पहले समर्थकों सहित भाजपा का दामन थामा, लेकिन अभी तक बिजी विडाउट वर्क हैं। कोई पद न मिलने से अब उनसे ज्यादा उनके समर्थक छटपटा रहे हैं क्यूंकि न तो वे खुद स्थापित हो पा रहे और न ही उन्हें समायोजित करवा पा रहे हैं।

राजनीतिक गलियारों में चर्चा के मुताबिक बसपा से भाजपा में आए एक नेता को अभी तक इस पार्टी ने कोई तवज्जो नहीं दी है और इससे वह विचलित से हैं। उन्हें उम्मीद थी कि भाजपा अगर चुनाव में टिकट नहीं देगी, लेकिन कोई दमदार ओहदा जरूर देगी, लेकिन साल दर साल बीत गए, उन्हें अब पार्टी कार्यक्रमों का दावतनामा तक नहीं भेजा जाता। इधर, यूजीसी के मुद्दे पर वे सोशल मीडिया पर भी मुखर रहे। चर्चा है कि वह सपा में जा सकते हैं, क्यूंकि सपा इनदिनों बयानों के मामले में ब्राह्मणों पर मेहरबान है। इस लाइन में एक-दो पूर्व विधायक, एक पूर्व सांसद, विधानसभा का चुनाव लड़ चुके नेता और अन्य पार्टियों में कई बड़े दायित्व निभा चुके नेता भी हैं, जो भाजपा में शामिल हुए थे। यह भी तथ्य है कि पूर्व मंत्री अंटू मिश्रा ने भी सपा जॉइन करने की जुगत की थी, लेकिन स्थानीय नेताओं ने विरोध कर दिया और मामला होल्ड हो गया। एक पूर्व सांसद जो सपा और बसपा में रह चुके हैं, लेकिन अब भाजपा में आने के बाद खाली हैं। ये अपने बयानों और जुबानी जंग को लेकर खासे चर्चा में रहते हैं। उनके पास कोई ओहदा भले न हो, लेकिन सरकार में उनकी ताकत जगजाहिर है। चर्चा है कि यदि उनके मन की नहीं हुई तो वह फिर समाजवादी पार्टी का दामन थाम सकते हैं। एक बड़े नेता जो कांग्रेस में कई बड़े पदों पर रह चुके हैं, लेकिन भाजपा में आने के बाद ओहदाविहीन हैं, उन्हें अब भी आस है कि इस बार टिकट मिलेगा या फिर कोई लाभ का ओहदा। उन्हें चुनाव में रणनीति बनाने का बड़ा तजुर्बेकार माना जाता है। वह प्रदेश के कुछ कद्दावर भाजपा नेताओं के संपर्क में हैं। यह भी चर्चा है कि इस बार जिले के कुछ विधायकों का टिकट कट सकता है और दूसरे दलों से भाजपा में आए नेता इसी इंतजार में हैं। सियासी चर्चा के मुताबिक इस बार सपा फिर कांग्रेस के साथ मिलकर विधानसभा का चुनाव लड़ सकती है। क्यूंकि लोकसभा चुनाव और उपचुनाव में इस गठबंधन को खासी सफलता मिली थी। यूजीसी मुद्दे, शंकराचार्य और ब्राह्मण राजनीति पर सपा खुलकर सामने आई। सपा की ओर सवर्ण नेताओं का आकर्षण खासतौर पर बढ़ रहा है।



100 बेड का अस्पताल शुरू नहीं हो सका है। अमृत विचार

# 100 बेड के अस्पताल में जल्द शुरू होगा इलाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सांसद रमेश अवस्थी के पत्र पर मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं परिवार कल्याण को दिए आदेश

**अमृत विचार।** नौबस्ता मौरंग मंडी में बनो गए 100 बेड के अस्पताल का उद्घाटन जल्द ही हो सकता है। इस अस्पताल में अभी उपचार की सुविधा शुरू नहीं हो सकी है। सांसद रमेश अवस्थी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर जल्द से जल्द अस्पताल शुरू कराने का आग्रह किया था। उनके पत्र को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं परिवार कल्याण को अस्पताल में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराकर उपचार की व्यवस्था शुरू कराने का आदेश दिया है। साथ ही मुख्यमंत्री कार्यालय से इस संबंध में सांसद को भी अवगत कराया गया है।

अस्पताल को 10 हजार वर्ग मीटर में तैयार किया गया है, जिसकी लागत करीब 44 करोड़, 44 लाख 53 हजार रुपये है। अस्पताल में नेत्र रोग, अस्थि रोग, वाह्य रोग, दंत रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, नाक कान व गला रोग, इमरजेंसी, सर्जरी व पैथोलॉजी विभाग का संचालन होगा अस्पताल में आईसीयू, लेबर रूम, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन की भी सुविधा मिलेगी।

> अस्पताल के संचालन के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। उन्होंने इसका संज्ञान लेकर प्रमुख सचिव को निर्देशित किया है। जल्द ही यह अस्पताल चालू होगा।
>
> **रमेश अवस्थी, सांसद**

इस अस्पताल की जिम्मेदारी 35 डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ व सफाई कर्मी संभालेंगे। इसमें उपचार शुरू हो जाने से कानपुर दक्षिण में लगभग 20 लाख से अधिक आबादी को लाभ होगा। फिर उन्हें हैलट अस्पताल नहीं आना होगा।

## डॉ.अमित कुमार होंगे सम्मानित

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के कला, मानविकी व सामाजिक विज्ञान संकाय के लाइफलॉन्ग लर्निंग एंड एक्सटेंशन विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.अमित कुमार को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान अखिल भारतीय सारस्वत परिषद, वाराणसी द्वारा 23 फरवरी को काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी में आयोजित सम्मान समारोह में प्रदान किया जाएगा। परिषद की राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष व महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर, राजस्थान के कुलपति प्रोफेसर मनोज दीक्षित ने उन्हें आमंत्रण भेजा है। पूरे देश से 25 लोगों को इस सम्मान के लिए चुना गया है।

# 2027 में हार के बाद मुंह छिपाएंगे अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भारत की पहचान अब दुनिया के आगे झुकने वालों में नहीं

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह का कहना है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव फार्म-7 का विरोध इसलिए कर रहे हैं क्योंकि वे 2027 में यूपी विस चुनाव में संभावित पराजय के बाद मुंह छिपाने का अभ्यास अभी से कर रहे हैं। विपक्ष हमेशा लोकतांत्रिक और संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाने का काम करता है।

मंगलवार को भाजयुमो कानपुर बुन्देलखण्ड द्वारा एसएन सेन डिग्री कालेज में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब विपक्ष चुनाव जीतता है तो ईवीएम पर सवाल नहीं उठाता, लेकिन हारने के बाद चुनाव आयोग और ईवीएम को कटघरे में खड़ा करता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एसआईआर (विशेष पुनरीक्षण अभियान) पहले भी कई बार हुआ है और इस बार भी उसी प्रक्रिया के तहत किया जा रहा है। सरकार ने बजट में युवाओं को स्किलफुल बनाने, रोजगार के अवसर बढ़ाने, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), इंफ्रास्ट्रक्चर और गांवों के विकास तक हर क्षेत्र को प्राथमिकता दी गई है। ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि आज भारत की पहचान दुनिया में झुकने वालों की नहीं, बल्कि सिर उठाकर जवाब देने वाले देश के रूप में बन चुकी है। पाकिस्तान को जिस तरह ऑपरेशन सिंदूर के जरिए जवाब दिया गया। उससे देश की शक्ति और संकल्प का संदेश पूरी दुनिया तक पहुंचा है। मोदी सरकार ने महिलाओं को सम्मान और सुरक्षा देने का काम किया है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, भाजयुमो के जिलाध्यक्ष शिवांग मिश्रा आदि मौजूद रहे।



एसएन सेन डिग्री कालेज में युवा संवाद में मौजूद नेता। अमृत विचार

## 12 विद्यार्थियों को मिली नौकरी

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कंपनी के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों की तकनीकी दक्षता, व्यवहारिक ज्ञान, संचार कौशल व व्यक्तित्व का मूल्यांकन किया। विद्यार्थियों ने अपनी पेशेवर दक्षता और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसके तहत 12 विद्यार्थियों का चयन विभिन्न पदों चयन प्रारंभिक वेतन 25,000 से 30,000 रुपये प्रतिमाह के लिए किया गया। विभागाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी ने कहा कि उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को उद्योग के अनुरूप दक्ष, आत्मनिर्भर एवं नेतृत्व क्षमता से परिपूर्ण बनाना है।

**लापरवाही**

**अभी तक जारी नहीं हुआ टेंडर, जून में पानी बढ़ने पर खोलना भी होगा पीपा पुल**

# गंगा में बनने वाले पीपा पुल का लाभ इस साल मिलना मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोक निर्माण विभाग द्वारा दावे किए जा रहे थे कि फरवरी माह में टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद पीपा पुल का निर्माण शुरू हो जाएगा और मार्च से पीपा पुल जनता के लिए खोल दिया जाएगा। लेकिन विभाग के यह दावे फेल साबित हो गए है। क्योंकि अभी तक टेंडर प्रक्रिया ही पूरी नहीं हो सकी है। अब विभाग के अधिकारी अप्रैल माह में निर्माण के सपने दिखा रहे हैं।

शुक्लागंज से कानपुर आने व जाने के लिए वर्तमान में गोलाघाट के पास बने नए पुल पर जाम की समस्या से प्रतिदिन लोगों को जूझना पड़ रहा है। जाम से राहत पहुंचाने के लिए लोक निर्माण विभाग ने पुराने शुक्लागंज गंगापुल से करीब 300 मीटर की दूरी पर करीब 550 मीटर लंबा पीपा पुल बनाने की योजना बनाई है। विभाग ने पहले जनवरी माह और उसके बाद फरवरी माह में पीपा पुल का निर्माण शुरू होने का दावा किया था, लेकिन अब विभाग के अधिकारी अप्रैल में निर्माण कराकर जनता के लिए पुल को खोलने का दावा कर रहे हैं। लेकिन यह भी दावा पूरा होता नहीं दिख रहा है। क्योंकि गंगा नदी में जून माह से पानी बढ़ने लगता है। इसलिए पीपा पुल अगर बन भी जाता है तो उसे 15 जून तक खोलना होगा। क्योंकि बारिश के कारण हरिद्वार और नरौरा बांध से पानी छोड़ा जाता है। तब गंगा चेतावनी बिंदु या खतरे के निशान के करीब पहुंच जाती है, जिससे तटीय गांवों और बैराज के पास बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है।



गंगा में टूटा पड़ा पुल। अमृत विचार

### दो जिलाधिकारियों से मांगी रिपोर्ट

- लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनूप कुमार मिश्रा के मुताबिक पीपा पुल के लिए निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया में कंपनियों के सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया गया है। प्रयागराज की एसएन इंफ्रा और आजमगढ़ की एक कंपनी के प्रोफाइल की जांच के लिए दो जिलों के जिलाधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। जून में पुल को खोलने के बाद अक्टूबर में फिर से बनाया जाएगा।

### परिवहन कार्य में भी लग सकता है समय

- पीपा पुल के निर्माण के लिए 120 पीपे प्रयागराज से कानपुर मंगवाएं जाएंगे, इन पीपों पर ही पुल बनकर तैयार होगा और सड़क का निर्माण होगा। इन पीपों को प्रयागराज से ट्रालों के माध्यम से लाया जाना है। पीपों को प्रयागराज से लाने में ही करीब 80 लाख रुपये खर्च होंगे। जबकि इस परियोजना का कुल बजट डेढ़ करोड़ रुपये है। पीपों के आने के बाद उन्हें गंगा में उतारकर आपस में जोड़ते हुए पुल का निर्माण किया जाएगा। विभाग के अधिकारियों द्वारा परिवहन कार्य में समय लगने की बात कह रहे हैं।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## सिटी ब्रीफ

### संपत्ति के बंटवारे के विवाद में तोड़फोड़

**कानपुर।** नवाबगंज निवासी योगिता यादव के अनुसार उनका चचिया ससुर के पक्ष से सम्पत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। जिसका वाद कानपुर सिविल कोर्ट में चल रहा है। आरोप है कि वह लोग उन पर मुकदमा वापस लेने और मकान खाली करने का दबाव बना रहे हे। बीती 13 फरवरी को उनके परिवार के लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

### मारपीट करने का मुकदमा दर्ज

**कानपुर।** सिविल लाइंस निवासी फरदीन रियाजत के अनुसार बीती नौ फरवरी 2026 को वह परिवार के साथ लिफ्ट से जा रहे थे। आरोप है इस दौरान अपार्टमेंट में रहने वाले आतिफ, यमन और यासिर लिफ्ट में जगह नहीं होने के बावजूद अंदर आने लगे। विरोध करने पर गाली-गलौज व मारपीट की। ग्वालटोली थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की है।

### मारने की धमकी

**कानपुर।** शास्त्री नगर निवासी महिला ने आरोप लगाया कि एम ब्लॉक कच्ची बस्ती निवासी युवकों ने उनके दरवाजे पर ईंट मार दिया। जिससे उनकी नींद खुल गई। उन्होंने बाहर जाकर विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट की। साथ ही परिवार को जान से मारने की धमकी दी।




स्मारिका का विमोचन करते अतिथि। अमृत विचार



सेमिनार में मौजूद आयोजक और अतिथि। अमृत विचार

# युवा वर्ग लोकतंत्र को मजबूत करने में अहम

## एएनडी डिग्री कालेज में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि डीआईजी ने कही ये बात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सभी की सक्रिय सहभागिता से समाज का परिदृश्य बदल सकता
- 21 वीं सदी के कई मुद्दों पर मंथन

**अमृत विचार।** 21वीं सदी में युवा वर्ग सामाजिक आंदोलनों और डिजिटल प्लेटफॉर्म से लोकतंत्र को मजबूत कर रहा है। अधिकतर युवा देशहित में ही सारे काम कर रहे हैं। इससे लोकतंत्र को मजबूती मिलती है। मंगलवार को बतौर मुख्य अतिथि ये बातें डीआईजी कानपुर रेंज हरीश चंदर ने कहीं। वह आचार्य नरेंद्र देव नगर निगम महिला महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार (आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित) को संबोधित कर रहे थे। जिसका विषय- रीडिफाइनिंग सिविक इंगेजमेंट इन द ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी टूवाड्‌र्स ए स्ट्रांगर डेमोक्रेसी रखा गया था।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रोफेसर ऋतंभरा, मुख्य अतिथि डीआईजी रेंज कानपुर हरीश चंदर, मुख्य वक्ता प्रोफेसर शान्तेश कुमार सिंह, विशिष्ट वक्ता प्रोफेसर अश्विनी कुमार दुबे, संयोजक डॉ आकांक्षा गौर के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन डॉ पूजा शुक्ला ने किया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अतिथियों और आगंतुकों का आभार जताया। ग्लोबलाइजेशन इन द ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी ए मल्टीडायमेंशनल डिस्कोर्स पुस्तक व सेमिनार की स्मारिका का विमोचन किया गया। संयोजक डा.आकांक्षा गौर ने द्वि- दिवसीय संगोष्ठी के उद्देश्य व विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर शान्तेश कुमार सिंह रहे। विशिष्ट वक्ता प्रोफेसर अश्विनी कुमार दुबे थे। संचालन सुश्री दीक्षा सिंह द्वारा किया गया। पूर्ण अधिवेशन-1 सत्र की अध्यक्षता प्रो अनुपम शर्मा तथा सह -अध्यक्षता प्रो आरती सक्सेना ने की। मुख्य वक्ता प्रो प्रवीण कुमार तिवारी ने लोकतांत्रिक शिक्षा पर प्रकाश डाला। पूर्ण अधिवेशन-2 सत्र की अध्यक्षता प्रो आशुतोष सक्सेना तथा सह- अध्यक्षता प्रो संगीता अवस्थी ने की। मुख्य वक्ता प्रो राजीव कुमार सिंह ने लोकतंत्र के ऐतिहासिक एवं राजनीतिक आयामों पर प्रकाश डाला। तकनीकी सत्र-1 जिसका विषय हिस्टोरिकल रूट्स आफ सिविक इंगेजमेंट रहा। जिसकी अध्यक्षता प्रो सबीहा रहमानी तथा सह -अध्यक्षता प्रो नीलम चौहान ने की। डॉ अखिलेश कुमार डॉ जयंती सिंह ने संबोधित किया। तकनीकी सत्र- 2 का विषय डेमोक्रेटिक गर्वनेंस एंड डिजीटल कांस्टीट्यूशनलिस्ट रहा। अध्यक्षता डॉ विवेक कुमार राय तथा सह -अध्यक्षता प्रो अर्चना सक्सेना ने की। तकनीकी सत्रों का समन्वय समन्वयक डॉ स्वाति के द्वारा किया गया जिसमें 111 प्रतिभागियों ने ऑफलाइन एवं ऑनलाइन माध्यम से शोध पत्रों को प्रस्तुत किया।

# विकास की अवधारणा से ही मिटेंगी चुनौतियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सतत् विकास की अवधारणा से निपटेंगी वैश्विक चुनौतियां
- विवि में शोध पुस्तक और सेमिनार प्रोसीडिंग का विमोचन

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू के सेंटर फॉर एकेडमिक में वित्त पोषित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के बाद मंगलवार को इससे संबंधित शोध पुस्तक और सेमिनार प्रोसीडिंग का विमोचन किया। ब्रह्मानंद कॉलेज द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम 'सतत विकास लक्ष्य, रणनीतियां और चुनौतियां विषय पर केंद्रित रहा। कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक ने लेखकों और संपादकों के प्रयासों की सराहना कर कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए सतत विकास की अवधारणा को समझना और लागू करना अनिवार्य है। सतत् विकास लक्ष्यों को प्राप्त करना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। कहा कि पुस्तक में संगोष्ठी के दौरान प्रस्तुत किए गए उच्च स्तरीय शोध पत्रों को संकलित किया गया है, जो शोधार्थियों के लिए भविष्य में मार्गदर्शक का कार्य करेंगे। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य प्रो.विवेक द्विवेदी, डायरेक्टर प्रो. आरके द्विवेदी, प्रो. नवनीत मिश्र, प्रो.रीता अवस्थी समेत कई वरिष्ठ प्राध्यापक और शिक्षाविद मौजूद रहे।



पुस्तक का विमोचन करते प्रोफेसर। अमृत विचार




कोरल जुबली रीयूनियन में शामिल आईआईटी कानपुर 1990 बैच के पूर्व छात्र व छात्राएं। अमृत विचार

# आईआईटी के पूर्व छात्र 13.2 करोड़ देंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कोरल जुबली रीयूनियन पर आईआईटी लौटे पूर्व छात्र

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर के 1990 बैच के पूर्व छात्र अपने कोरल जुबली रीयूनियन पर परिसर में लौटे। रीयूनियन में भारत और विदेशों से आए पूर्व छात्र शामिल हुए, जिन्होंने अपने सहपाठियों से दोबारा मुलाकात कर कैंपस की यादों को ताजा किया समारोह के अंतर्गत 1990 बैच ने संस्थान की शैक्षणिक, शोध व छात्र केंद्रित पहलों के समर्थन के लिए 13.2 करोड़ के सामूहिक योगदान की घोषणा की।

रीयूनियन कार्यक्रम में पूर्व छात्रों ने संस्थान के नेतृत्व, संकाय सदस्यों और छात्रों के साथ संवाद किया। शोध, नवाचार और अवसंरचना विकास से जुड़ी चल रही पहलों पर प्रस्तुतियां दी।

पूर्व छात्रों ने अपने छात्र जीवन के अनुभवों व संस्थान से प्राप्त शिक्षा के दीर्घकालिक प्रभावों को साझा किया। निदेशक प्रो.मणीन्द्र अग्रवाल ने कहा कि उनका उदार योगदान छात्रवृत्तियों को मजबूत करेगा, उच्च स्तरीय शोध को बढ़ावा देगा और संस्थागत विकास को गति देगा। इस मौके पर संसाधन एवं एलुमनाई, अधिष्ठाता प्रो. अमेय करकरे ने कहा कि 1990 बैच संस्थान की सशक्त एलुमनाई संस्कृति का उत्कृष्ट उदाहरण है।

बैच समन्वयक राजीव रंजन ने बताया कि सिल्वर जुबली के समय दिया गया 70 लाख का योगदान बढ़कर 1.5 करोड़ हो चुका है और आज भी छात्रवृत्तियों को सहयोग प्रदान कर रहा है। बैच ने अपना कोरल जुबली लक्ष्य 13 करोड़ भी पार कर लिया है।

## एचबीटीयू के छात्र का शव मिला

**कानपुर।** नवाबगंज में एचबीटीयू के छात्र का शव संदिग्ध हालात में कमरे के अंदर मिला। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर जांच पड़ताल की। सजेती के ग्राम ईश्वरीपुर निवासी धर्मेंद्र यादव यूपी पुलिस में हेड कॉस्टेबल है। वर्तमान में उनकी तैनाती प्रयागराज में है। परिवार में पत्नी विमला और दो बेटे 23 वर्षीय अभिषेक और आयुष है। धर्मेंद्र ने बताया कि बेटा अभिषेक एचबीटीयू से पेंट और केमिकल ट्रेड से बीटेक फाइनल ईयर का छात्र था। वह आजाद नगर स्थित एक मकान में किराये पर कमरा लेकर पढ़ाई कर रहा था। मकान में कई अन्य छात्र भी रहते है। इस समय बेटे की परीक्षा चल रही थी। मंगलवार को बेटा कॉलेज नहीं पहुंचा तो वह कमरे में पहुंचे। दरवाजा खटखटाने के बाद भी आवाज नहीं आने पर अनहोनी होनी की आशंका हुई। जिस पर छात्रों ने मकान के केयरटेकर नंद कुमार और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो बेड पर शव पड़ा मिला।

# रमजान का इंतजार: आज से हो सकती तरावीह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रमजान-उल-मुबारक का महीना आ चुका है। यदि चांद दिखाई दिया तो बुधवार की रात में तरावीह की नमाज शुरु हो जाएगी। हलीम कालेज ग्राउंड पर सबसे बड़ी तरावीह की नमाज होगी जिसपर चमनगंज पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

हलीम ग्राउंड पर पूर्व विधायक हाजी इरफान सोलंकी, शकील अहमद कुरैशी, पार्षद लियाकत अली आदि मौजूद रहे। उधर रमजान में रोजेदारों को शरई जानकारी देने के लिए हेल्प लाइन शुरु करने की घोषणा की गई है। आल इंडिया गरीब नवाज कौंसिल की हीरामन पुरवा में बैठक हुई जिसमें रमजान मुबारक पर माहे स्याम हेल्पलाइन का आगाज किया गया।

एक रमजान से आखिरी रमजान तक यह हेल्पलाइन रोजा, नमाज, सदकात, सहरी व इफ्तार, वुजू और गुस्ल (स्नान) से संबंधित शरई मसाइल का हल मुफ्ती की टीम देगी। अध्यक्षता गद्दियाना ईदगाह के पेशइमाम मौलाना मोहम्मद हाशिम अशरफी ने की। मौलाना ने कहा कि सहरी और इफ्तार में अपने पड़ोसी का ख्याल रखें।

- ध्वनि प्रदूषण से बचें, सहरी और इफ्तार में पड़ोसी का भी खास खयाल रखें



हलीम ग्राउंड पर नमाज को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेती चमनगंज पुलिस।

कुरआन मुकम्मल होने के बाद भी पूरे रमजान तरावीह की नमाज पढ़ें, बीच में तरावीह की नमाज नहीं छोड़ें।

इस मौके पर मौलाना मोहम्मद मेहताब आलम कादरी मिस्बाही ने कहा कि सहरी व इफ्तार में अनुचित ध्वनि प्रदूषण से परहेज करें। कुछ लोग सहर बेदारी में दो-ढाई बजे से ही लोगों को जगाने का काम शुरू कर देते हैं। सहर बेदारी अच्छी चीज है, लेकिन कुछ लोग बीमार रहते हैं, उन्हें तेज आवाज से नुकसान पहुंचता है। इसलिए हालात के पेशे नजर इन चीजों से परहेज किया जाए। अगर वुजू दुरुस्त न हो तो नमाज नहीं होती, क्योंकि वुजू नमाज की कुंजी है।

### मुफ्तियान की हेल्पलाइन में शरई सवाल पूछें

- मुफ्ती मोहम्मद इलियास खां नूरी (मुफ्ती आजम कानपुर) – 9935366726
- मौलाना मोहम्मद हाशिम अशरफी – 9415064822
- मुफ्ती मोहम्मद मेहताब आलम मिस्बाही – 9044890301
- मौलाना फतेह मोहम्मद क़ादरी – 9918332871
- मुफ्ती महमूद हसन अख्तर अलीमी – 9161779931
- मुफ्ती कासिम अशरफी मिस्बाही – 8052277015
- मौलाना गुलाम हसन कादरी – 7897581967
- मुफ्ती गुल मोहम्मद जामई अशरफी – 8127135701
- मौलाना सुफियान मिस्बाही – 9519904761
- हाफिज मोहम्मद अरशद अशरफी – 8896406786
- मास्टर इकबाल नूरी– 8795819161



डॉ. एएस सेंगर को मिली फेलोशिप। अमृत विचार

## डॉ.एएस सेंगर को मिली फेलोशिप

कानपुर। मुंबई में आईएजीईएस का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया, जिसमे शहर के सर्जन डॉ. एएस सेंगर शामिल हुए। उन्हें समारोह में एडवांस्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी की फेलोशिप से सम्मानित किया गया। यह फेलोशिप सर्जनों को जटिल स्थितियों को आत्मविश्वास और सुरक्षा के साथ प्रबंधित करने में सक्षम बनाती है। इस मौके पर अनुराग हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ. अनुराग सिंह उपस्थित रहे।

# उद्यमों के इकोसिस्टम अब होंगे और सशक्त

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गोदरेज कैपिटल ने उप्र सरकार के साथ किया एमओयू

**अमृत विचार।** गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप की वित्तीय सेवा शाखा, गोदरेज कैपिटल ने अपनी सहायक कंपनी गोदरेज फाइनेंस लिमिटेड के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार के साथ एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। ताकि प्रदेश भर में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के इकोसिस्टम को सशक्त किया जा सके। गोदरेज फाइनेंस और प्रदेश सरकार मिलकर राज्य के 500 उच्च क्षमता वाले चैंपियन एमएसएमई की पहचान करेंगे और उन्हें आवश्यक ऋण सहायता प्रदान करने की दिशा में कार्य करेंगे।

इस पहल का उद्देश्य छोटे व्यवसायों के लिए प्रगति के नए द्वार खोलना, रोजगार के अवसर पैदा करना और विभिन्न जिलों की स्थानीय अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाना है। यह सहयोग उत्तर प्रदेश की एमएसएमई नीति के अनुरूप है, जिसमें ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और संस्थागत वित्त तक बेहतर पहुंच पर जोर दिया गया है।

साझेदारी के हिस्से के रूप में दोनों संस्थाएं मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत एक विशेष वित्तीय उत्पाद पर विचार करेंगी, जिससे युवा उद्यमियों को तेजी से विस्तार करने में मदद मिलेगी। गोदरेज फाइनेंस के एमडी व सीईओ पंकज गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश का एमएसएमई आधार अत्यंत बेहतर और विविध है, जो रोजगार सृजन और आर्थिक उन्नति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इस साझेदारी का उद्देश्य अपनी डिजिटल-फर्स्ट ऋण क्षमताओं को राज्य के एमएसएमई विजन के साथ एकीकृत करना है, ताकि उच्च-क्षमता वाले एमएसएमई, महिला उद्यमियों और युवाओं को सशक्त बनाया जा सके। एमओयू का एक प्रमुख स्तंभ महिला नेतृत्व वाले उद्यमों पर भी जोर है। सरकार गोदरेज कैपिटल द्वारा महिलाओं के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए वित्तीय समाधान आरोही लोन के माध्यम से ऋण समर्थन प्रदान करने के रास्तों का अन्वेषण करेगी।

## प्रो.विवेक त्रिपाठी बने सीएसए के निदेशक प्रसार

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में अधिष्ठाता उद्यान संकाय प्रो.विवेक कुमार त्रिपाठी को वर्तमान दायित्व के साथ निदेशक प्रसार के सभी दायित्वों के निर्वहन करने का आदेश प्रदान किया गया। डॉ.त्रिपाठी की 13 पुस्तकें व 110 से अधिक शोध पत्र विभिन्न ख्याति प्राप्त जर्नल्स व पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं।



इनको उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विशिष्ट वैज्ञानिक फल एवं सब्जी के साथ विशिष्ट शिक्षक, लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड और विशिष्ट वैज्ञानिक सहित कई अन्य राष्ट्रीय व अंतरर्राष्ट्रीय अवार्ड भी प्राप्त हुए हैं।

## खेल जगत

### मुंबई से आए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं रेफरी वैभव वावडे ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन

# पिकलबॉल प्रतियोगिता में हुए रोमांचक मुकाबले

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश में पहली बार द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में आयोजित पिकलबॉल प्रतियोगिता में एक लाख रुपये का नकद इनाम खिलाड़ियों को प्रदान किया गया। टीएसएच द्वारा दी गई इस पुरस्कार राशि के कारण खिलाड़ियों में उत्साह व प्रतिस्पर्धा का माहौल देखने को मिला। मुकाबले बेहद रोमांचक हुए और कई मैच अंतिम अंकों तक संघर्षपूर्ण बने रहे।

प्रतियोगिता का आयोजन अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व की थीम पर किया गया, जिसका उद्देश्य स्थानीय खिलाड़ियों को उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा का अनुभव देना था। मुंबई से आए अंतरराष्ट्रीय पिकलबॉल खिलाड़ी एवं रेफरी वैभव वावडे ने कहा कि पिकलबॉल तेजी से उभरता हुआ खेल है और यदि खिलाड़ियों को सही मार्गदर्शन व अवसर मिलें तो वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।





कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय पिकलबॉल खिलाड़ी एवं रेफरी वैभव वावडे के साथ ध्रुव मलिक, सत्येन अरोरा, राहुल गुप्ता, प्रज्ञा अग्रवाल, सिद्धार्थ व प्रतियोगिता में भाग लेते राघव।

पुरुष युगल मुकाबले में कार्तिके गर्ग और राघव भाटिया को स्वर्ण पदक, सत्यन अरोड़ा और ध्रुव मलिक को रजत पदक, दिव्य तुलसानी व विमान्यु अग्रवाल तथा अमल गुप्ता व एकांश मित्तल को कांस्य पदक मिला। महिला युगल मुकाबले में इशिता कनोडिया व राशिका अग्रवाल को स्वर्ण पदक, निधी कनोडिया और अनुभूति गुप्ता को रजत, माला सिंह और सीमा सक्सेना को कांस्य पदक मिला। युवा वर्ग के एकल मुकाबले में कार्तिके गर्ग को स्वर्ण, मनू भरतिया को रजत पदक, दिव्य तुल्स्यान और हरजस सिंह को कांस्य मिला।



उत्सव में शामिल हुए श्रद्धालु। अमृत विचार



आहुति देते करौली शंकर महादेव।

# वैदिक परंपरा से मिटेंगे सबके कष्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** करौली शंकर महादेव पूर्वज मुक्ति आश्रम में निःशुल्क आनंद दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने हवन पूजन किया और पूर्वजों की मुक्ति की कामना की।

करौली शंकर महादेव ने कहा कि आधुनिक समाज में चाहे कोई अमीर हो या गरीब, हर व्यक्ति किसी न किसी कष्ट से जूझ रहा है, क्योंकि वह अपनी वैदिक सनातन परंपरा से दूर हो चुका है। आश्रम में वर्षों के शोध और अनुसंधान के बाद यह सिद्ध किया गया है कि असाध्य मानसिक रोगों और मानसिक अशांति का मुख्य कारण ''पितृ दोष'' और नकारात्मक ऊर्जाएं हैं। जिनका निदान दरबार में किया जा रहा है। वैदिक परंपरा से समाज के रोग और कष्ट को मिटाया जा सकता है। समाज के उन वर्गों को ध्यान में रखते हुए जो एक दिवसीय वैदिक अनुष्ठान करने में असमर्थ हैं या जो पहले लाभ को प्रत्यक्ष देखना चाहते हैं, उनके लिए निशुल्क आनंद दरबार की शुरुआत की गई है। यह दरबार प्रत्येक अमावस्या को आयोजित किया जाता है। पिछले माह जनवरी में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर इसकी भव्य शुरुआत हुई थी। आनंद दरबार 19 मार्च को करौली शंकर महादेव धाम में पुनः लगाया जाएगा। करौली शंकर महादेव ने कहा कि जो लोग गुरु की शरण में रहते हैं उनके जीवन के समस्त कष्टों का निवारण हो जाता है। इसलिए गुरु की शरण में पूरी श्रद्धा, विश्वास के साथ जाना चाहिए।

**न्यूज ब्रीफ**

### ट्रक की टक्कर से वृद्ध की हुई मौत

**उन्नाव, अमृत विचार :** सोहरामऊ थानाक्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव मोर्चरी भेजा है। बता दें कि थानाक्षेत्र के मौहारी गांव निवासी हंसराम यादव (60) पुत्र स्व. चंद्रिका किसी काम से भल्लाफार्म तिराहा आए थे। पैदल हाईवे पार करते समय लखनऊ से आ रहे ट्रक उन्हें टक्कर मारता हुआ डिवाइडर से टकरा गया। इसमें हंसराम की मौके पर मौत हो गई। एसओ अरविंद पांडेय ने बताया कि परिजनों को सूचना देकर शव मोर्चरी भेजा जा रहा है। ट्रक थाने में खड़ा कराया गया है। चालक की तलाश की जा रही है।

### बच्चे के विकास को हर दिन भेजें स्कूल

**उन्नाव, अमृत विचार :** विकासखंड सिकंदरपुर कर्ण के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरी त्रिभानपुर के शिक्षकों ने गौरी त्रिभानपुर गांव में घर-घर जाकर अभिभावकों से बच्चों को हर दिन विद्यालय भेजने की अपील की। अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति पर चर्चा करते हुए शिक्षक प्रदीप सिंह ने शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि बाल मैत्रीपूर्ण वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाने का हर बच्चे का मौलिक अधिकार है। कहा कि बच्चों को नियमित स्कूल न भेजने से सीखने सिखाने में अवरोध उत्पन्न होता है। बच्चे के अंदर झिझक पैदा होती है। इस दौरान शिक्षक महेंद्र मौर्य, शिक्षिका अंजली सक्सेना, शिवानी सचान, रीतेश शर्मा ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने हेतु विद्यालय में बच्चों की नियमित उपस्थिति के महत्व बताएं।

# आज 122 केंद्रों पर 71673 छात्र देंगे परीक्षा

## यूपी बोर्ड परीक्षाः सभी केंद्रों की सीसीटीवी से होगी निगरानी, डीआईओएस के कार्यालय में बना कंट्रोल रूम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई स्कूल व इंटर की परीक्षा 18 फरवरी से प्रारंभ होगी। इसमें हाईस्कूल के 39508 व इंटर के 32165 परीक्षार्थी मिलाकर 71673 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठेंगे। इसके लिए जिले के 122 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए जिले को 6 जोन में बांटकर एसडीएम को जोनल मजिस्ट्रेट बनाया गया है। जिले को 11 सेक्टर में बांटा गया है और 122 स्टेटिक मजिस्ट्रेट व वाहय केंद्र व्यवस्थापक हर केंद्र पर लगाए गए हैं तथा 3500 कक्ष निरीक्षकों की व्यवस्था की गई है।

डीआईओएस सुनील दत्त ने बताया कि जिले के सभी 122 केंद्रों में सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा होगी। इसके लिए उनके कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसमें जिलाधिकारी द्वारा एसडीम उदयवीर सिंह को प्रभारी नियुक्त किया गया है तथा प्रधानाचार्य रामचंद्र सिंह की देखरेख में कंट्रोल रूम संचालित होगा। इसमें एक दर्जन कंप्यूटर लगाए गए हैं जो जिले के सभी 122 केंद्रों की निगरानी करेंगे। हर कंप्यूटर पर एक शिक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। दोनों पालियो के लिए अलग-अलग शिक्षक लगाए गए हैं। प्रथम पाली के शिक्षक सुबह 7 से 1:30 बजे तक और



कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्र की निगरानी करते शिक्षक। ● अमृत विचार

द्वितीय पाली के शिक्षक 2 से 7 बजे तक ड्यूटी करेंगे। जबकि हाईस्कूल की परीक्षा का समय सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक और इंटर के छात्रों की परीक्षा 2 से 5:15 बजे तक होगी। उन्होंने बताया कि जिले के 122 केंद्रों में 11 राजकीय, 48 सहायता प्राप्त व 63 वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालय केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों में उनके विद्यालय के शिक्षक भी कक्ष निरीक्षक का कार्य कर सकते हैं। जिनके आईडी बोर्ड द्वारा जनरेट किए गए हैं इसके अलावा राजकीय व सहायता प्राप्त विद्यालय के शिक्षकों के अतिरिक्त बेसिक स्कूलों के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। बेसिक स्कूलों के शिक्षक बीएसए द्वारा जारी शिक्षकों की आईडी पर ड्यूटी करेंगे। 18 फरवरी से 12 मार्च तक होने वाली परीक्षा शुरू होने से समाप्ति तक की पूरी रिकॉर्डिंग सभी केंद्र व्यवस्थापक रखेंगे। यह कभी भी देखी जा सकती है। 7 केंद्र जहां पर परीक्षार्थियों की संख्या अधिक है और अति संवेदनशील हैं उन केंद्रों पर विशेष नजर रखी जाएगी।

### शुक्लागंज के 5 केंद्रों पर होंगी बोर्ड परीक्षाएं

**शुक्लागंज उन्नाव :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की वार्षिक परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो रही हैं। गंगाघाट में कुल 5 केंद्र बनाए गए हैं। जहां 3,546 परीक्षार्थी विभिन्न विषयों की परीक्षा देंगे। इनमें 1,903 हाईस्कूल व 1,643 इंटर के छात्र-छात्राएं शामिल हैं। परीक्षा को नकलविहीन व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए केंद्र व्यवस्थापकों ने सभी जरूरी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली थीं। मंगलवार को केंद्रों पर सीटिंग प्लान, कक्ष निरीक्षण, सीसीटीवी कैमरों की जांच व अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। सभी परीक्षार्थियों को अनुक्रमांक के आधार पर कक्ष आवंटित किए गए हैं। परीक्षा के दौरान हर कक्ष में लगे कैमरों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। सुरक्षा की दृष्टि से हर केंद्र पर पर्याप्त फोर्स तैनात रहेगा। शुक्लागंज में बने केंद्रों में राजमार्ग स्थित ओम प्रकाश ज्वालादेवी इंटर कॉलेज, कंचन नगर स्थित महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज, गंगा नगर स्थित गंगा प्रसाद महेता सरस्वती विद्या मंदिर, गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज व पोनी रोड स्थित डॉ. लोहिया स्कूल शामिल हैं। बुधवार को सुबह पाली में हाईस्कूल हिंदी/प्रारंभिक हिंदी की परीक्षा होगी, जबकि दूसरी पाली में इंटर की हिंदी/सामान्य हिंदी की परीक्षा होगी। परीक्षा से एक दिन पूर्व परीक्षार्थी अपने केंद्रों पर पहुंचे और बैठने की व्यवस्था व अनुक्रमांक की जानकारी ली। केंद्र व्यवस्थापकों का कहना है कि बोर्ड के निर्देशों का सख्ती से पालन करते हुए परीक्षा को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से कराया जाएगा।



कक्ष में अनुक्रमांक की स्लिप लगाते शिक्षक।

# आईजी ने परखी कानून व्यवस्था, त्योहारों को शांति से निपटाने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** लखनऊ रेंज के आईजी किरण एस ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय सहित सदर व सफीपुर कोतवाली का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दोनों कोतवालियों में नन्हे फरिश्ते का उद्घाटन किया। आईजी ने साफ किया कि होली, रमजान आदि त्योहारों को देखते हुए चौकसी बढ़ाई जाए।

आईजी ने पुलिस कार्यालय का निरीक्षण कर वहां अभिलेखों के रखरखाव व सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। आईजी सदर कोतवाली भी पहुंचे। जहां उन्होंने बच्चों के लिए आधुनिक नन्हे फरिश्ते कक्ष का उद्घाटन किया।



सफीपुर कोतवाली में बच्चे को गिफ्ट देते आईजी रेंज किरण एस। ● अमृत विचार

**● पुलिस कार्यालय, सदर व सफीपुर कोतवाली का किया निरीक्षण**

उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में होली, रमजान व ईद का त्योहार है। सभी त्योहार शांतिपूर्वक व आपसी सहयोग से मनाए जाएं। इसके लिए पीस कमेटी की बैठकें की जाएं। बीते वर्ष बांगरमऊ में हुए विवाद पर कहा कि विवाद का कारण पता चल गया है। एसपी के नेतृत्व वहां अधिक चौकसी बरती जाएगी। बताया कि अवैध शराब की बिक्री पर पुलिस की कड़ी नजर है। किसी भी दशा में अवैध शराब का निर्माण व बिक्री की सूचना पर कड़ी कार्रवाई होगी। साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पूरे प्रदेश की पुलिस टीम लगी है। बताया कि इसके लिए जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। कहा कि इसके लिए टोल फ्री हेल्पलाइन व अलग से थाना बनाया गया है। साथ ही हर थाने में साइबर डेस्क भी स्थापित है। फ्राड होने की दशा में यदि व्यक्ति एक घंटे के अंदर (गोल्डन आवर) में सूचना दे तो रिकवरी कराने में आसानी होती है। निरीक्षण के दौरान एसएसपी जय प्रकाश सिंह, एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह, सीओ सिटी विनी सिंह व अरविंद चौरसिया मौजूद रहे।

### सफीपुर कोतवाली में चौकीदारों को दी टॉर्च

**सफीपुर उन्नाव :** आईजी किरण एस मंगलवार को एसएसपी जय प्रकाश सिंह के साथ सफीपुर कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने कार्यालय अभिलेखों, अपराध रजिस्टर, मिशन शक्ति केंद्र व शस्त्रागार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आईजी ने शस्त्रों के रखरखाव की जानकारी लेते हुए मैगजीन ऑपरेट कर पुलिस कर्मियों की कार्य कुशलता परखी। इस दौरान उन्होंने परिसर में नवनिर्मित 'नन्हे फरिश्ते कक्ष' का बच्चों के साथ फीता काटकर लोकार्पण किया और उन्हें चॉकलेट दी। साथ ही क्षेत्र के चौकीदारों को टार्च व पानी की बोतल देकर रात्रिगश्त व सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए। यहां एएसपी प्रेमचंद्र, सीओ सोनम सिंह, सीओ संतोष सिंह, प्रशिक्षु आईपीएस संचित शर्मा व कोतवाली प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी मौजूद रहे।

### नर सेवा नारायण सेवा द्वारा तुलसी पूजन कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र सम्मानित

**उन्नाव, अमृत विचार :** नर सेवा नारायण सेवा समिति द्वारा तुलसी पूजन दिवस पर हुए कार्यक्रम व विशाल यात्रा में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। भारतीय संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन में बच्चों के योगदान को सराहने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया था। बच्चों ने सांस्कृतिक व राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत झांकियों से तुलसी के आध्यात्मिक व वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डाला था। उनके इस प्रदर्शन के लिए समिति के संस्थापक व भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने बच्चों को प्रशस्तिपत्र व प्रतीकचिह्न देकर उत्साहवर्धन किया। समारोह में कृष्णा बाल विद्या मंदिर, लोक नगर प्रबंधक रामेश्वर यादव, संगम शिशु मंदिर एबी नगर प्रबंधक निशांत शुक्ला, हैप्पी किड्स पब्लिक स्कूल, शिवनगर प्रबंधक नीरज दीक्षित, वाईब्रेंट इंटरनेशनल स्कूल, शिवनगर प्रबंधक सुधीर तिवारी रहे। विमल द्विवेदी ने कहा कि इस आयोजन का मूल उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी जड़ों, परंपराओं व गौरवशाली संस्कृति से जोड़ना है। कहा कि जब बच्चे अपनी संस्कृति को मंच पर जीवंत करते हैं तो वह समाज के लिए प्रेरणा बनता है। इसमें अजय त्रिवेदी, धर्मेंद्र शुक्ला, अखिल मिश्रा, अभी तिवारी आदि मौजूद रहे।



बच्चों को किया जाता सम्मानित। ● अमृत विचार

# छात्राओं को शोहदों ने खींचा विरोध पर बेल्टों से पीटा

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचारः** गंगा घाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर 6 खंभा के पास मंगलवार शाम कंप्यूटर कोचिंग से घर लौट रही छात्राओं के साथ कुछ युवकों द्वारा की गई बदसलूकी, छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। घटना से क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है।

पीड़ित छात्राओं ने बताया कि कोचिंग खत्म होने के बाद वे पैदल घर जा रही थीं, तभी बाइक और स्कूटी पर सवार चार युवकों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया। आरोप है कि एक युवक ने छात्रा की सहेली का हाथ पकड़कर जबरन अपने साथ चलने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपियों ने बेल्ट निकालकर

**● पीड़ित छात्राओं की तहरीर पर पुलिस ने शुरू की जांच**

छात्राओं पर हमला बोल दिया। बीच-बचाव करने आई अन्य छात्राओं को भी बेल्टों से पीटा गया। आरोपियों ने एक छात्रा को चाबी से भी घायल कर दिया। स्थानीय लोगों के एकत्र होने पर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। बताया जा रहा है कि ये युवक पिछले तीन दिनों से छात्राओं को परेशान कर रहे थे। घटना के बाद छात्राएं कोतवाली पहुंचीं और तहरीर दी। कोतवाली प्रभारी अजय सिंह का कहना है कि जांच की जा रही है। इस घटना ने क्षेत्र में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# डीएम का हर घर सोलर लगाने का निर्देश

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** कलक्ट्रेट सभागार में डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक की। डीएम ने योजना को आमजन के लिए अत्यंत महत्वाकांक्षी बताते हुए अधिकारियों व वेंडरों को लक्ष्य के अनुरूप त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

डीएम ने स्पष्ट किया कि हर वेंडर को आवंटित लक्ष्य के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर हर घर में सोलर सिस्टम स्थापित करना होगा। विद्युत विभाग के एक्सईएन को निर्देश दिए गए कि सोलर पैनल लगने के बाद उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर में आने वाली किसी भी तकनीकी



पन्नालाल सभागार में बैठक करते डीएम गौरांग राठी। ● अमृत विचार

**● डीएम ने की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा**

समस्या को तुरंत दूर किया जाए। लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (एलडीएम) व बैंक प्रतिनिधियों को योजना से जुड़ी शिकायतों व ऋण प्रक्रिया का प्राथमिकता पर निस्तारण करने को कहा। डीएम ने जिला वासियों से अपील की कि घरेलू विद्युत कनेक्शन धारकों के लिए यह सुनहरा अवसर है। सोलर सिस्टम लगाकर न केवल भारी-भरकम बिल से मुक्ति मिल सकती है बल्कि सरकार से आकर्षक अनुदान (सब्सिडी) भी प्राप्त की जा सकती है।

### पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से दिया डायरिया से बचाव का संदेश

**उन्नाव, अमृत विचार :** डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत मंगलवार को बिछिया के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पॉपुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) व केनव्यू के सहयोग से पोस्टर व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता हुई। पोस्टर प्रतियोगिता में 32 छात्राओं ने भाग लिया। इसमें कक्षा 7 की आशना ने प्रथम, कक्षा 8 की अंशिका ने द्वितीय व कक्षा 8 की अनन्या ने तृतीय स्थान पाया। वहीं मोहिनी, श्रद्धा, राखी, दिव्या व कनिष्का को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में कक्षा 8 की सलोनी प्रथम, कक्षा 7 की वर्तिका द्वितीय व कक्षा 8 की आसनी तृतीय रहीं। रीतिका, वैभवी, निधि, राधिका व अनन्या को सांत्वना पुरस्कार मिला। संचालन प्रभारी वार्डेन बीना चौहान ने किया।

### जाजमऊ पुल पर बस खराब होने से हाईवे जाम

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) अमृत विचार :** मंगलवार शाम लखनऊ से कानपुर जा रही एक बस के जाजमऊ पुराना पुल पर खराब होने से हाईवे पर भीषण जाम लग गया। बस पुल के बीचोबीच खड़ी हो गई। जिससे भारी वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। देखते ही देखते जाम जाजमऊ चौकी के आगे तक फैल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाम करीब 6 बजे बस अचानक खराब हो गई। इसके बाद वाहनों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। जाम की सूचना पर जाजमऊ चौकी पुलिस पहुंची। चौकी इंचार्ज विनोद सिंह ने स्थिति को देखते हुए तत्काल हाइड्रा मंगवाया और खराब बस को पुल से हटवाने की कार्रवाई कराई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद बस हटाई जा सकी। तब जाकर यातायात सुचारु हो पाया। जाम के दौरान लंबी दूरी की बसों के साथ कई वीआईपी वाहन भी फंसे रहे। जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस की तत्परता से स्थिति पर काबू पाया गया।





जाजमऊ पुल पर खराब खड़ी रोडवेज बस।

### आनंदेश्वर मंदिर में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** बालूघाट स्थित आनंदेश्वर मंदिर में आनंदेश्वर महादेव मंदिर कमेटी व श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे के साथ नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। मंदिर परिसर के बाहर आयोजित शिविर में नेत्र परीक्षक ऋतु गुप्ता व फिजिशियन डॉ. विवेक मिश्रा ने मरीजों की जांच की। डॉक्टरों ने नेत्र रोग, रक्तचाप, शुगर आदि बीमारियों से संबंधित मरीजों का परीक्षण कर जरूरी परामर्श दिया। साथ ही जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां भी दी गईं। आनंदेश्वर महादेव मंदिर कमेटी के अमित अवस्थी ने बताया कि शिविर में 165 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। जबकि 195 मरीजों की बीपी, शुगर व अन्य रोगों की जांच की गई। इसके अलावा कई जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क चश्मे भी दिये गए। शिविर को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

### आइडियल क्लब ने इंटरनेशनल क्लब को हराया

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित रजनींद्र दीक्षित जनपदीय अंडर-19 क्रिकेट लीग के चौथे मैच में आइडियल क्लब ने इंटरनेशनल क्लब को 18 रनों से शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आइडियल क्लब की टीम ने 35 ओवरों में 29 ओवरों का सामना किया और सभी विकेट खोकर 142 रन बनाए। टीम की ओर से फुजैल ने सर्वाधिक 26 रनों की पारी खेली। 143 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंटरनेशनल क्लब की टीम शुरुआत तो अच्छी रही लेकिन आइडियल क्लब के गेंदबाजों के दबाव के आगे पूरी टीम 124 रनों पर सिमट गई। मैच के समापन पर ऑलराउंडर यश सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

# भाजपा की ताकत हैं संस्कारवान कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** भाजपा द्वारा कार्यकर्ताओं के वैचारिक सुदृढ़ीकरण हेतु आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 पर जिला कार्यशाला हुई। तीन सत्रों में चली कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं में अनुशासन, कार्यकुशलता व वैचारिक स्पष्टता का संचार करना रहा।

मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय व एकात्म मानववाद भाजपा की कार्यसंस्कृति की नींव है। कहा कि बूथ स्तर पर सक्रिय व प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत हैं। मोदी-योगी





कार्यशाला को संबोधित करती भाजपा प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा।

**● जिला कार्यशाला में बोलीं प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा**

सरकार की महिला कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की प्राथमिकता होनी चाहिए। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा कर बताया कि जिलास्तर दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग, मंडल स्तर 7 मार्च से 13 अप्रैल तक 24 घंटे का प्रशिक्षण, बूथ स्तर दो विशेष वैचारिक सत्र होंगे। कार्यशाला में विधायक आशुतोष शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद अवस्थी व अभियान संयोजक सरोज सिंह चौहान ने विचार रखे।

# जमीन पर कब्जे को लेकर सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** बांगरमऊ तहसील के गांव शादीपुर में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद युवा संगठन बजरंग दल अध्यक्ष आकाश के नेतृत्व में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत की करीब 3 बीघा सुरक्षित भूमि पर बीते 5 वर्षों से अवैध निर्माण कर कब्जा किया गया है। इस संबंध में एक प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को देकर तत्काल बुलडोजर कार्यवाही की मांग की।

ज्ञापन के अनुसार गांव शादीपुर की सरकारी जमीन पर भू-माफियाओं व असामाजिक तत्वों ने मिलीभगत कर अवैध



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते संगठन के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

ढांचा खड़ा कर लिया है। वहां लाउडस्पीकर से धार्मिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं। ग्रामीणों का तर्क है कि यह सर्वोच्च न्यायालय व उत्तर प्रदेश शासन के उन आदेशों का उल्लंघन है जिसमें सार्वजनिक या सरकारी भूमि पर किसी प्रकार के धार्मिक निर्माण को प्रतिबंधित किया गया है। ज्ञापन में राजस्व विभाग की टीम गठित कर जमीन का तत्काल सीमांकन कराने, अवैध मदरसे व मजार को हटाकर ग्राम पंचायत की भूमि को सुरक्षित करने व सरकारी जमीन को खुर्द-बुर्द करने वालों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की गई।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रेनू पत्नी रवीन्द्र कुमार निवासी मोहल्ला पंजाबीटोला परगना व तहसील बाँगरमऊ जिला उन्नाव ने पालिका कार्यालय मे अपने आवेदन पत्र के साथ रजिस्टर्ड बैनामा शपथ पत्र, शपथ पत्र व आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत कर यह उल्लेख किया है कि प्रार्थीनी ने मोहल्ला टेढ़ीबाजार बाँगरमऊ का एक किता भवन नम्बर 98 को भवन बिक्रेता श्रीमती पूनम पत्नी स्व0 सुरेश वर्मा निवासी मोहल्ला टेड़ीबाजार परगना व तहसील बाँगरमऊ जिला उन्नाव से जरिये रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 29-01-2026 को श्रीमती मंजू देवी जायसवाल पत्नी राकेश कुमार जायसवाल के साथ मिलाकर खरीद लिया है। उक्त भवन की माप पूरब 20.5 फिट, पश्चिम 25 फिट व उत्तर 28 फिट, दक्षिण 23 फिट कुल 53.92 वर्गमीटर है। भवन की चौहदी निम्नलिखित है। पूरब- मकान निर्मल कृष्ण वर्मा पश्चिम- रास्ता आर सी सी चौड़ा 10 फिट उत्तर- मकान पत्नी चन्द्र प्रकाश दक्षिण- मकान रामबेटी वर्मा प्रार्थिनी अपने उक्त भवन को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नगर पालिका कर पंजिका अभिलेखों में कर की अदायगी के लिए रेनू पत्नी रवीन्द्र कुमार 1/2 भाग व मंजू देवी जायसवाल पत्नी राकेश कुमार जायसवाल 1/2 भाग के नाम से दर्ज किये जाने की मांग की है।पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य आवेदन पत्र,रजिस्टर्ड बैनामा, शपथ पत्र,आधार कार्ड की छायाप्रति के आधार पर यदि उक्त नामान्तरण प्रकिया को पूर्ण किये जाने मे किसी को कोई भी आपत्ति है। तो वह विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिन के अन्दर उक्त भवन से सम्बंधित सर्वमान्य रजिस्टर्ड साक्ष्य सहित मेरे समक्ष उपस्थित हो कर वह अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बाद मियाद गुजर जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा और उपरोक्त नामान्तरण प्रकिया को आवेदनकर्ता के पक्ष मे पूर्ण कर दिया जायेगा तत्पश्चात नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ की कोई जिम्मेदारी न होगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**बाँगरमऊ उन्नाव**


**कार्रवाई**

**मनरेगा बचाओ महा संग्राम के तहत विधानसभा घेराव कार्यक्रम से पहले ही पुलिस ने कांग्रेस नेताओं को उनके घरों में नज़रबंद किया**

# प्रदर्शन के लिए लखनऊ जा रहे कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचारः** लखनऊ में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित मनरेगा बचाओ महा संग्राम के तहत विधानसभा घेराव कार्यक्रम से पहले ही पुलिस ने कांग्रेस नेताओं को उनके घरों में नज़रबंद कर दिया। कांग्रेस विकलांग प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता तन्मय श्रीवास्तव ने पुलिसिया कार्रवाई की निंदा कर कहा कि 16 फरवरी की रात 8 बजे से ही पुलिस ने उनके आवास पर फोर्स तैनात कर दिया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी अनुपस्थिति में परिवार पर दबाव बनाया गया और रात 11 बजे जब वह घर पहुंचे तो फोर्स तैनात था। देररात 1 बजे सदर कोतवाली प्रभारी ने वहां पहुंचकर उन्हें लखनऊ न जाने की चेतावनी दी और निगरानी के लिए उनके घर पर दरोगाओं की ड्यूटी लगा दी। तन्मय ने कहा कि वर्तमान सरकार तानाशाही पर उतारू है और वह मजदूरों, किसानों, गरीबों व विकलांगों की आवाज दबा रही है। आज भले ही हमें रोक लिया गया हो लेकिन 2027 के विधानसभा चुनाव में होने वाले महापरिवर्तन को यह सरकार नहीं रोक पाएगी। जिला उपाध्यक्ष शाश्वत बाजपेई ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखना सबका अधिकार है लेकिन सरकार अपनी





कांग्रेस प्रवक्ता तन्मय श्रीवास्तव को रोकता पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

नाकामियां छिपाने के लिए जनता की आवाज दबा रही है। नजरबंद किये गए लोगों में शहर अध्यक्ष फैज फारुकी, जिला उपाध्यक्ष विकलांग प्रकोष्ठ शाश्वत बाजपेई, गंगाघाट अध्यक्ष विकलांग प्रकोष्ठ पिंटू तिवारी, इम्तियाज अहमद, रामू, राहुल, मयंक बाजपेई, संजय सिंह, लक्ष्मी, विवेक, दीपक खरे, विवेक प्रकाश आदि शामिल रहे।

### कांग्रेस के जिला महासचिव किए गए हाउस अरेस्ट

**सफीपुर उन्नाव :** कांग्रेस पार्टी द्वारा विधानसभा घेराव को देख सफीपुर कस्बा निवासी जिला कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव दीपेंद्र सिंह ठाकुर को उनके आवास पर सुबह 6 बजे हाउस अरेस्ट कर दिया गया। बता दें कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर सभी जिलों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जन विरोधी भाजपा की नीतियों के विरोध पर विधानसभा घेराव के लिए 11 बजे लखनऊ बुलाया गया था। जहां सभी पार्टी पदाधिकारी सुबह ही लखनऊ कूच की तैयारी कर रहे थे। तभी जिला महासचिव को सफीपुर आवास में हाउस अरेस्ट कर दिया गया और वे शाम तक पुलिस पहरे में रहे। बताया कि उन्होंने प्रदेश संगठन को सूचित कर दिया है कि वह हॉउस अरेस्ट के कारण लखनऊ विधानसभा घेराव के लिए नहीं पहुंच पा रहे हैं। कहा कि उनका विरोध जारी रहेगा।

### पुलिस ने कांग्रेस नेता को किया हाउस अरेस्ट

**शुक्लागंज उन्नाव :** लखनऊ में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित 'मनरेगा बचाओ महासंग्राम' के तहत प्रस्तावित विधानसभा घेराव कार्यक्रम से पहले ही पुलिस ने कांग्रेस नेता पर सख्ती शुरू कर दी। इसी क्रम में नगर के आनंद नगर निवासी कांग्रेस नेता मयंक बाजपेई को उनके घर में हाउस अरेस्ट कर दिया गया। बताया गया कि मयंक बाजपेई को मंगलवार को लखनऊ में होने वाले विधानसभा घेराव कार्यक्रम में जाना था। सोमवार रात ही उनके आवास पर पुलिस तैनात कर दी गई थी। मंगलवार रात करीब 8 बजे गंगाघाट कोतवाली प्रभारी अजय सिंह फोर्स के साथ उनके घर पहुंचे और उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया। इसके चलते वह लखनऊ नहीं जा सके। पुलिस ने बुधवार दोपहर करीब 2 बजे तक उन्हें नजरबंद रखा। इसके बाद पुलिस उनके आवास से हट गई।

# अमृत विचार

बुधवार, 18 फरवरी 2026




## एआई का कुंभ

नई दिल्ली में आयोजित एआई इंपैक्ट समिट 2026 भारत की डिजिटल कूटनीति और उभरती तकनीकी शक्ति का सार्वजनिक प्रदर्शन है। ग्लोबल साउथ में आकार और भागीदारी के लिहाज से पहली बार ब्रिटेन, सोल, पेरिस से भी विशाल एआई मंच सजा है, जो भारत के इस क्षेत्र में बढ़ते वैश्विक प्रभाव की कहानी कहता है। वैश्विक नेताओं, तकनीकी दिग्गजों और नीति-निर्माताओं की यहां उपस्थिति ने यह संकेत दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बहस अब सिलिकॉन वैली या यूरोप तक सीमित नहीं रही। यह सही है कि भारत इस क्षेत्र में अभी संक्रमणकाल में है। वह न तो पूरी तरह स्थापित शक्ति है न ही मात्र संभावनाओं का देश। उच्च-स्तरीय चिप निर्माण, मूलभूत मॉडल विकास और उन्नत अनुसंधान में भारत अभी भी अमेरिका और चीन से पीछे है।

भारतीय आईटी उद्योग, स्टार्टअप इकोसिस्टम और विशाल डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे आधार, यूपीआई, डिजिलॉकर आदि ने मजबूत आधार दिया है। अनुमान है कि 2030 तक भारत का एआई बाज़ार 15–20 अरब डॉलर से अधिक का हो सकता है, हालांकि हमें और तेज बढ़त के लिए डेटा और बुनियादी ढांचे की चुनौती से निबटना होगा। एआई का ईंधन डेटा है, देश में व्यवस्थित डेटा-संग्रह, मानकीकरण और सुरक्षित भंडारण की कमी है। डेटा सेंटर क्षमता बढ़ने के बावजूद मांग के अनुपात में अपर्याप्त है। यदि स्थानीय भाषाओं, कृषि, स्वास्थ्य और जलवायु जैसे क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण डेटा उपलब्ध नहीं होगा, तो भारतीय एआई मॉडल सीमित रह जाएंगे, इसीलिए 'रेगुलेटरी सैंडबॉक्स' और डेटा गवर्नेंस फ्रेमवर्क की चर्चा अहम है। नवाचार और सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना ही वास्तविक चुनौती है। विशेषज्ञों का यह दावा कि तीन वर्षों में एआई का उपयोग हजार गुना बढ़ सकता है, किंचित अतिशयोक्तिपूर्ण हो सकता है, पर पूरी तरह अवास्तविक भी नहीं। गौरतलब है, उपयोग में वृद्धि का अर्थ उत्पादकता वृद्धि और समावेशन तभी होगा जब कौशल विकास समानांतर चले, क्योंकि एआई का सामाजिक प्रभाव दोधारी तलवार है, जो नई स्किल सीखेंगे, उनके लिए अवसर बढ़ेंगे; जो नहीं सीखेंगे, उनके लिए रोजगार संकट गहराएगा। अतः सरकार को स्किल इंडिया कार्यक्रम में संरचनात्मक बदलाव करने होंगे। केवल पारंपरिक आईटी प्रशिक्षण पर्याप्त नहीं; डेटा एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, एआई एथिक्स और बहुभाषी मॉडलिंग जैसे कौशल को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना होगा। उद्योग–अकादमिक साझेदारी, माइक्रो-क्रेडेंशियल और ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण को बढ़ावा देना समय की मांग है। एआई का सबसे बड़ा प्रभाव कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा में दिख सकता है। कृषि में मौसम पूर्वानुमान, मिट्टी विश्लेषण और फसल रोग पहचान; स्वास्थ्य में डायग्नोस्टिक एल्गोरिद्म और टेलीमेडिसिन; शिक्षा में वैयक्तिकृत लर्निंग प्लेटफॉर्म, ये सभी नवाचार भारत जैसे विशाल और विविध देश में क्रांतिकारी सिद्ध हो सकते हैं।

इस समिट का सबसे बड़ा संदेश यह है कि एआई केवल तकनीकी दौड़ नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण का औजार है। भारत यदि नवाचार, नियमन और समावेशन के संतुलन को साध लेता है तो वह न केवल अपने लिए बल्कि ग्लोबल साउथ के लिए भी एक मॉडल प्रस्तुत कर सकता है।

### प्रसंगवश

## सृजन, सुविधा और नकल की नई संस्कृति

कहा जाता है कि हर नई तकनीक अपने साथ सुविधा लेकर आती है, पर कुछ तकनीकें धीरे-धीरे हमारी सोच और आदतों को भी बदल देती हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज ऐसे ही मोड़ पर खड़ी है। उसने लिखने की गति बढ़ाई है, उसे आसान और सुलभ बनाया है; पर उसी अनुपात में उसने सृजन के अर्थ को धुंधला भी किया है। अब प्रश्न यह नहीं रह गया कि 'लिखा कितना अच्छा है', बल्कि यह बन गया है कि 'लिखा किसने है और किस तरह लिखा है।'

जब किसी लेख, कविता या विचार को पढ़ते हुए यह बोध होता है कि वह कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा रचा गया है, तो पाठक के भीतर कुछ टूट-सा जाता है। शब्द सधे हुए होते हैं, भाव भी उपयुक्त लगते हैं, पर कहीं एक रिक्तता रह जाती है। जैसे सुंदर शरीर हो, पर उसमें प्राण न हों। रचना का वह जादू, जो लेखक और पाठक के बीच एक अदृश्य संबंध बनाता है, अचानक समाप्त हो जाता है। यह केवल सौंदर्य का नहीं, विश्वास का भी प्रश्न है।



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

समस्या यह नहीं है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता लिख सकती है। समस्या यह है कि वह लिखते समय मनुष्य होने का भ्रम रचती है। वह अनुभव की नकल करती है, पीड़ा की भाषा बोलती है, प्रेम और करुणा के मुहावरे दोहराती है। बिना कभी असफलता, भय या दुविधा से गुज़रे। जब ऐसी सामग्री किसी मनुष्य के नाम से प्रस्तुत की जाती है, तो वह तकनीकी सहायता नहीं रह जाती; वह बौद्धिक नकल का रूप ले लेती है।

यह नकल कोई नई बात नहीं है। हमारी शिक्षा व्यवस्था लंबे समय से इस मानसिकता को पोषित करती रही है कि अंक सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण हैं, प्रक्रिया नहीं। परीक्षा में नकल करके उत्तीर्ण होना, दूसरों की उत्तर पुस्तिकाओं से विचार उठाना और फिर उसी सफलता का गर्वपूर्वक प्रदर्शन, यह सब समाज में किसी न किसी रूप में स्वीकार्य रहा है। आज वही प्रवृत्ति कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से नई शक्ल में सामने आई है। अंतर केवल इतना है कि अब नकल अधिक चमकदार, अधिक विश्वसनीय और अधिक सुरक्षित दिखाई देती है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता से उत्पन्न सामग्री की एक पहचान बन चुकी है। भाषा की दृष्टि से निर्दोष, संरचना में संतुलित और भावनात्मक रूप से 'उचित'। पर यही परिपूर्णता उसे संदिग्ध भी बनाती है, क्योंकि वास्तविक सृजन प्रायः परिपूर्ण नहीं होता। उसमें झिझक होती है, दोहराव होता है, कभी-कभी असंगति भी होती है। सच्चा लेखक अपने ही विचारों से जूझता है, अपनी ही सीमाओं से संघर्ष करता है। उस संघर्ष की छाया शब्दों में दिखती है। वही रचना को जीवंत बनाती है। आज सामाजिक माध्यमों और अंकीय मंचों पर सामग्री की बाढ़ है। हर विषय पर, हर दृष्टिकोण से, तुरंत लेख उपलब्ध हैं। इस भीड़ में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक तीव्र यंत्र की तरह काम करती है, जो पहले से मौजूद हज़ारों विचारों को जोड़कर एक नया पैकेज बना देती है। यह पैकेज उपयोगी हो सकता है, जानकारीपूर्ण हो सकता है, पर क्या वह दृष्टि दे सकता है? क्या वह जोखिम उठा सकता है? क्या वह यह स्वीकार कर सकता है कि 'मैं गलत भी हो सकता हूं'?

यहीं मनुष्य और यंत्र के बीच मूल अंतर स्पष्ट होता है। मनुष्य अपनी बात कहते समय डरता है। आलोचना से, अस्वीकार से, असफलता से और यही डर उसकी आवाज़ को विशिष्ट बनाता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता को न आलोचना का भय है, न अस्वीकार का, इसलिए वह सुरक्षित भाषा में लिखती है। सबको स्वीकार्य, किसी को असुविधाजनक न लगे ऐसी। परिणामस्वरूप, हम ऐसी रचनाएं पढ़ रहे हैं जो सब कुछ कहती हैं, पर वास्तव में कुछ भी नहीं कहतीं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)



जीव को यह भ्रम है कि यह संसार ही सत्य है, किंतु जैसा वह समझ रहा है वैसा नहीं है, वास्तव में संसार असत्य है।

–रविदास, संत

# रेयर अर्थ: वैश्विक शक्ति संतुलन का नया अध्याय





जय प्रकाश पांडेय
लेखक

आर्थिक व रणनीतिक सोच में कुछ विषय ऐसे होते हैं, जो लंबे समय तक हाशिये पर रहते हैं, पर जब वे केंद्र में आते हैं, तो विकास की पूरी दिशा को बदल देते हैं। क्रिटिकल मिनरल्स भारत के लिए ऐसा ही विषय बन चुका है। ऊर्जा संक्रमण, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, सेमीकंडक्टर निर्माण, रक्षा प्रौद्योगिकी और उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स इन सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की चर्चा तब तक अधूरी है, जब तक उन खनिजों की सुरक्षित, सस्ती और सतत उपलब्धता सुनिश्चित न हो, जिन पर ये तकनीकें निर्भर करती हैं। भारत का भविष्य केवल बिजली उत्पादन या विनिर्माण क्षमता से नहीं, बल्कि उन खनिजों की रणनीतिक उपलब्धता से तय होगा, जिन्हें अब 'क्रिटिकल' कहा जा रहा है।

इस विमर्श की औपचारिक शुरुआत 2023 में हुई, जब भारत सरकार ने 30 क्रिटिकल मिनरल्स की सूची जारी की। लिथियम, कोबाल्ट, निकल, ग्रेफाइट, रेयर अर्थ एलिमेंट्स, तांबा, गैलियम, जर्मेनियम और टंग्स्टन जैसे खनिजों को इस श्रेणी में रखने के पीछे दो स्पष्ट तर्क थे। पहला, ये खनिज ऊर्जा संक्रमण, ईवी बैटरियों, सोलर-विंड प्रणालियों, सेमीकंडक्टर और रक्षा उपकरणों के लिए अनिवार्य हैं। दूसरा, इनकी वैश्विक आपूर्ति कुछ गिने-चुने देशों में अत्यधिक संकेंद्रित है, जिससे किसी भी भू-राजनीतिक तनाव की स्थिति में आपूर्ति बाधित होने का जोखिम बहुत अधिक हो जाता है। यह सूची केवल एक तकनीकी दस्तावेज़ नहीं थी; यह भारत की उस रणनीतिक चिंता का लिखित रूप थी, जो फॉसिल फ्यूल युग से मिली निर्भरता की सीख से उपजी है।

इसी सोच को संस्थागत रूप देने के लिए राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन (एनसीएमएम) की परिकल्पना की गई और 2025 में इसे औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया। इस मिशन का उद्देश्य केवल खनन बढ़ाना नहीं, बल्कि सुरक्षित, विविध और लचीली आपूर्ति-श्रंखलाएं विकसित करना है। वर्ष 2030 तक लगभग 1,200 संभावित क्रिटिकल मिनरल डिपॉजिट्स की पहचान और वर्ष 2031 तक 100 से अधिक ब्लॉक्स की नीलामी जैसे लक्ष्य यह दर्शाते हैं कि भारत घरेलू संसाधनों को गंभीरता से खंगालना चाहता है। वर्ष 2024–25 में शुरू हुई सैकड़ों अन्वेषण परियोजनाएं, जिनमें रेयर अर्थ्स, लिथियम और कोबाल्ट पर विशेष फोकस है, इसी दिशा में प्रारंभिक कदम हैं।

फिर भी, नीति-निर्माताओं को यह भ्रम नहीं है कि खनन ही समाधान है। थिंक-टैंक आधारित विश्लेषण यह रेखांकित करते हैं कि भारत की चुनौती खनन से अधिक प्रसंस्करण और परिशोधन क्षमता की कमी में निहित है। परिणामस्वरूप, कच्चे अयस्क के निष्कर्षण या आयात के बाद मूल्य-वर्धन का बड़ा हिस्सा विदेशी रिफाइनिंग केंद्रों में स्थानांतरित हो जाता है। यदि यह स्थिति बनी रहती है, तो भारत ऊर्जा संक्रमण की दौड़ में उपभोक्ता तो बनेगा, पर निर्णायक खिलाड़ी नहीं।

केंद्रीय बजट 2025–26 और 2026–27 को एक साथ पढ़ने पर यह स्पष्ट होता है कि राज्य ने इस संरचनात्मक समस्या को समझ लिया है। वर्ष 2025–26 के बजट में 25 क्रिटिकल मिनरल्स पर मूल सीमा शुल्क को शून्य करना और बारह क्रिटिकल खनिजों के स्क्रैप, कोबाल्ट पाउडर तथा लिथियम-आयन बैटरी अपशिष्ट पर मूल सीमा शुल्क समाप्त करना रीसाइक्लिंग उद्योग और द्वितीयक उत्पादन को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ठोस नीतिगत पहल थी। इससे राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन के उस स्तंभ को बल मिला, जो आयात-निर्भरता घटाने और सर्कुलर इकोनॉमी को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है।

बजट 2026–27 ने इसी नीतिगत दिशा को आगे बढ़ाते हुए प्रसंस्करण के लिए आवश्यक पूंजीगत उपकरणों पर मूल सीमा शुल्क पूरी तरह समाप्त कर दिया। यह निर्णय किसी तात्कालिक रियायत से अधिक, उस वास्तविकता की स्वीकारोक्ति है कि क्रिटिकल खनिजों से जुड़ी प्रसंस्करण परियोजनाएं स्वभावतः पूंजी-सघन और जोखिमपूर्ण होती हैं। इन्हें व्यवहार्य बनाने के लिए प्रारंभिक चरण में लागत का बोझ केवल निजी निवेशकों पर छोड़ देना व्यावहारिक नहीं है। इसी क्रम में, कुछ क्रिटिकल खनिजों को आयकर अधिनियम की प्रासंगिक अनुसूची में शामिल कर अन्वेषण और पूर्वेक्षण पर होने वाले खर्च को कर-कटौती योग्य बनाने का प्रस्ताव भी किया गया है। यह व्यवस्था इस संकेत के रूप में देखी जानी चाहिए कि राज्य खनिज अन्वेषण की अनिश्चितताओं को निजी क्षेत्र के साथ साझा करने और दीर्घकालिक निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने को तैयार है।

बजट 2026–27 का सबसे प्रतीकात्मक और रणनीतिक निर्णय रेयर अर्थ कॉरिडोरों की घोषणा के रूप में सामने आया है। ओडिशा, केरल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में समर्पित रेयर अर्थ कॉरिडोर विकसित करने का प्रस्ताव किसी साधारण क्षेत्रीय विकास योजना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चीन-केंद्रित वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखला से उत्पन्न जोखिमों को सीधे संबोधित करता है। इन कॉरिडोरों को राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल मिशन से जोड़ते हुए खनन, प्रसंस्करण और विनिर्माण की पूरी श्रृंखला को एक साझा भौगोलिक और संस्थागत ढांचे में विकसित करने की परिकल्पना की गई है। इसका आशय स्पष्ट है, भारत अब रेयर अर्थ तत्वों को केवल कच्चे खनिज के रूप में नहीं, बल्कि इलेक्ट्रिक वाहनों के मोटर, पवन ऊर्जा टर्बाइन, रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स और उन्नत विनिर्माण जैसी रणनीतिक आवश्यकताओं के लिए अनिवार्य इनपुट के रूप में देखने लगा है। इस घरेलू रणनीति को वैश्विक परिप्रेक्ष्य से काटकर नहीं देखा जा सकता। अंतर्राष्ट्रीय विश्लेषण लगातार यह संकेत देते रहे हैं कि क्रिटिकल खनिजों के परिशोधन और प्रसंस्करण में चीन की प्रभुत्वपूर्ण स्थिति ने अनेक देशों को रणनीतिक असुरक्षा के दायरे में ला खड़ा किया है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> भारत का भविष्य केवल बिजली उत्पादन या विनिर्माण क्षमता से नहीं, बल्कि उन खनिजों की रणनीतिक उपलब्धता से तय होगा, जिन्हें अब 'क्रिटिकल' कहा जा रहा है।

### आमने सामने



जयपुर में हिंगोनिया गौशाला के पास से एक जानवर का कटा सिर लाकर लटकाया गया। यह सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश है। इस मामले में जो आरोपी है, उसे भाजपा का एक विधायक बचा रहा है।

–टीकाराम जूली
नेता प्रतिपक्ष
राजस्थान

आप मेरा नाम ले रहे हैं? अगर इस मामले में कोई भी मेरा आदमी शामिल पाया गया, तो मैं इसी वक्त विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दूंगा।

–गोपाल शर्मा
विधायक
भारतीय जनता पार्टी



# 60% युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य की दिक्कत



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

विकसित भारत के सामने आज जो प्रमुख चुनौतियां हैं, उनमें सबसे ऊपर युवाओं की बिगड़ती मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति है। बकौल इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी देश में मानसिक विकारों के 60 प्रतिशत मामले 35 वर्ष से कम उम्र के युवाओं में पाए जा रहे हैं। इन युवाओं के सामने काम का बढ़ता दबाव, प्रतिस्पर्धा, बेरोजगारी, सामाजिक अपेक्षाओं और इनसे जूझते समय बड़ी संख्या में वे अवसाद, बैचेनी की गिरफ्त में आ जाते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस तरह के मानसिक विकार होने पर रोगी समझ ही नहीं पाता कि उसके मन के साथ कुछ असामान्य है। जिस तरह मानसिक रोग तेजी से फैल रहे हैं, हमारे पास उस तुलना में चिकित्सक और इलाज के विकल्प गौण हैं। यही वजह है कि मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बीमारियां देश की बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन गई है।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएमएचएस) स्वीकार कर रहा है कि माकूल उपचार अधिकांश मरीजों की पहुंच से बाहर है। लैंसेट साइकियाट्री जर्नल में प्रकाशित ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी के अनुसार वर्ष 2017 में भारत में 19.73 करोड़ लोग (कुल आबादी का लगभग 14.3 प्रतिशत) किसी न किसी मानसिक विकार से पीड़ित थे। इनमें 4.57 करोड़ अवसाद और 4.49 करोड़ बैचेनी के शिकार हैं। बेंगलुरु के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंसेस (निमहांस) के सर्वे में सामने आया है कि 13-17 वर्ष वाले लगभग 7.3 प्रतिशत किशोर किसी न किसी मानसिक विकार से पीड़ित हैं। प्रतिस्पर्धा, परीक्षा-दबाव, सामाजिक अपेक्षाएं व डिजिटल जीवन-शैली इसके प्रमुख कारण हैं।

सर्वाधिक खराब हालत राजधानी दिल्ली के हैं, जहां 11.23 फीसदी आबादी मानसिक बीमारियों से जूझ रही है। यह बात दिल्ली सरकार की 2025 की सालाना सांख्यिकी रिपोर्ट में कही गई है। रिपोर्ट कहती है कि राजधानी में कोई सात फीसदी लोगों का बौद्धिक विकास नहीं हो पाया है, जिससे उनके सीखने और रोजमर्रा के जीवन में कठिनाइयां झेलनी पड़ रही हैं। अवसाद, चिंता और सिजोफ्रेनिया जैसी गंभीर मानसिक बीमारी से प्रभावित लोगों की संख्या 4.28 फीसदी है। मानसिक रोग विशेषज्ञ कहते हैं कि दिल्ली में अकेलापन, सामाजिकता के अभाव के साथ ही प्रदूषण, ट्राफिक जाम, आर्थिक असमानता जैसे कारण मानसिक रोगों को बढ़ा रहे हैं।

बात अकेले राजधानी की नहीं है, देश के दूरस्थ अंचलों में छोटे गांव तक मानसिक विकार का विस्तार बेहद खतरनाक है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा पश्चिम बंगाल के कृषि प्रधान क्षेत्रों में किया गया एक अध्ययन इसके मूल कारणों पर प्रकाश डालता है। अध्ययन कहता है कि जिन किसानों के खेतों में सप्ताह में एक बार कीटनाशक का छिड़काव होता है, उनमें डिप्रेशन, याद्दाश्त में कमी और रोजमर्रा की गतिविधियों में गिरावट का खतरा तीन गुना तक बढ़ जाता है। इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईजेएमआर) में प्रकाशित इस अध्ययन में आईसीएमआर का सरकार को सुझाव है कि किसानों को कीटनाशक छिड़कते समय सुरक्षा उपाय अनिवार्य किए जाएं, साथ ही ग्रामीण इलाकों में कीटनाशक-जनित मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता, प्रशिक्षण और स्वास्थ्य निगरानी कार्यक्रम शुरू किए जाएं।

डब्लूएचओ व अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक शोध में कुछ साल पहले ही बता दिया था कि देश में चौथी सबसे बड़ी बीमारी अवसाद या डिप्रेशन है। आज देश की सबसे बड़ी दूसरी बीमारी हार्ट अटैक के बाद अवसाद को कहा जा रहा है। बढ़ती जरूरतें, जिंदगी में बढ़ती भागदौड़, रिश्तों के बंधन ढीले होना; इस दौर की कुछ ऐसी त्रासदियां हैं, जो इंसान को भीतर ही भीतर खाए जा रही हैं। ये सब ऐसे विकारों को आमंत्रित कर रहा है, जिनके प्रारंभिक लक्षण नजर नहीं आते। जब मर्ज बढ़ जाता है, तो बहुत देर हो चुकी होती है। विडंबना है कि सरकार में बैठे नीति-निर्धारक मानसिक बीमारियों को अभी भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

'जय विज्ञान' के युग में मनोविकारों को एक रोग के बनिस्पत ऊपरी व्याधा या नियति समझने वालों की संख्या बहुत अधिक है। तभी ऐसे रोगों के इलाज के लिए डाक्टरों के बजाए पीर-फकीरों, मजार-मंदिरों पर अधिक भीड़ होती है। सामान्य डॉक्टर मानसिक रोगों को पहचानने और रोगियों को मनोचिकित्सक के पास भेजने में असमर्थ रहते हैं। इसके चलते ओझा, पुरोहित, मोलवी और तथाकथित यौन विशेषज्ञ अवैध रूप से मनोचिकित्सक का दुष्कार्य कर रहे हैं। भारत में 1982 में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू हुआ था, लेकिन इसकी मंथर गति ने रोग को भयानक बना दिया। इतने लोगों के इलाज के लिए कोई 32 हजार मनोचिकित्सकों की जरूरत है। देशभर में इनकी संख्या बमुश्किल नौ हजार है। यानी एक लाख पर औसतन 0.75 डाक्टर। इनमें भी तीन हजार तो चार महानगरों तक ही सिमटे हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

> इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी के मुताबिक देश में मानसिक विकारों के 60 प्रतिशत मामले युवाओं में पाए जा रहे हैं।

### सोशल फोरम

## कहानी मोगली की

रुडयार्ड किपलिंग का मशहूर किरदार 'मोगली' जिसे भेड़ियों ने पाला था, वो किरदार दरअसल एक अंग्रेज कमांडर 'विलियम हेनरी स्लीमैन' द्वारा लिखे गए संस्मरण से उठाया गया था, हालांकि किपलिंग ने ये कभी नहीं माना कि उन्होंने स्लीमैन के लेखों से प्रेरणा ली, लेकिन तथ्यात्मक रूप से यही बात सच है कि भेड़ियों द्वारा इंसानी बच्चों को पालने की घटनाएं उत्तर प्रदेश के जंगलों में बहुत बार देखी गईं और सबसे पहले इन घटनाओं को स्लीमैन ने ही लिपिबद्ध किया।



जिया इम्तियाज
ब्लॉगर

मुझे पता नहीं था कि अम्मी हमारे बचपन में सुल्तानपुर में आने वाले भेड़ियों की, बच्चों को उठा ले जाने की, कई बच्चों के बच जाने और कइयों के मारे जाने की जो पुरानी कहानियां सुनाती थीं, उन कहानियों में एक खास बात भी थी कि सुल्तानपुर के जंगल वाक़ई एक वक्त में भेड़ियों का गढ़ हुआ करते थे और भारत में सबसे पहले भेड़िया मानव का ज़िक्र स्लीमैन ने 'सुल्तानपुर' के जंगलों में ही मिले बच्चे के बारे में किया था।

स्लीमैन ने लिखा था कि सन् 1848 में सुल्तानपुर के एक गांव 'चंदौर' में अंग्रेज सिपाहियों को गोमती नदी के किनारे एक मांद से एक मादा भेड़िया निकलती दिखी, इसके पीछे तीन भेड़िया शावक चल रहे थे और चौथा इंसानी बच्चा था, जो इस मादा भेड़िया के पीछे चार पैरों पर चल रहा था। सिपाहियों ने मादा भेड़िया को मारकर उस इंसानी बच्चे को कब्जे में कर लिया पर वो बच्चा इंसानों के हाथ नहीं आना चाहता था, वो बच्चा भेड़िये की तरह गुर्राता था, इस बच्चे को 'हसनपुर' के राजा को सौंप दिया गया।

हसनपुर के राजा ने इस बच्चे को एक अंग्रेज अधिकारी को दे दिया था, ये बच्चा दो साल तक रहा, पर कभी इंसानी समाज में लौट नहीं सका और वो केवल कुत्तों और गीदड़ों से मित्रवत रहा, 1850 में अचानक एक दिन उस बच्चे की मृत्यु हो गई। स्लीमैन ने दूसरा ज़िक्र सुल्तानपुर के एक दूसरे गांव में 1849 में मिले एक भेड़िया बच्चे का किया है, जिस बच्चे के जिस्म पर बने बर्थ मार्क देखकर उसको जन्म देने वाली मां ने पहचान लिया। जिस स्त्री का बच्चा छह साल पहले घर से कोई जानवर उठाकर ले गया था, ये बच्चा भी भेड़िये ने पाल लिया था और ये बच्चा भी मानव समाज में घुलमिल नही पाया और एक दिन वापस जंगल में भाग गया। स्लीमैन ने अपनी डायरी में लिखा था, 'सुल्तानपुर के आसपास असंख्य भेड़िये हैं, गोमती नदी के किनारे बने खड्डों में बहुत से बच्चों को भेड़ियों द्वारा कस्बों, गांवों और शिविरों से ले जाया जाता है'।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## एआई समिट: नवाचार से राष्ट्र निर्माण तक

आज दुनिया के विभिन्न देश अपनी नीतियों में नई-नई तकनीकों व नवाचारों को शामिल कर अपने देश की विभिन्न पारंपरिक कार्यप्रणालियों को लगातार बदल रहे हैं। विशेष रूप से एआई ने वैश्विक स्तर पर कार्य प्रणाली और मानव भूमिका को गहराई से प्रभावित किया है, इसलिए आज इसे विकास के लिए अनिवार्य और बहुत ही अहम् माना जा रहा है। इसी संदर्भ में, नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण एआई शिखर सम्मेलन (इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026; 16 फरवरी से 20 फरवरी 2026 तक) आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य एआई की संभावनाओं, इसकी चुनौतियों, रोजगार पर इसका प्रभाव और आम जीवन में इसके उपयोग को लेकर जागरूकता बढ़ाना है।



सुनील कुमार महला
लेखक

आज एआई का दायरा स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, कारोबार और रक्षा जैसे क्षेत्रों तक फैल चुका है, जिससे नए अवसर पैदा हुए हैं, लेकिन यह भी कटु सत्य है कि रोजगार पर प्रभाव, जोखिम, डेटा सुरक्षा और पर्यावरणीय असर जैसी चिंताएं भी इसके कारण सामने आई हैं। विशेष रूप से डेटा केंद्रों में ऊर्जा और पानी की बढ़ती खपत को लेकर प्रश्न उठ रहे हैं। इसलिए एआई आधारित विकास को सफल बनाने के लिए इसके लाभों के साथ-साथ संभावित खतरों के समाधान पर भी समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है।

पांच दिवसीय कार्यक्रम ग्लोबल साउथ में आयोजित पहला प्रमुख एआई शिखर सम्मेलन माना जा रहा है, जिसमें 300 से अधिक प्रदर्शक भाग ले रहे हैं और एआई नीति तथा नवाचार पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। यह समिट भारत मंडपम सहित नई दिल्ली के विभिन्न स्थलों पर आयोजित हो रही है तथा इसमें 100 से अधिक देशों की भागीदारी है, साथ ही शीर्ष तकनीकी कंपनियों जैसे गूगल और माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), शोधकर्ता, नीति-निर्माता और कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल हो रहे हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के दौरान 500 से अधिक सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जबकि 800 से अधिक प्रदर्शक, स्टार्टअप, शोध संस्थान और राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल इसमें भाग ले रहे हैं।

16-20 फरवरी तक आयोजित यह एआई शिखर सम्मेलन भारत के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी शक्ति के रूप में उभर रहा है, जबकि उससे आगे केवल संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन हैं। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल के अनुसार भारत का स्कोर 21.59 है, जबकि अमेरिका का 78.6 और चीन का 36.95 है। इस सूचकांक में भारत कई विकसित देशों जैसे दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन, सिंगापुर, जापान, कनाडा, जर्मनी और फ्रांस से आगे है।

भारत वर्तमान में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ एआई के क्षेत्र में अग्रणी विकासशील देश भी बन चुका है, इसलिए इस स्तर का वैश्विक आयोजन पहली बार किसी विकासशील देश में होना ऐतिहासिक माना जा रहा है। सम्मेलन में 13 देशों के लगभग 300 पवेलियन वाले एक्सपो का आयोजन भारत की बढ़ती तकनीकी क्षमता को भी प्रदर्शित करता है। विशेषज्ञों का मानना है कि एआई के माध्यम से आम लोगों तक तकनीक के लाभ पहुंचाने, सस्ती तकनीक उपलब्ध कराने और वैश्विक असमानताओं को कम करने में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, बशर्ते देश निवेश बढ़ाए, प्रतिभाओं को बनाए रखे और अनुकूल तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



# आदिवासी अंचल का सांस्कृतिक पर्व भगोरिया

आदिवासी अंचल में प्रति वर्ष मनाया जाने वाला भोंगर्या अर्थात भगोरिया पर्व जनजाति समाज का मुख्य त्योहार है। इसे आलीराजपुर, झाबुआ और धार जिले में आदिवासी बहुल क्षेत्र के समीपस्थ ग्रामों के निकटतम साप्ताहिक हाट या कहीं पर जहां हाट भी नहीं लगता है, वहां वर्ष में एक दिन मनाया जाता है। मांदल की थाप और बांसुरी की मदमाती धुन, जब महुआ के फूल की मादक खुशबू महकने लगती है, बौराए हुए आम की एक खास महक और ताड़ी का भरपूर सुरूर अपने यौवन पर आ जाता है और होली का सप्ताह करीब हो, तो समझ लो कि भगोरिया आ गया। होलिका दहन का दिन आखिरी भगोरिया पर्व और इसके 6 दिन पूर्व के यानी पूरे 7 दिन यह पर्व होता है।



अनिल तंवर
सेवानिवृत्त राजभाषा अधिकारी

## आदिवासी समाज का विशेष हाट

कुछ लोग (गैर-आदिवासी मीडिया) द्वारा आदिवासियों को बदनाम करने के लिए भोंगर्या हाट को परिणय पर्व या वैलेंटाइन डे से संबोधित करते हैं, जो एक सोची-समझी साजिश के तहत पूरे आदिवासी समाज को बदनाम करने की कोशिश की जा रही हैं। इस पर्व में कभी भी पान खिलाकर और गुलाल लगाकर लड़की भगाने का जो मिथ्या प्रचार किया जाता रहा है। वह केवल सस्ती लोकप्रियता हासिल करने तथा आदिवासी संस्कृति को बदनाम करने की साजिश रही है। पूर्व में यहां, जो गिने-चुने फोटोग्राफर आते थे, उन्होंने अपनी छपास की भूख और प्रसिद्धि के कारण इस पर्व को गलत रूप में प्रचारित किया। आदिवासी समाज के युवक और युवतियां अब जागृत हो चुके हैं और उनका कहना है कि गैर आदिवासी मीडिया इस प्रकार का भ्रम फैलाना बंद करे। यह न तो कोई परिणय पर्व है और न ही कोई त्योहार है। यह सिर्फ होली पूर्व एक विशेष हाट हैं, जिसमें आदिवासी बच्चों से लेकर बुजुर्ग उत्साह और जोश के साथ भोंगर्या हाट में जाकर ढोल-मांदल, थाली,बांसुरी की मिश्रित मधुर ध्वनि के साथ नाच-गाना कर एन्जॉय करते हैं और होली पूजन के लिए आवश्यक सामग्री की खरीदारी करते हैं।

## सात दिनों तक चलेगा मेला



अंचल का प्रमुख आदिवासी लोकपर्व भगोरिया इस वर्ष 24 फरवरी से आरंभ होकर 2 मार्च तक चलेगा। वर्ष में एक बार मनाए जाने वाले इस पर्व के कारण हफ्तेभर तक क्षेत्र में उल्लास छाया रहता है। पर्व मनाने के लिए पलायन स्थलों से भी ग्रामीण बड़ी संख्या में अपने गांव लौटेंगे। लगभग चार दर्जन स्थानों पर भगोरिया मेला लगेगा, जिस दिन का संस्कृति प्रेमी बेसब्री से इंतजार करते है, वह पर्व अब त्योहारिया हाट से प्रारंभ होगा। इसमें मस्ती व उल्लास रहेगा, तो आदिवासी संस्कृति की झलक भी नजर आएगी। पेट की आग बुझाने के लिए क्षेत्र की 70 प्रतिशत जनता पलायन करती है। रोजगार की तलाश में दूर-दूर तक जाने वाले ग्रामीण जहां कहीं भी होंगे, भगोरिया की महक उन्हें अपने गांव लौटने के लिए वापस मजबूर करेगी।

वार्षिक मेले भगोरिया की प्रमुख विशेषता यह है कि 7 दिनों तक लगातार यह चलता है। हर दिन कहीं न कहीं भगोरिया मेला रहता है। इन मेलों में गांव के गांव उमड़ पड़ते है। छोटे बच्चे से लेकर वृद्ध तक अनिवार्य रूप से इसमें सहभागिता करते है। ढोल, मांदल, बांसुरी जैसे वाद्य यंत्रों की मीठी ध्वनि और लोक संगीत के बीच जब सामूहिक नृत्य का दौर भगोरिया मेले में चलता है, तो चारों ओर उल्लास ही उल्लास बिखर जाता है। साथ ही होती है झूला-चकरी की मस्ती व पान तथा अन्य व्यंजनों की भरमार। चाहे जितने जीवन में संघर्ष हो, लेकिन सब कुछ भूलकर हर ग्रामीण भगोरिया की मस्ती में डूबा दिखाई पड़ता है।



## रियासत काल से चल रहा है त्योहार

रियासत काल से चल रही धुलेंडी के सात दिन पहले से यह पर्व आरंभ हो जाता है। रियासत काल से ही यह पारंपारिक त्योहार यहां चल रहा है। पर्व को लेकर अलग-अलग इतिहास भी बताया जाता है। कुछ इतिहासकार कहते हैं कि ग्राम भगोर से यह पर्व आरंभ हुआ, इसलिए इसका नाम भगोरिया पड़ गया। कुछ लोगों का मानना है कि होली के पूर्व लगने वाले हाटों को गुलालिया हाट कहा जाता था। इसमें खूब गुलाल उड़ती थी। बाद में होली के पूर्व मनाए जाने वाले इन साप्ताहिक हाटों को भगोरिया कहा जाने लगा। मान्यता चाहे जो हो, लेकिन मैदानी हकीकत यह है कि यह वार्षिक पर्व अपनी संस्कृति की सुगंध हमेशा से चारों ओर बिखेर रहा है।

**अनोखी परंपरा**

## फामादीहाना : मौत के पार रिश्तों का उत्सव



दुनिया में कुछ परंपराएं ऐसी होती हैं, जो पहली नजर में हैरान करती हैं, लेकिन गहराई से समझने पर इंसानी संवेदनाओं और रिश्तों की नई परतें खोलती हैं। ऐसी ही एक अनोखी परंपरा अफ्रीकी द्वीपीय देश मेडागास्कर में देखने को मिलती है, जहां लोग अपने गुजरे हुए अपनों को याद करने के लिए कब्र से बाहर लाते हैं और उनके साथ नाचते-गाते हैं। यहां मृत्यु को अंतिम विदाई नहीं, बल्कि दोबारा मिलन का अवसर माना जाता है। मेडागास्कर के मालगासी समुदाय में निभाई जाने वाली इस परंपरा को फामादीहाना कहा जाता है, जिसका अर्थ है-"हड्डियों को पलटना।" यह रस्म हर पांच से सात साल में आयोजित की जाती है। इस दौरान परिवार के लोग अपने पूर्वजों की कब्रें खोलते हैं, उनके अवशेषों को बाहर निकालकर नए, सुंदर रेशमी कफनों में लपेटते हैं और फिर संगीत, ढोल-नगाड़ों और गीतों के साथ नृत्य करते हैं। यह दृश्य किसी शोक समारोह से अधिक एक उत्सव जैसा लगता है।

मालगासी समाज में यह विश्वास गहराई से रचा-बसा है कि मृत्यु के बाद भी आत्माएं पूरी तरह विदा नहीं होतीं। माना जाता है कि पूर्वजों की आत्माएं आसपास ही रहती हैं और समय-समय पर अपने परिजनों का हाल जानने धरती पर लौटती हैं। फामादीहाना उन्हीं आत्माओं के सम्मान, उनसे संवाद और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है। इस रस्म के दौरान लोग अपने दिवंगत प्रियजनों से बातें करते हैं, उन्हें परिवार की नई पीढ़ी से परिचित कराते हैं और जीवन की घटनाएं साझा करते हैं। फामादीहाना के समय कब्रिस्तान का माहौल बिल्कुल बदल जाता है। वहां ढोल बजते हैं, लोग पारंपरिक परिधान पहनकर नृत्य करते हैं, सामूहिक भोज पकता है और पूरे इलाके में उत्सव का रंग बिखर जाता है। बाहरी दुनिया से आने वाले पर्यटकों के लिए यह दृश्य चौंकाने वाला और असामान्य हो सकता है, लेकिन स्थानीय लोगों के लिए यह बेहद पवित्र और भावनात्मक अनुभव होता है। यहां तक कि उंगली से इशारा करना भी वर्जित माना जाता है, क्योंकि ऐसा करने से आत्माओं के नाराज होने की मान्यता है। पहली नजर में फामादीहाना डरावनी या रहस्यमयी लग सकती है, लेकिन मालगासी लोगों के लिए यह मौत का उत्सव नहीं, बल्कि यादों, सम्मान और प्रेम का प्रतीक है। शायद यही कारण है कि सदियों से चली आ रही यह परंपरा आज भी जीवित है और यह हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि दुनिया में रिश्तों को देखने और निभाने के कितने अलग-अलग तरीके हो सकते हैं।

**आर्ट गैलरी**

## राफेल की 'द ट्रांसफिगरेशन'

द ट्रांसफिगरेशन नाम का आर्टवर्क मशहूर रेनेसां आर्टिस्ट राफेल का एक मास्टरपीस है, जिसे साल 1520 में पूरा किया गया था। पैनल पर बनी यह ऑयल पेंटिंग हाई रेनेसां आर्टिस्ट्री का एक बेहतरीन उदाहरण है, जो अपने धार्मिक जॉनर के लिए जानी जाती है। आर्टवर्क में, देखने वाले को एक ज़बरदस्त चित्रण देखने को मिलता है, जिसमें एक्सप्रेसिव फिगर्स की भीड़ है, जो एक साफ ड्रामैटिक इंटेंसिटी में लिपटी हुई है। इन फिगर्स को इमोशन की एक जबरदस्त गहराई के साथ दिखाया गया है, जिसमें गहरी भक्ति से लेकर डरावने अविश्वास तक शामिल हैं। कंपोजिशन में कई दिव्य और इंसानी कैरेक्टर्स हैं, जो डायनैमिक रूप से बातचीत करते हैं।



राफेल पेंट की गई फिगर्स में थ्री-डायमेंशनल क्वालिटी लाने के लिए काइरोस्कोरो का इस्तेमाल करते हैं, जिससे उनकी असली जैसी मौजूदगी और बढ़ जाती है। कलर पैलेट में रिच टोन भरे हुए हैं, जो कपड़ों की ड्रेपरी और फिगर्स के शरीर को बहुत बारीकी से दिखाते हैं और सीन की कहानी कहने की ताकत पर ज़ोर देते हैं।

### राफेल के बारे में



राफेल सैंजियो दा अर्बिनो, जिन्हें राफेल के नाम से बेहतर जाना जाता है, हाई रेनेसां कॉल के सबसे महान पेंटर्स में से एक थे। उनका जन्म 1483 में इटली में एक आर्टिस्ट परिवार में हुआ था और उन्होंने पेंटिंग के लिए शुरू से ही टैलेंट दिखाया और जल्द ही एक जाने-माने आर्टिस्ट बन गए। यह वह समय था जब पूरे यूरोप में आर्ट फल-फूल रहा था। इसकी पहचान क्लासिकल एंटीक्विटी और ह्यूमनिज्म में दिलचस्पी थी, जिससे पर्सपेक्टिव और काइरोस्कोरो जैसी पेंटिंग टेक्नीक में नए डेवलपमेंट हुए। इस दौरान, लियोनार्डो दा विंची और माइकल एंजेलो बुओनारोती जैसे कई महान आर्टिस्ट उभरे। राफेल के काम में लियोनार्डो दा विंची और माइकल एंजेलो जैसे उनके कंटेंपरेरी लोगों के साथ-साथ पेरुगिनो जैसे पहले के मास्टर्स का भी असर दिखता है, जिन्होंने उन्हें उनकी अप्रेंटिसशिप के दौरान सिखाया था। उन्होंने उनकी स्टाइल को अपने यूनिक विजन के साथ मिलाया, जिससे ऐसी पेंटिंग्स बनीं, जो टेक्निकली परफेक्ट और इमोशनली एक्सप्रेसिव दोनों थीं।

**लोकायन**

हमारा देश वसुधैव कुटुंबकम् की अवधारणा का देश है। यहां सभी धर्म के त्योहार धूमधाम व सामूहिक रूप से मनाए जाते हैं। इसी प्रकार देश के कुछ प्रदेशों में तिब्बती नव वर्ष लोसार भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। भारत में अंग्रेजी नव वर्ष मनाना तो आम बात है, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि हमारे देश में तिब्बती नव वर्ष लोसार भी व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। लोसर 18 फरवरी से मनाया जाएगा और इसका मुख्य उत्सव आमतौर पर तीन दिनों तक चलता है, लेकिन यह त्योहार 15 दिनों तक मनाया जाता है।

## परंपरा और उत्सव का संगम तिब्बती नव वर्ष लोसार

**क्या है लोसार उत्सव :** 'लोसार' दो तिब्बती शब्दों से मिलकर बना है, जिसमें 'लो' का अर्थ 'नया' और 'सर' का अर्थ 'वर्ष' होता है। इस प्रकार इसका सामूहिक अर्थ 'नया साल' है। लोसार तिब्बत, नेपाल और भूटान का सबसे महत्वपूर्ण बौद्ध त्योहार माना जाता है। भारत में यह मुख्य रूप से सिक्किम, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में तिब्बती समुदायों और स्थानीय जनजातियों द्वारा मनाया जाता है। यह उत्सव जीवन के नवीनीकरण, समृद्धि और आध्यात्मिक शुद्धि का प्रतीक है।



**सांस्कृतिक महत्व :** हालांकि लोसार को 'तिब्बती नव वर्ष' कहा जाता है, लेकिन इसकी जड़ें बौद्ध धर्म के आगमन से भी पहले की हैं। यह मूल रूप से 'बोन' परंपरा का हिस्सा था, जिसमें लोग सर्दियों के अंत में प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए पूजा करते थे। बाद में जब बौद्ध धर्म तिब्बत की मुख्य धारा बना, तो यह उत्सव आध्यात्मिक और धार्मिक रंगों में रंग गया। लोसार का मुख्य उत्सव आमतौर पर तीन दिनों तक चलता है, जबकि समूचा पर्व लगभग 15 दिनों तक मनाया जाता है। लोसार में साफ-सफाई को विशेष महत्व दिया जाता है। इसका पहला दिन 'लामा लोसार' कहलाता है, जिसमें घरों की पुताई और गहन सफाई की जाती है। पुरानी और अनुपयोगी वस्तुओं को हटाया जाता है। मान्यता है कि इससे घर में स्वास्थ्य, शांति और समृद्धि का वास होता है। इस अवसर पर घरों की सजावट की जाती है और नई प्रार्थना-पताकाएं लगाई जाती हैं।

**तीन दिनों तक चलते हैं कार्यक्रम :** लोसार उत्सव के पहले दिन सूर्योदय से पूर्व ही मठों में शंखनाद गूंजने लगता है। लोग अपने गुरुओं से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। तिब्बती और लद्दाखी परिवार घरों में धार्मिक अनुष्ठान करते हैं, जिनमें दीप प्रज्वलन और बौद्ध मंत्रों का पाठ शामिल होता है। इस दिन तिब्बती लामा और उच्च गुरुओं की दीर्घायु के लिए विशेष प्रार्थनाएं की जाती हैं। दूसरा दिन 'ग्यालपो लोसार' अर्थात 'राजाओं का दिन' कहलाता है। यह दिन सामुदायिक मेल-मिलाप का प्रतीक होता है। ऐतिहासिक रूप से यह शासकों और उनके मंत्रियों के बीच संवाद का दिन रहा है। आज यह सार्वजनिक समारोहों, नृत्य-गीत और मेलों के रूप में मनाया जाता है। लद्दाख और धर्मशाला की सड़कों पर पारंपरिक परिधानों में सजे लोग एक-दूसरे को 'ताशी देलेक' कहकर नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हैं।

तीसरा दिन 'चो-क्योंग लोसार' यानी 'धर्म रक्षकों का दिन' होता है। इस दिन लोग पहाड़ियों और पर्वत चोटियों पर जाकर धूप (सांग) जलाते हैं और प्रार्थना-पताकाएं (लुंगटा) फहराते हैं। ये पताकाएं शांति, करुणा और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक मानी जाती हैं।

**मुखौटा नृत्य (छम) :** लोसार उत्सव का सबसे आकर्षक और रोमांचक पक्ष मठों में होने वाला 'छम' या मुखौटा नृत्य है। यह नृत्य बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक होता है। रंग-बिरंगे रेशमी वस्त्रों और भव्य मुखौटों में सजे लामा जब नृत्य करते हैं, तो दर्शकों को एक अलग ही आध्यात्मिक संसार का अनुभव होता है।


## मिस्र में मिले शैलचित्र का भारतीय संदर्भ में महत्व

मिस्र के दक्षिणी सिनाई स्थित उम्म अरक पठार पर लगभग 10,000 वर्ष पुराने शैलचित्रों की खोज ने प्रागैतिहासिक कला के वैश्विक इतिहास को नए सिरे से देखने का अवसर दिया है। देखा जाए तो यह हालिया पुरातात्विक खोज केवल मिस्र की सांस्कृतिक धरोहर का विस्तार नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के आरंभिक कलात्मक बोध की एक साझा विरासत की ओर संकेत करती है। भारतीय संदर्भ में देखें तो यह खोज विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो उठती है, क्योंकि भारत में भी शैलकला की समृद्ध और प्राचीन परंपरा विद्यमान है।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

भारत में मध्य प्रदेश के भीमबेटका शैलाश्रय विश्वप्रसिद्ध प्रागैतिहासिक शैलचित्रों का केंद्र है, जिन्हें यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर का दर्जा प्राप्त है। भीमबेटका की गुफाओं में मानव आकृतियां, शिकार के दृश्य, पशु-पक्षियों की छवियां और सामुदायिक जीवन के संकेत मिलते हैं। आश्चर्यजनक रूप से उम्म अरक के शैलचित्रों में भी समान प्रकार की विषयवस्तु- शिकार, पशु आकृतियां और प्रतीकात्मक चिह्न दिखाई देते हैं। यह समानता इस तथ्य को रेखांकित करती है कि भिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में रहते हुए भी प्रारंभिक मानव समुदायों की संवेदनाएं और अभिव्यक्तियां कहीं न कहीं एक-दूसरे से जुड़ी हुई थीं।



उम्म अरक के चित्रों में जंगली पशुओं और मानव समूहों के दृश्य उस समय की पर्यावरणीय और सामाजिक संरचना का संकेत देते हैं। इसी प्रकार भीमबेटका तथा भारत के अन्य शैलचित्र स्थलों में भी सामुदायिक गतिविधियों, अनुष्ठानों और प्रकृति से गहरे संबंध का बोध मिलता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि शैलकला केवल सौंदर्यबोध की अभिव्यक्ति नहीं थी, बल्कि यह जीवनयापन, आस्था और सामाजिक संगठन का दस्तावेज भी थी। भारतीय परिप्रेक्ष्य में शैलचित्रों को केवल 'कला' के रूप में नहीं, बल्कि सांस्कृतिक स्मृति के रूप में भी देखा जाता है। वे उस समय के मनुष्य के मानस, उसकी आशंकाओं, आकांक्षाओं और आध्यात्मिक अनुभवों का दृश्य लेखा हैं। मिस्र के उम्म अरक की खोज इस वैश्विक मान्यता को पुष्ट करती है कि मानव रचनात्मकता की जड़ें अत्यंत प्राचीन और सार्वभौमिक हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण बिंदु जलवायु और पर्यावरणीय परिवर्तन का है। उम्म अरक के चित्र संकेत देते हैं कि दक्षिणी सिनाई क्षेत्र कभी अधिक हरित और जीवनोपयोगी रहा होगा। इसी प्रकार भारत के कई शैलचित्र स्थल भी ऐसे क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां आज का पर्यावरण अतीत की तुलना में बिल्कुल भिन्न है। इस प्रकार शैलचित्र केवल कला-इतिहास नहीं, बल्कि पर्यावरणीय इतिहास के अध्ययन के लिए भी महत्वपूर्ण स्रोत हैं।

भारतीय कला-दर्शन की दृष्टि से यदि देखें तो 'मंडल', 'चक्र' और 'सृष्टि-चेतना' जैसे प्रतीक, जो बाद की सभ्यताओं में विकसित हुए, उनकी आदिम जड़ें भी संभवतः इन्हीं प्रारंभिक प्रतीकात्मक अभिव्यक्तियों में निहित रही होंगी। दरअसल शैलचित्रों की वृत्तात्मक रचनाएं और समूह-आकृतियां सामूहिकता और ब्रह्मांडीय व्यवस्था की प्रारंभिक समझ का संकेत देती हैं। उम्म अरक की यह खोज भारत सहित विश्व के अन्य प्रागैतिहासिक स्थलों के तुलनात्मक अध्ययन की आवश्यकता को भी रेखांकित करती है। इससे यह समझ विकसित होती है कि मानव सभ्यता का विकास किसी एक भूभाग की कहानी नहीं, बल्कि एक साझा मानवीय यात्रा है।

अतः मिस्र के दक्षिणी सिनाई में मिले ये 10,000 वर्ष पुराने शैलचित्र भारतीय शैलकला की परंपरा के साथ संवाद स्थापित करते हैं। हमें यह स्मरण कराते हैं कि मानवता की सांस्कृतिक स्मृति सीमाओं से परे हैं। ऐसे में चाहे वह सिनाई का पठार हो या भीमबेटका की गुफाएं, कला मनुष्य की सार्वभौमिक भाषा रही है, जो समय, भूगोल और संस्कृतियों को जोड़ती है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,450.96 | 25,725.40 |
| बढ़त | 173.81 | 42.65 |
| प्रतिशत में | 0.21 | 0.17 |

सोना प्रति 10 ग्राम: 1.57 लाख

चांदी प्रति किलो : 2.45 लाख

अमृत विचार
कानपुर, बुधवार, 18 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी :** विदेशी बाजारों में मिले जुले रुख के बीच कमजोर हाजिर मांग के कारण कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में मंगलवार को कच्चा तेल की कीमत करीब एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,734 रुपये प्रति बैरल रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का फरवरी माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 57 रुपये या 0.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,734 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसके मार्च माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 47 रुपये या 0.81 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,752 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 10,277 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार की कमजोर मांग तथा वैश्विक कीमतों में मिले जुले रुख ने निवेशकों की कारोबारी धारणा को प्रभावित किया। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 63.24 डॉलर प्रति बैरल हो गया जबकि ब्रेंट क्रूड का दाम 0.82 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता 68.10 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

### क्लीनमैक्स का आईपीओ 23 को

**नई दिल्ली, एजेंसी :** वाणिज्यिक और औद्योगिक (सीएंडआई) नवीकरणीय ऊर्जा प्रदाता कंपनी क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस का 3,100 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) सार्वजनिक बिक्री के लिए 23 फरवरी को खुलेगा। कंपनी ने प्रति शेयर 1,000-1,053 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी का आईपीओ 25 फरवरी को बंद होगा, जबकि एंकर निवेशक 20 फरवरी को शेयरों के लिए बोली लगा सकेंगे। क्लीन मैक्स ने बयान में कहा कि प्रस्तावित आईपीओ में 1,200 करोड़ रुपये तक के शेयरों का ताजा निर्गम और प्रवर्तकों और एक निवेशक शेयरधारक द्वारा 1,900 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

### मारुति ने शुरू की ई-विटारा की बिक्री

**नई दिल्ली, एजेंसी :** देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता मारुति सुजुकी ने मंगलवार को अपने एसयूवी विटारा के इलेक्ट्रिक संस्करण ई-विटारा की घरेलू बाजार में बिक्री शुरू कर दी। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि ग्राहक नेक्सा शोरूम पर जाकर या नेक्सा की वेबसाइट पर 21,000 रुपये का शुरुआती भुगतान करके ई-विटारा की बुकिंग करा सकते हैं। ई-विटारा के 49 किलोवाट आवर मॉडल की बैटरी-एज-ए-सर्विस विकल्प के साथ कीमत 10.99 लाख रुपये है।

# रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का आधार तैयार कर रहा है भारत: राजनाथ

## देश के कुल रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र का योगदान एक-चौथाई पर पहुंचा

**बेंगलुरु, एजेंसी**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा उत्पादन क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए मंगलवार को कहा कि इससे आत्मनिर्भर रक्षा विनिर्माण क्षेत्र का आधार तैयार हो रहा है। राजनाथ ने मंगलवार को यहां वेमगल में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और एयर बस के संयुक्त हेलीकॉप्टर विनिर्माण संयंत्र की असेंबली लाइन के उद्घाटन के मौके पर कहा कि देश के कुल रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र का योगदान बढ़कर आज लगभग एक-चौथाई पर पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव रक्षा विनिर्माण के लिए एक मजबूत और आत्मनिर्भर आधार तैयार करने की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस संयंत्र में एयरबस से एच125 हेलीकॉप्टर और उसके सैन्य संस्करण एच125एम हेलीकॉप्टर का निर्माण होगा। अगले साल के मध्य तक संयंत्र में बने पहले हेलीकॉप्टर के रोल आउट और उड़ान भरने की उम्मीद है।

इस संयंत्र को शुरू से ही यूरोपीय संघ विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) का प्रमाणन प्राप्त होगा जो वैश्विक स्तर पर दो प्रमुख प्रमाणनों में शामिल है। असेम्बली लाइन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैन्युअल मैक्रां ने मुंबई से वर्चुअल माध्यम से किया। वेमगल में रक्षा मंत्री सिंह, नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू, फ्रांस की रक्षा मंत्री कैथरीन वैट्रिन के अलावा टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और एयरबस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। आयुध कारखानों के निजीकरण, औद्योगिक लाइसेंसिंग में उदारीकरण, निजी निर्माताओं को नीतिगत समर्थन और रक्षा औद्योगिक गलियारों की स्थापना जैसी पहलों का जिक्र करते हुए श्री सिंह ने कहा कि इन सुधारों ने निजी कंपनियों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराकर तथा उत्पादन में नवाचार, प्रतिस्पर्धा और दक्षता को बढ़ावा दिया है जिससे रक्षा क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है।

उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में रक्षा निर्यात में कई गुना वृद्धि हुई है, जिससे देश वैश्विक स्तर पर उभरते रक्षा निर्यातकों में शामिल हो गया है। इससे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) तथा सहायक उद्योगों के लिए बड़े पैमाने पर अवसर बने हैं। उन्होंने कहा कि परिणामस्वरूप, रक्षा उत्पादन में संलग्न एमएसएमई की संख्या बढ़कर 16,000 से अधिक हो गयी है। अब कई विदेशी कंपनियां भारतीय कंपनियों से महत्वपूर्ण पुर्जे खरीद रही हैं।

## असम सरकार ने 62,294.78 करोड़ का अंतरिम बजट किया पेश

**गुवाहाटी, एजेंसी:** असम की वित्त मंत्री अजंता नियोग ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 62,294.78 करोड़ रुपये का अंतरिम बजट विधानसभा में मंगलवार को पेश किया।

राज्य में कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। चुनाव से पहले अपना अंतिम बजट पेश करते हुए नियोग ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार इस समय असम देश का सबसे तेजी से बढ़ने वाला राज्य है।

उन्होंने कहा कि मैं वित्त वर्ष 2026-27 के शुरुआती महीनों के लिए अनुदान मांगों पर लेखानुदान (वोट ऑन अकाउंट) प्रस्तुत कर रही हूं, जिसकी राशि 62,29,478.30 लाख रुपये है ताकि पूर्ण बजट आने तक सरकार सामान्य सेवाएं जारी रख सके।

## एयर इंडिया, लुफ्थांसा कनेक्टिविटी बढ़ाएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एयर इंडिया और लुफ्थांसा समूह ने आपसी सहयोग को और आगे बढ़ाते हुए एक-दूसरे के यात्रियों के लिए भारत और यूरोप में साझा कनेक्टिविटी का विस्तार करने के लिए मंगलवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। यह समझौता हाल ही में संपन्न ऐतिहासिक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) से उत्पन्न अवसरों का लाभ उठाने के उद्देश्य से किया गया है।

इसके तहत एयर इंडिया और जर्मनी के लुफ्थांसा समूह की विमान सेवा कंपनियों और सहायक कंपनियों - एयर इंडिया एक्सप्रेस, ऑस्ट्रियन एयरलाइंस, ब्रसेल्स एयरलाइंस, आईटीए एयरवेज, लुफ्थांसा, स्विस इंटरनेशनल एयर लाइंस और अन्य संबद्ध एयरलाइंस समेत - के बीच संयुक्त व्यावसायिक समझौते की रूपरेखा तय की गयी है।

एयर इंडिया और लुफ्थांसा समूह के बीच एक कोडशेयर समझौता पहले से है। दोनों स्टार एलायंस के सदस्य हैं। यह करार दोनों पक्षों को भारत और प्रमुख यूरोपीय बाजारों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने के विकल्प तलाशने में सक्षम बनायेगा। एमओयू पर एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन और लुफ्थांसा समूह के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्स्टन श्पोर ने हस्ताक्षर किये। अभी इस समझौते को नियामकीय मंजूरियां मिलनी शेष हैं। दोनों पक्ष चयनित बाजारों में मार्ग योजना और उड़ान समय-सारिणी का समन्वय, संयुक्त बिक्री, विपणन और वितरण पहल पर सहयोग कर सकते हैं।

## दुपहिया की बिक्री अगले वित्त वर्ष में 2.9 करोड़ के पार होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दुपहिया वाहनों की बिक्री अगले वित्त वर्ष (2026-27) में सात से नौ प्रतिशत के बीच बढ़कर 2.9 करोड़ इकाई पर पहुंच जायेगी। बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों से कीमतों में कमी के बाद दुपहिया की घरेलू बिक्री में आयी तेजी अगले वित्त वर्ष में भी जारी रहेगी। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि बिक्री बढ़ने और प्रीमियम सिगमेंट की तरफ ग्राहकों के झुकाव से राजस्व में भी स्थिर वृद्धि की संभावना है।

दुपहिया बाजार में 95 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाली छह कंपनियों के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर क्रिसिल ने बताया कि वित्त वर्ष 2022-26 में दो विपरीत कहानियां देखने को मिलीं।

## नेशनल स्माल इंड. कार्पोरेशन अनुसूची ए उपक्रम घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी:** सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के संवर्धन में लगे केंद्रीय एमएसएमई मंत्रालय के उपक्रम नेशनल स्माल इंडस्ट्रीज कार्पोरेशन लि. (एनएसआईसी) को अनुसूची ए के केंद्रीय उपक्रम का दर्जा दिया गया है।

उच्च स्तर का कार्य प्रदर्शन करने वाले केंद्रीय उद्यम इस श्रेणी में रखे जाते हैं। एनएसआईसी को अभी तक अनुसूची बी में रखा गया था।

## ओसलो में नार्वे के वित्त मंत्री से मिलीं सीतारमण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- स्वच्छ ऊर्जा, दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा



सीतारमण

वित्त और कार्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने नॉर्वे की अपनी यात्रा के दौरान ओस्लो में वहां के वित्त मंत्री जेन्स स्टोलटेनबर्ग से मुलाकात की और स्वच्छ ऊर्जा तथा दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी यहां सोमवार देर रात जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक श्रीमती सीतारमण के साथ इस मुलाकात में श्री स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि निवेश और प्रगति के बहुत सारे अवसर देती है।

दोनों नेताओं ने नवीकरणीय ऊर्जा, खासकर सौर पैनल से बिजली तैयार करने, दुर्लभ खनिजों के प्रसंस्करण , वायुमंडल से कार्बन अवशोषण और संग्रह में दोनों देशों के बीच सहयोग पर चर्चा की। विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों मंत्रियों ने भारत और नार्वे सहित चार देशों के मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टेपा) का पूरा फायदा उठाने के कदम उठाने पर सहमति जतायी है। स्टोल्टेनबर्ग ने श्रीमती सीतारमण से कहा कि नार्वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यात्रा का इंतजार कर रहा है। मोदी इस साल के आखिर में नार्वे जाने वाले है और उम्मीद है कि इससे भारत -नॉर्वे के बीच सहयोग का विस्तार होगा। वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण ने ओसलो में नॉर्वे की संसद की वित्त समिति की अध्यक्ष तुवा मोफ्लैग, ईएफटीए समिति की उप प्रमुख ट्राइन लिसे सुंडनेस और संसद में नार्वे-भारत मैत्री समूह के प्रमुख हिमांशु गुलाटी से बातचीत की। श्रीमती सीतारमण ने नार्वे के इन नेताओं के साथ भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार क्षेत्र (ईएफटीए) के साथ हुए व्यापार समझौते का पूरा लाभ उठाये जाने के विषय में भी वार्ता की। चार यूरोपीय देशों के व्यापार समूह ईएफटीए में नार्वे भी शामिल है।

## आईटी शेयरों में तेजी से सेंसेक्स मजबूत, निफ्टी 42 अंक लाभ में

**मुंबई, एजेंसी**

**स्थानीय** शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 174 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 42 अंक मजबूत हुआ। बैंक, आईटी और पूंजीगत वस्तुओं से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 173.81 अंक यानी 0.21 प्रतिशत चढ़कर 83,450.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक ऊंचे में 83,598 अंक तक गया तथा नीचे में 82,987.43 अंक तक आया। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 42.65 अंक यानी 0.17 प्रतिशत बढ़कर 25,725.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में आईटीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, सन फार्मा, मारुति सुजुकी इंडिया, इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक और टेक महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

दूसरी ओर, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इटर्नल, टाटा स्टील, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा



एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले सूचकांकों में भी मजबूती देखी गई। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.49 प्रतिशत और मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.26 प्रतिशत के लाभ में रहा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजारों में सीमित दायरे में कारोबार हुआ। आईटी क्षेत्र में भारी गिरावट के बाद, वैश्विक एआई साझेदारों के साथ रणनीतिक सहयोग की घोषणाओं के बाद चुनिंदा शेयरों में तेजी से खरीदारी देखने को मिली।

बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 2,447 लाभ में रहे, जबकि 1,756 में गिरावट रही। वहीं 149 के भाव अपरिवर्तित रहे। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1,52,688.24 करोड़ रुपये बढ़कर 4,70,11,313.57 करोड़ (5,180 अरब डॉलर) हो गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के संपत्ति प्रबंधन के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि हाल ही में आई तेज गिरावट के बाद आईटी शेयरों में लगातार दूसरे सत्र में बढ़त दर्ज की गई। इन्फोसिस द्वारा एंथ्रोपिक के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा के बाद इस क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना, जिससे एआई-आधारित व्यवधान को लेकर चिंताएं कम हुई हैं। उन्होंने कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बैठक से पहले रक्षा शेयरों में 1.3 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, क्योंकि अतिरिक्त राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद पर संभावित चर्चा की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

एशिया के अन्य बाजारों में, जापान का निक्की नुकसान में रहा, जबकि चीन, हांगकांग और दक्षिण कोरिया के बाजार चंद्र नव वर्ष की छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में तेजी का रुख है।

## अत्याति टेक्नोलॉजीज का 154 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करेगी बीएलएस ई-सर्विसेज

**नयी दिल्ली, एजेंसी:** बीएलएस ई-सर्विसेज ने वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी अत्याति टेक्नोलॉजीज लि. का 154 करोड़ रुपये में अधिग्रहण करने की घोषणा की है। सरकारों और वित्तीय संस्थानों को डिजिटल सेवाएं प्रदान करने वाली बीएलएसई ई-सर्विसेज ने एक बयान में कहा कि यह अधिग्रहण पूरी तरह से नकद में होगा और इसके 31 मार्च, 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। यह सौदा नियामक प्राधिकरणों, शेयरधारकों तथा अन्य मंजूरी पर निर्भर है।



## मंत्री की टिप्पणी के बाद कर्नाटक में नेतृत्व विवाद

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बीच नेतृत्व को लेकर लंबे समय से जारी विवाद मंगलवार को उस समय और गहरा गया, जब राज्य के समाज कल्याण मंत्री एचसी महादेवप्पा ने आवारा कुत्तों पर उच्च न्यायालय की टिप्पणी का हवाला देते हुए एक विवादित बयान दिया। शिवकुमार सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और विपक्षी सदस्यों ने महादेवप्पा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। महादेवप्पा ने सोमवार को मैसुरु में संवाददाताओं से बातचीत में शीर्ष स्तर पर बदलाव की संभावनाओं को खारिज करते हुए कहा था कि नेतृत्व के मुद्दे पर कहां चर्चा हो रही है? उच्च न्यायालय बार-बार कहता है कि आवारा कुत्तों को पकड़कर आश्रय केंद्रों में बंद करो। यहां राजनीतिक नेतृत्व मजबूत है। जब महादेवप्पा से यह स्पष्ट करने के लिए कहा गया कि उनका इशारा किस ओर था, तो उन्होंने कहा कि वह केवल उच्च न्यायालय की टिप्पणियों का हवाला दे रहे थे।

मंत्री ने कहा कि मैं सिर्फ उच्च न्यायालय की ओर से की गई टिप्पणी का जिक्र कर रहा था। मुझे नहीं पता कि आप लोग इसकी व्याख्या कैसे करते हैं।

## प. बंगाल में पांच निर्वाचन अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट

**कोलकाता, एजेंसी**

- निर्वाचन आयोग ने छह माह पहले आदेश दिया था

पश्चिम बंगाल सरकार ने निर्वाचन आयोग के अल्टीमेटम पर कार्रवाई करते हुए राज्य में विशेष गहन परीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची संशोधन को लेकर कथित गंभीर चूक और डेटा सुरक्षा नीतियों के उल्लंघन के आरोप में राज्य सरकार के पांच कर्मचारियों के खिलाफ मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज की। इन कर्मचारियों में दो निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) और दो सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) भी शामिल हैं। यह कार्रवाई आयोग द्वारा राज्य को आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामले शुरू करने का निर्देश दिये जाने के छह महीने बाद की गई।

निर्वाचन आयोग द्वारा शाम पांच बजे की निर्धारित समयसीमा से महज कुछ ही घंटे पहले पुलिस में शिकायतें दर्ज कराई गईं। यह घटनाक्रम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान के बीच हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य सरकार अपने सभी कर्मचारियों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी और इस कदम को गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए। आरोपी कर्मियों पर दक्षिण 24 परगना जिले के बरुईपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र और पूर्वी मेदिनीपुर के मोयना विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूचियों में सौ से अधिक फर्जी नाम जोड़ने का आरोप है।

आयोग ने पिछले साल अगस्त में कथित पेशेवर कदाचार का पता चलने के बाद राज्य सरकार को पांचों अधिकारियों को निलंबित करने और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था। इन पांच अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने अपने प्रवेश संकेत अनधिकृत व्यक्तियों के साथ साझा किए, जिससे मतदाता सूची में नाम जोड़े जा सके और उन्होंने अनिवार्य कर्तव्यों का पालन नहीं किया। इन अधिकारियों में देबोत्तम दत्ता चौधरी और तथागत मंडल (बरुईपुर पूर्व के ईआरओ और एईआरओ), बिप्लब सरकार और सुदीप्त दास (मोयना के ईआरओ और एईआरओ) तथा सुरजीत हलदर (अस्थायी डाटा प्रविष्टि संचालक) शामिल हैं। हालांकि, राज्य सरकार ने अधिकारियों को निलंबित कर दिया था, लेकिन शुरुआत में उसने प्राथमिकी दर्ज नहीं की। सरकार का कहना था कि ये कार्य 'अनजाने में हुई गलतियां' थीं। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 32 का हवाला देते हुए आयोग ने राज्य के रुख को खारिज कर दिया, जनवरी में अनुस्मारक जारी किए और प्राथमिकी दर्ज करने के लिए 17 फरवरी की समय सीमा निर्धारित की।

### ममता ने निर्वाचन आयोग को तुगलकी आयोग बताया



कोलकाता, एजेंसी : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग को एक राजनीतिक दल द्वारा संचालित तुगलकी आयोग करार दिया और राज्य की मतदाता सूचियों में व्यापक हेरफेर का आरोप लगाया। राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा के आईटी सेल की एक महिला पदाधिकारी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का इस्तेमाल करके बंगाल में 58 लाख मतदाताओं के नाम हटवा दिए। निर्वाचन आयोग उच्चतम न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर रहा है, मतदाताओं को निशाना बना रहा है और लोकतंत्र को कमजोर कर रहा है।" मतदाता सूची से नाम हटाने के मुद्दे पर उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निर्देश पर निर्वाचन आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान पश्चिम बंगाल के मतदाताओं के नाम हटा रहा है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि तार्किक विसंगतियों का हवाला देते हुए, यह लोकतांत्रिक अधिकारों को छीन रहा है और आम लोगों के साथ आतंकियों की तरह बर्ताव कर रहा है।

## सुनेत्रा पवार राकांपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनीं गयीं

**नई दिल्ली, एजेंसी:** महाराष्ट्र की उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है। उनकी नियुक्ति पर औपचारिक मुहर 26 फरवरी को होने वाली पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में लगायी जाएगी।

सूत्रों ने बताया कि मंगलवार को विधायक दल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस बैठक के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए उनके नाम का प्रस्ताव रखा। वहां मौजूद सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर इस प्रस्ताव का सर्वसम्मति से समर्थन किया

## फारूक ने शांति को एकता की अपील की

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने देश से केंद्र-शासित प्रदेश के लोगों की शांति और गरिमा के लिए लड़ाई में एकजुट होने की मंगलवार को अपील की। अब्दुल्ला केरल राज्य योजना आयोग की ओर से यहां विकास और लोकतंत्र के विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी विजन-2031 के समापन समारोह में बोल रहे थे।

अब्दुल्ला के भावपूर्ण संबोधन को ध्यानपूर्वक सुन रहे मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने सीट पर लौटने पर उन्हें गर्मजोशी से गले लगाया। अब्दुल्ला ने कहा कि हम आपकी ओर देखते हैं और मन ही मन कहते हैं, अल्लाह! तू कब जागेगा, ताकि हम भी आजादी से चल सकें, आजादी से बोल सकें, आजादी से सोच सकें। यही तो लोकतंत्र है-लोगों का, लोगों के लिए, लोगों द्वारा हमारे बच्चे और हमारे लोग, जिन्होंने दुख झेला है, वे आज भी उत्तर में दुख झेल रहे हैं। हां, उन्हें पाकिस्तानी कहकर पुकारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे हमारे बच्चों को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। यह सब कब खत्म होगा? नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के वरिष्ठ नेता ने नम आंखों और रुंधे गले से कहा कि दक्षिण अब भी उन सांप्रदायिक ताकतों से मुक्त है, जो देश को बांटने की कोशिश कर रही हैं।



उन्होंने कहा कि मैंने 90 साल की उम्र में यह यात्रा इसलिए की, ताकि आप सभी से कह सकूं कि हमारे बारे में सोचें, हमारे लिए प्रार्थना करें।

## अमेरिका को 5,000 टन बासमती चावल आपूर्ति करने का करार

**नई दिल्ली, एजेंसी:** भारतीय चावल निर्यातक महासंघ के एक सदस्य ने अमेरिका में एक खरीदार को 5,000 टन बासमती चावल आपूर्ति करने के लिए व्यवसायिक समझौता किया है। महासंघ ने कहा कि यह एक अहम घटनाक्रम है क्योंकि यह भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिये जाने के बाद आया है, जिसके तहत अमेरिका भारतीय सामान पर मौजूदा 25 प्रतिशत शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत तक करने पर सहमत हो गया है।

## कामरा विशेषाधिकार समिति के सामने पेश हुए

**शिंदे के खिलाफ टिप्पणी**

**मुंबई, एजेंसी**

स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ अपनी कथित अपमानजनक टिप्पणियों के सिलसिले में मंगलवार को राज्य विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति के सामने पेश हुए। हालांकि, समिति के अध्यक्ष प्रसाद लाड ने बताया कि मुख्य शिकायतकर्ता की अनुपस्थिति के कारण सुनवाई 10 मार्च के लिए स्थगित कर दी गई। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता सुषमा अंधारे भी समिति के समक्ष पेश हुईं।

कामरा और अंधारे ने बाद में संवाददाताओं को बताया कि सुनवाई के दौरान उनके बयान दर्ज नहीं किए गए, क्योंकि मुख्य शिकायतकर्ता भाजपा नेता प्रवीण दारेकर अनुपस्थित थे। शिवसेना की इस धमकी के बारे में पूछे जाने पर कि उन्हें मुंबई आने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे, कामरा ने कहा कि वह सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। लाड के मुताबिक, "कामरा ने समिति को बताया कि वह अपना बयान दर्ज कराने के लिए तैयार हैं। हालांकि, शिकायतकर्ता की अनुपस्थिति में उनका बयान दर्ज करना उचित नहीं होता। इसलिए यह तय किया गया कि दोनों पक्षों के बयान एक ही दिन दर्ज किए जाएंगे।

दारेकर से चर्चा के बाद 10 मार्च को शाम चार बजे सुनवाई करने का फैसला लिया गया।" अंधारे ने पिछले साल हुई उस घटना का जिक्र किया, जिसमें उस स्टूडियो में तोड़फोड़ की गई थी, जहां कामरा ने अपनी प्रस्तुति के दौरान शिंदे के ऊपर एक पैरोडी गीत गाया था। शिवसेना (उबाठा) नेता ने कहा, "हम जानना चाहते थे कि हमारे खिलाफ क्या आरोप हैं।" दारेकर ने शिवसेना प्रमुख शिंदे के खिलाफ "अपमानजनक टिप्पणी" करने के लिए कामरा और अंधारे के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया था। दारेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता हैं, जो महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति की एक घटक है। अपने सत्ता-विरोधी विचारों के कारण अक्सर विवादों में घिरे रहने वाले कामरा ने पिछले साल एक पैरोडी गीत में शिंदे को निशाना बनाया था और उन्हें परोक्ष रूप से "गद्दार" कहा था।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पटकथा लेखक सलीम खान अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** वरिष्ठ पटकथा लेखक सलीम खान को मंगलवार को मुंबई के बांद्रा स्थित लीलावती अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया। सलीम खान ने जावेद अख्तर के साथ मिलकर शोले, दीवार और डॉन जैसी सुपरहिट फिल्में लिखी हैं। अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि 90 वर्षीय पटकथा लेखक को सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया। पटकथा लेखक के स्वास्थ्य स्थिति के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं है। खान के बेटे सुपरस्टार सलमान खान, बेटी अलवीरा और दामाद अतुल अग्निहोत्री और आयुष शर्मा को अस्पताल में जाते हुए देखा गया।

### हंगरी-अमेरिका में परमाणु समझौता

**बुडापेस्ट।** हंगरी और अमेरिका ने नागरिक परमाणु ऊर्जा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर कर लिए हैं। यह समझौता सोमवार को अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो की बुडापेस्ट यात्रा के दौरान संपन्न हुआ। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ऑर्बान ने कहा कि यह समझौता तथा अमेरिकी प्रशासन द्वारा प्रतिबंधों से संबंधित दी गयी छूट, दोनों मिलकर हंगरी की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेंगे और देश को घरेलू उपभोक्ताओं तथा उद्योग के लिए प्रतिस्पर्धी दरों पर ऊर्जा उपलब्ध कराने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि हंगरी अपने साझेदारों के साथ खुले और पारदर्शी दृष्टिकोण के साथ काम करता है और किसी भी चिंता का समाधान प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से किया जा सकता है।

### हॉकी मैच के दौरान गोलीबारी में तीन मरे

**आइलैंड।** रोड आइलैंड में एक हॉकी मैच के दौरान सोमवार को हुई गोलीबारी में संदिग्ध समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पॉटकेट की पुलिस प्रमुख टीना गोंकाल्वेस ने संवाददाताओं से कहा कि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह लक्ष्य बनाकर की गई गोलीबारी थी। इसका कारण संभवत: कोई पारिवारिक विवाद है। गोंकाल्वेस ने संदिग्ध के बारे में या मारे गए लोगों की उम्र के बारे में विवरण नहीं दिया लेकिन उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि संदिग्ध के अलावा मारे गए अन्य दो लोग वयस्क थे।

### स्पेन में इमारत में आग लगने से पांच की मौत

**मैड्रिड।** उत्तर-पूर्व स्पेन की एक रिहायशी इमारत में आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य मामूली रूप से झुलस गए। क्षेत्रीय आपातकालीन सेवाओं ने सोमवार देर रात यह जानकारी दी। अधिकारियों ने एक बयान में बताया कि बार्सिलोना के उत्तर में स्थित मैनलेउ में पांच मंजिला इमारत के भंडारण कक्ष में आग लगी थी। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पीड़ित इमारत से बाहर क्यों नहीं निकल पाए। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारण का भी अभी पता नहीं चला है।

### जेसी जैक्सन का 84 साल की उम्र में निधन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नागरिक अधिकार नेता, मार्टिन लूथर किंग के सहयोगी और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जेसी जैक्सन का मंगलवार को 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जैक्सन परिवार के बयान में कहा गया कि जैक्सन मंगलवार सुबह अपने परिवार के बीच शांति से गुज़र गए। न्याय, समानता और मानवाधिकारों के लिए उनके पक्के इरादे ने आज़ादी और सम्मान के लिए दुनिया भर में चल रहे आंदोलन को हिला दिया। जैक्सन एक मानवाधिकार कार्यकर्ता थे। 1984 और 1988 में डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा था।

# डीपफेक पर ज्यादा कड़े नियमों की जरूरत

## केंद्रीय सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, उद्योग जगत से सरकार की बातचीत जारी

- मंत्री बोले-सभी को देश के कानूनी ढांचे का पालन करना होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि डीपफेक की समस्या तेजी से बढ़ रही है और बच्चों व समाज की सुरक्षा के लिए इससे निपटने के वास्ते कहीं अधिक कड़े नियमों की जरूरत है। डीपफेक, कृत्रिम मेधा (एआई) से तैयार की गई ऐसी तस्वीरें व वीडियो होती हैं जो नकली होने के बावजूद असली प्रतीत होती हैं। उन्होंने बताया कि सरकार मौजूदा प्रावधानों से आगे अतिरिक्त सुरक्षा उपायों को लेकर उद्योग जगत से परामर्श शुरू कर चुकी है।

मंत्री ने कहा कि डीपफेक और उम्र आधारित प्रतिबंधों से निपटने को लेकर सोशल मीडिया मंचों से बातचीत जारी है, ताकि इस मुद्दे पर सबसे उपयुक्त तरीके से निपटा जा सके। मंत्री ने कहा कि कोई भी कंपनी चाहे वह नेटफ्लिक्स, यूट्यूब, मेटा या एक्स हो, सभी को देश के कानूनी ढांचे और संविधान का पालन करना होगा। वैष्णव ने कहा कि डीपफेक की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है और इससे निपटने के लिए कड़े नियमन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि डीपफेक पर कहीं ज्यादा कड़े नियम चाहिए। यह समस्या रोजाना बढ़ती जा रही है। बच्चों और समाज को इनसे होने वाले नुकसान से बचाना बेहद जरूरी है हमें पहले से मौजूद नियमों के अतिरिक्त नियमन चाहिए, इस पर उद्योग जगत के साथ बातचीत शुरू की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि संसदीय समिति ने भी इस विषय पर गहराई से गौर किया है। एआई इम्पैक्ट समिट से इतर संवाददाता सम्मेलन में मंत्री ने कहा कि हमें डीपफेक पर बेहद कड़े नियम बनाने होंगे और संसद के भीतर इस पर व्यापक सहमति बनानी होगी, ताकि समाज को इन खतरों से सुरक्षित रखा जा सके।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा कई देशों ने उम्र आधारित प्रतिबंधों की आवश्यकता को स्वीकार किया है। वैष्णव ने कहा कि यह ऐसी बात है जिसे कई देशों ने माना है कि उम्र आधारित नियमन होना चाहिए। यह हमारे डेटा संरक्षण कानून का भी हिस्सा था जब हमने छात्रों और युवाओं के लिए उपलब्ध सामग्री में उम्र के आधार पर अंतर तय किया था। उसी समय हमने यह दूरदर्शी कदम उठाया था। केंद्रीय मंत्री ने साथ ही कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट में संप्रभु एआई मॉडल उपलब्ध कराए गए हैं और सरकार इन्हें व्यापक रूप से सभी के लिए उपलब्ध कराने को एक विशाल अवसंरचना तैयार करने की योजना बना रही है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि संप्रभु मॉडल वैश्विक स्तर के बड़े एआई मॉडल के सभी मानकों पर खरे उतरे हैं। वैष्णव ने कहा कि यहां संप्रभु मॉडल पेश किए गए हैं। आप जाकर देख सकते हैं कि वैश्विक मानकों पर वे कैसे खरे उतरते हैं। आने वाले समय में, एआई मिशन 2.0 के लिए संप्रभु मॉडल के लिए एक विशाल बुनियादी ढांचा तैयार करने की आवश्यकता होगी।



नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में जानकारी के लिए विभिन्न स्टालों पर उमड़े लोग।

### एआई सम्मेलन में हिस्सा लेंगे बिल गेट्स

**नई दिल्ली।** गेट्स फाउंडेशन इंडिया ने कहा है कि अमेरिकी व्यापार दिग्गज बिल गेट्स यहां चल रहे एआई इंपैक्ट समिट में हिस्सा लेंगे। फाउंडेशन के इस ऐलान से उन खबरों पर विराम लग गया है जिनमें कहा गया था कि गेट्स इस सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। फाउंडेशन ने एक्स पर यह जानकारी देते हुए बताया कि वह सम्मेलन में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अपना मुख्य भाषण देंगे। फाउंडेशन ने अपनी पोस्ट में कहा कि भारत एआई के क्षेत्र में एक वैश्विक अग्रणी देश है, जिसके पास दुनिया के सबसे बड़े प्रतिभाशाली विशेषज्ञों का समूह है। विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से इसे अपनाने और बड़े पैमाने पर नवाचार की शक्ति भारत के पास है।

### पहले दिन हुई असुविधा पर जताया खेद

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के पहले दिन लंबी कतारों और भारी भीड़ से उपस्थित लोगों को हुई असुविधा के लिए मंगलवार को खेद जताया और कहा कि सम्मेलन का संचालन सुचारू रूप से करने के लिए आयोजक दल लगातार काम कर रहे हैं। वैष्णव ने कहा कि शिखर सम्मेलन आयोजक दल, लोगों की बात सुनने को तैयार हैं और मुद्दों के तुरंत समाधान के लिए एक 'वॉर रूम' बनाया गया है। मंत्री ने कहा कि आपकी जो भी प्रतिक्रिया है, कृपया हमारे साथ साझा करें। हम खुले विचारों वाले हैं। हमने एक 'वॉर रूम' बनाया है...कोई भी समस्या हो, कृपया हमें बताएं। हम निश्चित रूप से इसे आसान बनाने और आप सभी के लिए इसे और अधिक सुविधाजनक बनाने के प्रयास करेंगे। वैष्णव ने कहा, अगर कल किसी को कोई समस्या हुई हो, तो उसके लिए मुझे खेद है। हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

### समिट में शामिल होना न होना व्यक्तिगत निर्णय

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होना या न होना किसी की व्यक्तिगत पसंद का विषय है। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में जेन्सेन हुआंग जैसे प्रौद्योगिकी जगत के कुछ दिग्गजों के शामिल न होने के सवाल पर मंत्री ने यह टिप्पणी की। मंत्री ने साथ ही कहा कि भारत, कृत्रिम मेधा के उचित एवं नैतिक उपयोग पर वैश्विक नेताओं के बीच आम सहमति बनाने का प्रयास कर रहा है। देश के सबसे बड़े वैश्विक कृत्रिम मेधा आयोजनों में शामिल इस शिखर सम्मेलन में नीति निर्माता, उद्योग जगत के दिग्गज एवं प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ एकत्र हुए हैं और कृत्रिम मेधा में नवाचार, संचालन व्यवस्था और वास्तविक उपयोगों पर मंथन कर रहे हैं। वैष्णव ने बताया कि एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने कुछ बेहद जरूरी काम के कारण अपने न आने की जानकारी दी थी।

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में एआई के प्रयोग में नैतिकता महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एआई इंपैक्ट सम्मेलन में बोले केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह



विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के प्रभावी इस्तेमाल में नैतिकता की भूमिका बेहद अहम होगी। सरकार के बहुभाषी एआई इंजन भारतजेन का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार किसी भी नयी पहल या उभरती तकनीक के प्रारंभिक चरण में ही आगे आकर भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई का अधिकतम और सही उपयोग सुनिश्चित करने में नैतिक मानदंडों की भूमिका बेहद अहम होगी। वह एआई इम्पैक्ट समिट के एक सत्र में बोल रहे थे। सिंह ने कहा कि भारतजेन सरकारी स्वामित्व वाला संप्रभु मॉडल है, लेकिन निजी क्षेत्र में भी डिजिटल स्वास्थ्य और डिजिटल केस हिस्ट्री जैसे मॉडल पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा, आने वाले समय में हमें भी एकीकृत होना पड़ेगा। न तो वे अकेले काम कर सकते हैं, न ही हम। इसलिए, हमें तैयार रहना होगा। अक्टूबर 2024 में शुरू की गई भारतजेन एक सरकारी परियोजना है, जिसका उद्देश्य स्वदेशी एआई मॉडल विकसित करना है।

# विश्व समुदाय के एजेंडे में भारत का योगदान अहम

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

- एआई समिट संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुतारेस की टिप्पणी

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र के एजेंडे में भारत का स्थायी योगदान हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि भारत जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की वैश्विक स्तर पर बढ़ती और सशक्त होती भूमिका एक सकारात्मक मेगा ट्रेंड के रूप में उभर रही है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने ये टिप्पणियां कृत्रिम मेधा पर ग्लोबल साउथ में आयोजित होने वाले पहले शिखर सम्मेलन इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेने के लिए नई दिल्ली रवाना होने से पहले कीं। गुतारेस ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की गतिविधियों के सभी पहलुओं में भारत एक अत्यंत अहम शक्ति बन गया है। मुझे भारत द्वारा आयोजित जी20 की अध्यक्षता याद है जहां बहुत महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे। गुतारेस ने कहा कि एक लोकतांत्रिक देश के रूप में मानवाधिकारों के मामले में भी भारत अहम शक्ति बन गया है, वो भी ऐसी दुनिया में जहां हम लोकतंत्र को संकट में देखते हैं।

# भारत अपने वैश्विक साझेदारों के साथ अधिक गहनता से जुड़ रहा

- वैश्विक आर्थिक कार्यक्रम में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

**मुंबई, एजेंसी**

विदेशमंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत अंतराष्ट्रीय साझेदारों के साथ मजबूत स्थिति में अधिक गहनता से जुड़ रहा है। उन्होंने देश के बढ़ते आर्थिक प्रभाव के प्रमाण के रूप में हाल ही में हुए कई व्यापार समझौतों का हवाला दिया। उन्होंने वैश्विक आर्थिक सहयोग सम्मेलन में अपने संबोधन में अमेरिका के साथ महत्वपूर्ण व्यापार समझौते सहित कई बड़े सौदों की सफल चर्चा पर प्रकाश डाला। वैश्विक आर्थिक सहयोग कार्यक्रम का आयोजन भविष्य आर्थिक सहयोग परिषद द्वारा विदेश मंत्रालय और महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से किया जाता है।

वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य को शायद हाल के समय में सबसे अस्थिर बताते हुए, मंत्री ने कहा कि दुनिया उत्पादन और वित्त के हथियारीकरण के साथ-साथ निर्यात नियंत्रणों को कड़ा करने और अस्थिर बाजार परिवर्तनों की गवाह बन रही है। उन्होंने कहा कि स्थापित वैश्विक व्यवस्था स्पष्ट रूप से बदल रही है, इसके विकल्प तैयार करना मुश्किल है और ऐसा प्रतीत होता है कि हम एक अनिश्चितता के लंबे दौर की ओर बढ़ रहे हैं। यह दौर अव्यवस्थित, जोखिम भरा, अप्रत्याशित और शायद खतरनाक भी होगा। मंत्री ने कहा कि लंबे समय से बरकरार धारणाएं और अपेक्षाएं अब सवालों के घेरे में आ गई हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख आयाम एक साथ बदल रहे हैं, भले ही वह रणनीतिक हो, राजनीतिक हो, आर्थिक हो या प्रौद्योगिकी हो। उन्होंने कहा कि जोखिम कम करने और कई क्षेत्रों में विविधता लाने में समाधान निहित हैं तथा यह दृष्टिकोण राष्ट्रों की नीति में तेजी से दिखाई दे रहा है। जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि सुधार एक्सप्रेस लगातार जारी रहेगी। विदेश मंत्री ने कहा कि मजबूत स्थिति में भारत अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ अधिक गहनता से जुड़ रहा है। हाल में हुए व्यापार समझौतों में यह बात स्पष्ट रूप से देखी गई। उन्होंने कहा कि आर्थिक सुरक्षा को मजबूत आत्मनिर्भरता और अधिक भरोसेमंद साझेदारों के माध्यम से ही बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने की हाल में घोषणा की।

### अनिश्चित युग में प्रवेश कर चुकी है दुनिया




जयशंकर ने कहा कि दुनिया एक अस्थिर और अनिश्चित युग में प्रवेश कर चुकी है, जो हमारे जीवनकाल में संभवत: सबसे अधिक उथल-पुथल भरा युग है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सेवाओं, प्रौद्योगिकी, कौशल और ज्ञान के क्षेत्र में उत्पादन के वैश्विक समीकरण में भारत की भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगी। जयशंकर ने कहा कि अमेरिका हर कीमत पर पुन: औद्योगीकरण के लिए दृढ़ संकल्पित है और यह प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उसके भविष्य के लिए अहम महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि विनिर्माण और निर्यात पर चीन का लगातार ध्यान है तथा इसमें संभवत: और भी विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा तेज और ध्रुवीकृत होती जा रही है, ऊर्जा व्यापार के प्रवाह में महत्वपूर्ण बदलाव आ रहा है और नए दृष्टिकोण सैन्य तरीके अपनाने सहित अधिक जोखिम को बढ़ावा दे रहे हैं।

# ट्रंप को जिनेवा में ईरान से समझदारी की उम्मीद

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर जून 2025 में हुए हमलों का ज़िक्र करते हुए कहा है कि जिनेवा में होने वाली बैठक में ईरान से समझदारी की उम्मीद है।

ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वह अमेरिका और ईरान के बीच मंगलवार को जिनेवा में होने वाली उच्च स्तरीय परमाणु वार्ता में अप्रत्यक्ष रूप से शामिल रहेंगे। उन्होंने फोर्दो, इस्फहान और नतांज पर हुए अमेरिकी हमलों का उल्लेख करते हुए ईरान से बातचीत के दौरान तर्कसंगत रुख अपनाने की अपील की। ट्रंप ने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में कहा, मैं इन वार्ताओं में अप्रत्यक्ष रूप से शामिल रहूंगा और ये बेहद महत्वपूर्ण होंगी। मुझे उम्मीद है कि वे (ईरान) अधिक तर्कसंगत होंगे।

जिनेवा बैठक में अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति के सलाहकार जेरेड कुशनर के शामिल होने की संभावना है। समझौते की संभावनाओं पर ट्रंप ने कहा कि ईरान पारंपरिक रूप से कड़ा रुख अपनाता रहा है, लेकिन पिछले वर्ष अमेरिकी हमलों से उसने सबक लिया है और अब वार्ता के लिए अधिक इच्छुक है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि वे समझौता न करने के परिणाम चाहते हैं।

### तीन घंटे तक चली दूसरे दौर की परमाणु वार्ता

**जिनेवा।** ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु वार्ता का नवीनतम दौर लगभग तीन घंटे की बैठक के बाद समाप्त हो गया। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने यह जानकारी दी। जिनेवा में यह वार्ता ऐसे समय में हुई, जब ईरान ने सैन्य अभ्यास के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा की है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य को अस्थायी बंद किया

**जिनेवा।** ईरान ने कहा कि वह अपने सैन्य अभ्यास की वजह से कई घंटों के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर रहा है। दोनों देशों में वार्ता की शुरुआत के साथ ही ईरानी मीडिया ने कहा कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य की ओर मिसाइलें दागी हैं। जलडमरूमध्य को कई घंटों के लिए बंद कर रहा है।

# गुजरात तट से 200 किग्रा रासायनिक पदार्थ जब्त

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- तटरक्षक बल और एटीएस ने दो ईरानी नागरिकों को पकड़ा

गुजरात आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) और तटरक्षक बल ने गुजरात तट से दूर समुद्र में 200 किलोग्राम से अधिक रसायनिक पदार्थ के साथ दो ईरानी नागरिकों को पकड़ा है।

एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने बताया कि एटीएस को पोरबंदर तट से लगभग 140 समुद्री मील दूर अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के निकट भारतीय जलक्षेत्र में संदिग्ध रसायन लाए जाने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि तटरक्षक बल के साथ आठ से दस घंटे तक चलाए गए एक संयुक्त अभियान में सोमवार को रात करीब आठ बजे दो ईरानी नागरिकों को संदिग्ध रसायनों की 203 थैलियों के साथ पकड़ा गया। अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध रसायनिक पदार्थ को प्रथम दृष्टया ईरान से एक स्पीड बोट पर लाया जा रहा था और इसे पंजाब के एक व्यक्ति को सौंपा जाना था। उन्होंने बताया कि स्पीड बोट को जब्त कर लिया गया और सफेद पाउडर वाली थैलियों को आगे की फोरेंसिक जांच के लिए पोरबंदर तटरक्षक स्टेशन लाया गया।

# पाकिस्तान आत्मघाती हमले में 11 सुरक्षाकर्मियों, बच्चे की मौत

**पेशावर, एजेंसी**

- खैबर पख्तूनख्वा में जांच चौकी पर उड़ाई विस्फोट भरी गाड़ी


उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकियों द्वारा एक जांच चौकी पर विस्फोटक से भरी गाड़ी से किये गये आत्मघाती हमले में 11 सुरक्षाकर्मियों और एक बच्चे की मौत हो गयी। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अफगानिस्तान की सीमा से लगे बाजौर जिले में एफसी जांच चौकी पर हुए इस घातक आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी टीटीपी ने ली है। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के अनुसार, 16 फरवरी को बाजौर जिले में फितना अल ख्वारिज से जुड़े ख्वारिजों ने सुरक्षा बलों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों की संयुक्त जांच चौकी पर एक कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले का प्रयास किया। सरकार 'फितना-अल-ख्वारिज' शब्द का इस्तेमाल प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के लिए करती है। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में 12 आतंकवादियों को मार गिराया गया। हताशा में हमलावरों ने विस्फोटक से भरी गाड़ी को सुरक्षा घेरा की दीवार से टकरा दिया।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति: 18 फरवरी, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा 16.57 तक तत्पश्चात द्वितीया।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- शतभिषा 21.16 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** - आज राजनैतिक मामलों में थोड़ी सावधानी रखें। पुरानी बीमारी से राहत मिल सकती है। घर की व्यवस्था में सुधार आयेगा। व्यापार में आपको लाभ की प्राप्ति होगी। दूसरों की सहायता करने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**वृष** - आज समाज में आपके व्यक्तित्व की प्रशंसा होगी। अपनी कार्यप्रणाली को इस समय गुप्त रखें। जीवनसाथी के साथ रिश्ते और मजबूत होंगे। घर में लटके हुए कार्यों को आप पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

**मिथुन** - आज किसी को उधार न दें। आपके पास अत्यधिक काम रहने वाला है। दांपत्य जीवन में थोड़ी समस्या होने की संभावना है। गैस और एसीडिटी के कारण आपको परेशानी हो सकती है। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

**कर्क** - आज किसी से अधिक अपेक्षा न करें। आपको मेहनत अधिक करनी पड़ेगी। अपनी गलतियों से आपको सीखना चाहिए। मन में आशंका हो सकती है। किसी आवश्यक काम में आपको अधिकाधिक धन खर्च करना पड़ सकता है।

**सिंह** - आज किसी जरूरत की वस्तु को प्राप्त करने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। आपको अपने काम करने के तरीके को बदलने की आवश्यकता है। घर के लोगों से अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**कन्या** - आज कठिन समस्याओं का हल निकलेगा। स्वार्थ भावना के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं। किसी मित्र को धन उधार देना पड़ सकता है। स्वास्थ्य में थोड़ी कमजोरी होने की सम्भावना है। भावुकता में आकर कोई निर्णय न लें।

**तुला** - आज शंकालु स्वभाव के कारण हानि हो सकती है। सार्वजनिक कार्यक्रमों में आप भाग ले सकते हैं। अपने खर्चों को नियंत्रित रखने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र की व्यवस्था में बदलाव की कुछ योजना बना सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज व्यर्थ की यात्रा करनी पड़ सकती है। परिवार के सभी सदस्य आप से प्रसन्न रहेंगे। गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अतिरिक्त जिम्मेदारियां लेने से बचें। व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं।

**धनु** - आज किसी रिश्तेदार के मिलने से आपका दिन अच्छी तरह बीतेगा। मेहनत का पूर्ण फल आपको प्राप्त होगा। रुचि के अनुसार कार्य मिलने से संतुष्ट रहेंगे। आपके मन की कोई इच्छा पूर्ण हो सकती है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं।

**मकर** - आज अपने जीवनस्तर को अच्छा बनाने का प्रयास करें। अचानक परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। प्रेम संबंधों में समझौते करने पड़ सकते हैं। कार्यक्षेत्र की अतिरिक्त जिम्मेदारियां आपको निभानी पड़ेंगी। सिरदर्द और बुखार जैसी समस्या हो सकती है।

**कुंभ** - आज आप व्यवसाय पर विशेष ध्यान देने वाले हैं। नई कार्ययोजनाओं पर काम कर सकते हैं। अपने जीवनस्तर में परिवर्तन ला सकते हैं। घर की सुख-सुविधाओं और संसाधनों पर आप धन खर्च करेंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**मीन** - आज आपका मन किसी भी काम में अच्छे से नहीं लगेगा। लेन-देन के मामलों में दूरी बनाकर रखें। अपने काम और योग्यता पर विश्वास बनाये रखना आपके लिए अत्यंत आवश्यक है। अहंकारी व्यवहार के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं।


## सुडोकू -65

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | | | | | 8 | | 2 |
| | | 6 | | | 4 | | | |
| | 8 | | | | | 7 | 6 | |
| | 4 | | 1 | | 5 | | | 8 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 8 | | | 6 | | 2 | | 4 | |
| | 6 | 8 | | | | | 9 | 3 |
| | | | 7 | | | 2 | | |
| 2 | | 9 | | | | | 7 | 5 |

### सुडोकू - 64 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 3 | 2 | 8 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 1 |
| 5 | 7 | 9 | 1 | 4 | 3 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 | 9 | 8 | 7 |
| 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 1 | 2 | 6 | 3 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 8 | 7 | 6 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 9 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 1 | 7 | 4 | 3 | 2 |



भारत से हार के बावजूद पाकिस्तानी टीम पर किसी तरह का दबाव नहीं है। सच कहूं तो यह दबाव ज्यादातर दर्शकों और बाहरी शोर से होता है। लोगों को लगता है कि टीम में घबराहट का माहौल है, लेकिन टीम के भीतर मैंने ऐसा कोई दबाव महसूस नहीं किया।

–उस्मान तारिक


# स्टेडियम

कानपुर नगर, बुधवार, 18 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## आज के मैच

| टीम | समय |
| --- | --- |
| दक्षिण अफ्रीका–यूएई | पूर्वाह्न 11 बजे |
| नामीबिया–पाकिस्तान | दोपहर 3 बजे |
| भारत–नीदरलैंड्स | शाम 7 बजे |

## हाईलाइट

### हरमनप्रीत हुए बाहर हार्दिक संभालेंगे कमान

**नई दिल्ली।** नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह निजी कारणों से 20 से 25 फरवरी तक होबार्ट में होने वाले एफआईएच प्रो लीग मैचों में नहीं खेल पाएंगे और उनकी जगह मिडफील्डर हार्दिक सिंह को मंगलवार को भारतीय पुरुष की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। भारत, स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट के आगामी चरण में होबार्ट के तस्मानिया हॉकी सेंटर में एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। भारतीय टीम ने राउरकेला में समाप्त हुए चरण में अपने सभी चार मैच गंवा दिए थे, जिसमें अर्जेंटीना के हाथों 0–8 की शर्मनाक हार भी शामिल है।

### वनडे टीम का हिस्सा बनीं प्रतिका रावल

**नई दिल्ली।** प्रतिका रावल को ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ होने जा रही तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में 16वीं खिलाड़ी के रूप में जोड़ा गया है। ये सीरीज फिलहाल चल रही तीन मैचों की टी20 सीरीज के बाद खेली जाएगी। 26 अक्तूबर से ही चोट के कारण मैदान से दूर चल रही रावल को इससे पहले टेस्ट टीम में भी शामिल किया गया था। हालांकि, अब अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी वापसी जल्दी होगी।

### भगत की निगाहें एशियाई खेलों पर

**नई दिल्ली।** डोपिंग से जुड़े नियमों के उल्लंघन के कारण 2024 में पेरिस पैरालंपिक खेलों में नहीं खेल पाने वाले बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने हाल में विश्व खिताब जीतकर अपने करियर को नहीं दिशा दी है और उनकी निगाह अब एशियाई खेलों और 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले पैरालंपिक खेलों पर टिकी है। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के डोपिंग नियमों का उल्लंघन करने के लिए 18 महीने के प्रतिबंध के बाद वापसी करते हुए भगत ने पैरा विश्व चैंपियनशिप में एसएल3 श्रेणी में अपना छठा एकल स्वर्ण पदक जीतकर खुद को साबित किया। भगत ने इस तरह से लगातार चौथा एकल विश्व खिताब हासिल किया।



# ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर फिरा पानी, जिम्बाब्वे सुपर-8 में

**पल्लेकल, एजेंसी**

- सुपर-8 में 26 फरवरी को भारत से टकराएगा जिम्बाब्वे

जिम्बाब्वे ने आयरलैंड के खिलाफ टी-20 विश्व कप ग्रुप बी का मैच बारिश में धुलने के बाद सुपर आठ में प्रवेश कर लिया, जबकि पूर्व चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला जिससे जिम्बाब्वे के पांच अंक हो गए।

अब 26 फरवरी को पहले सुपर आठ मुकाबले में चेन्नई में जिम्बाब्वे का सामना भारत से होगा। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने कहा हमने अभी लक्ष्य हासिल नहीं किया है, बस उसकी ओर कदम बढ़ाया है। थोड़ा बहुत जश्न होगा, लेकिन फोकस अगले मैच पर है।

पिछली बार टूर्नामेंट में क्वालीफाई करने से चूकी जिम्बाब्वे सुपर आठ में पहुंचने वाली सातवीं टीम बन गई। ग्रुप वन में भारत, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज भी सुपर आठ में पहुंच गए हैं। जिम्बाब्वे को आखिरी ग्रुप मैच 19 फरवरी को श्रीलंका से खेलना है। श्रीलंका छह अंक लेकर पहले ही सुपर आठ में पहुंच चुका है।

आस्ट्रेलिया के दो अंक है जिसे जिम्बाब्वे और श्रीलंका ने हराया। ग्रुप दो में श्रीलंका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान या अमेरिका होंगे। रजा ने कहा मैं और कोच मिलकर श्रीलंकाई टीम के बारे में विश्लेषण करेंगे और यह मैच जीतने की कोशिश करेंगे। क्वालीफाइंग से हमारा लक्ष्य नहीं बदला है। हमें यह मैच भी जीतना है। पूर्व चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को जिम्बाब्वे के दोनों मैच हारने के बाद ही सुपर आठ में जगह मिलनी थी लेकिन बारिश ने उसके इरादों पर पानी फेर दिया।

### सुपर-8 में भारत के मुकाबले

| बनाम | तारीख | मैदान | समय |
| --- | --- | --- | --- |
| साउथ अफ्रीका | 22 फरवरी | अहमदाबाद | शाम 7 बजे |
| जिम्बाब्वे | 26 फरवरी | चेन्नई शाम | शाम 7 बजे |
| वेस्टइंडीज | 1 मार्च | कोलकाता | शाम 7 बजे |



### पाकिस्तान के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला

**कोलंबो।** अपने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से मिली करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तान का टी20 विश्व कप में अभियान नाजुक मोड़ पर पहुंच गया है और इससे नामीबिया के खिलाफ बुधवार को होने वाला मैच उसके लिए करो या मरो जैसा बन गया है। एक समय पाकिस्तान सुपर आठ में जगह बनाने की अच्छी स्थिति में दिख रहा था लेकिन भारत से हार ने उसे बुरी तरह से झकझोर दिया है जिसके कारण उसे ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में करो या मरो की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

# अहमदाबाद को अभिषेक शर्मा से आक्रामक पारी का इंतजार


## टी-20 विश्व कप : स्पिनरों के सामने सुधार करना चाहेगा भारत

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अपनी पिछली दो पारियों में खाता खोलने में नाकाम रहे सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा नीदरलैंड्स के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के मैच में बड़ी पारी खेलने के लिए प्रतिबद्ध होंगे जबकि भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाज भी सुपर आठ चरण से पहले स्पिन के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। अभिषेक शर्मा ने पिछले 18 महीने में खुद को इस प्रारूप का खतरनाक खिलाड़ी साबित किया है लेकिन घरेलू मैदान पर खेली जा रही आईसीसी प्रतियोगिता में वह अभी तक अपना जलवा नहीं दिखा पाए हैं।

अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में शून्य पर आउट होने के बाद वह पेट के संक्रमण के कारण नामीबिया के खिलाफ दूसरे मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में वापसी की लेकिन खाता खोलने में नाकाम रहे। लेकिन दूसरे छोर पर ईशान किशन की शानदार फॉर्म के कारण अभिषेक के बल्ले से रनों की कमी का टीम की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ा है। अभिषेक जोखिम लेने से नहीं कतराते हैं और उनकी इस तरह की बेखौफ बल्लेबाजी से भारत को कई मैच में जीत भी मिली है। लेकिन इस 25 वर्षीय बल्लेबाज का पिछली छह पारियों में चार बार शून्य पर आउट होना यह संकेत देता है कि उन्हें पावरप्ले में अपनी रणनीति की समीक्षा करने की जरूरत है। अभिषेक की आक्रामक बल्लेबाज की छवि को देखते हुए यह स्पष्ट है कि विरोधी टीमों ने भारत के इस सलामी बल्लेबाज का सामना करने के लिए अतिरिक्त तैयारी की है।

अभिषेक के स्वयं यह स्वीकार करते हैं कि उनके पास टीम के अन्य बल्लेबाजों की तरह शॉट की व्यापक रेंज नहीं है और वह क्रीज का उपयोग करने और अपने बल्ले की स्विंग पर भरोसा करते हैं ताकि विपक्षी टीम में खौफ पैदा कर सकें।



अभ्यास करते कुलदीप यादव व अर्शदीप सिंह। एजेंसी

### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, इशान किशन, हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रिंकू सिंह।

**नीदरलैंड :** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), कॉलिन एकरमैन, नोआ क्रोज़, बास डी लीडे, आर्यन दत्त, फ्रेड क्लासेन, काइल क्लेन, माइकल लेविट, ज़ैक लायन–कैशेट, मैक्स ओ'डोव्ड, लोगान वैन बीक, टिम वैन डेर गुगटेन, रूलोफ वैन डेर मेरवे, पॉल वैन मीकेरेन, साकिब जुल्फिकार।



# नेपाल ने 12 साल के सूखे को खत्म किया

**मुंबई, एजेंसी**

- रोमांचक मुकाबले ने स्कॉटलैंड को सात विकेट से हराया

कुशल भुर्तेल (43) की तूफानी शुरुआत और दीपेंद्र सिंह ऐरी (नाबाद 50) की आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी से नेपाल ने मंगलवार को यहां ग्रुप सी महज औपचारिकता वाले मुकाबले में स्कॉटलैंड को सात विकेट से हराकर टी20 विश्व कप में 12 साल के जीत के सूखे को खत्म किया। नेपाल ने 2014 में अपने पदार्पण विश्व कप में अफगानिस्तान और नीदरलैंड को हराया था, लेकिन उसके बाद से जीत का स्वाद नहीं चखा था।

स्कॉटलैंड को सात विकेट पर 170 रन पर रोकने के बाद नेपाल ने 19.2 ओवर में तीन विकेट पर 171 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' एरी ने 23 गेंद की नाबाद पारी में तीन छक्के और चार चौके जड़े। गुलशन झा (नाबाद 24) ने उनका शानदार तरीके से साथ दिया। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 73 रन की अटूट साझेदारी कर टीम की जीत सुनिश्चित की। इस जीत के बाद टीम के खिलाड़ियों ने वानखेड़े स्टेडियम का चक्कर लगाकर दर्शकों का अभिवादन किया। माइकल जोन्स की 71 रन की तेजतर्रार पारी की बदौलत स्कॉटलैंड ने सात विकेट पर 170 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। दोनों ही टीमें सुपर आठ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है और इस ग्रुप से वेस्टइंडीज तथा इंग्लैंड ने अगले चरण में जगह बनाई।



शॉट लगाते नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी।



न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र (दाएं), कनाडा के खिलाड़ियों के साथ।

# फिलिप्स की तूफानी पारी से न्यूजीलैंड सुपर-8 में पहुंचा

**चेन्नई, एजेंसी**

युवराज समरा टी20 विश्व कप में शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बने लेकिन यह उलटफेर करने के लिए पर्याप्त साबित नहीं हुई क्योंकि न्यूजीलैंड ने ग्लेन फिलिप्स की तूफानी पारी के दम पर मंगलवार को यहां ग्रुप डी के मैच में कनाडा को 29 गेंद शेष रहते हुए आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में अपनी जगह पक्की की।

भारत के विश्व कप विजेता ऑलराउंडर युवराज सिंह के नाम पर 19 वर्षीय समरा का नाम रखा गया था और उन्होंने अपने नाम को सही साबित करते हुए आखिरी ओवर में आउट होने से पहले 65 गेंद पर 110 रन बनाए जिसमें 11 चौके और छह छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 173 रन बनाए।

फिलिप्स की 36 गेंद पर चार चौकों और छह छक्कों की मदद से खेली गई नाबाद 76 रन की पारी तथा रचिन रविंद्र (39 गेंद पर नाबाद 59) के साथ उनकी 146 रन की अटूट साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने 15.1 ओवर में दो विकेट पर 176 रन बनाकर कनाडा के स्कोर को बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और शान से अगले चरण में प्रवेश किया।

न्यूजीलैंड ने चार मैच में छह अंक के साथ अपने अभियान का समापन किया। वह ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका के बाद दूसरे स्थान पर है।

# टी-20 विश्व कप में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए युवराज समरा

**खेल डेस्क**

**अमृत विचार।** कनाडा के भारतीय मूल के 19 साल 141 दिन के बल्लेबाज युवराज समरा ने टी-20 विश्व कप इतिहास में शतक जमाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। समरा ने मंगलवार को यहां ग्रुप डी मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ 65 गेंदों में करियर की सर्वश्रेष्ठ 110 रन की पारी खेली। वह इस विश्व कप में अब तक सर्वाधिक स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। क्रिकेट के शौकिन पिता बलजीत समरा ने उनका नाम सिक्सर किंग भारतीय बल्लेबाज युवराज सिंह के नाम पर रखा था। पिछले साल मार्च में पदार्पण करने वाले समरा ने अपने 19वें टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में यह उपलब्धि हासिल की। समरा ने अपनी तूफानी पारी के दौरान 11 चौके और छह छक्के जड़े। वह अंतिम ओवर में जैकब डफी पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में आउट हुए। उनकी यह पारी टी20 विश्व कप में किसी एसोसिएट टीम के बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी है। इससे पहले टी20 विश्व कप में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के अहमद शहजाद के नाम था, जिन्होंने 2014 में 22 वर्ष की आयु में यह उपलब्धि हासिल की थी।



- भारतीय सिक्सर किंग युवराज सिंह के नाम पर रखा गया है इस कनाडा के खिलाड़ी का नाम

### टी20 विश्व कप में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी

19 वर्ष 141 दिन : युवराज सामरा (कनाडा) बनाम न्यूजीलैंड, चेन्नई, 2026

22 वर्ष 127 दिन : अहमद शहजाद (पाकिस्तान) बनाम बांग्लादेश, मीरपुर, 2014

23 वर्ष 156 दिन : सुरेश रैना (भारत) बनाम दक्षिण अफ्रीका, ग्रोस आइलेट, 2010

मुझे लगता है कि इस पारी से मेरा जीवन बदल सकता है। मैं खेल में कैरियर बना सकता हूं। मेरे लिए यह सपना सच होने जैसा होगा। मैं हमेशा से इस पल, इस दिन और रात के बारे में सोचता था। मैं विश्व कप में नाम कमाना और खेल में कैरियर बनाना चाहता था। कनाडा में यह आसान नहीं है क्योंकि खेलने के लिये तीन महीने ही मिलते हैं। बाकी समय माइनस 25 या 30 तापमान रहता है। हमने श्रीलंका में अभ्यास किया।

–युवराज समरा

**रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल** | 736 रनों का विशाल स्कोर बनाने के बाद उत्तराखंड के पांच विकेट 149 पर चटका दिए

# उत्तराखंड के खिलाफ कर्नाटक ने कसा शिकंजा

**लखनऊ, एजेंसी**

कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को पहली पारी में 700 से अधिक स्कोर बनाने के बाद उत्तराखंड के पांच विकेट 149 रन पर चटका दिए। आठ बार के चैम्पियन कर्नाटक ने दूसरे दिन छह विकेट पर 689 रन बना लिए थे लेकिन तीसरे दिन पारी घोषित नहीं की। रविचंद्रन स्मण और विद्याधर पाटिल ने टीम को 736 रन तक पहुंचाया। अब कर्नाटक ने पूरी तरह से मैच पर शिकंजा कस लिया है।

स्मरण और पाटिल ने कल के स्कोर में 28 रन और जोड़े। पाटिल ने 114 गेंद में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 54 रन बनाए। स्मरण और पाटिल के आउट होने के बाद कर्नाटक की पारी का भी अंत हो गया। इससे पहले केएल राहुल ने 141 रन बनाए थे। उत्तराखंड के लिये दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज आदित्य रावत ने चार और स्पिनर मयंक मिश्रा ने तीन विकेट लिए। उत्तराखंड अभी भी पहली पारी में 587 रन से पीछे है।

कर्नाटक के लिए पाटिल ने दो विकेट चटकाए। कर्नाटक ने 81 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे जिसके बाद लक्ष्य रायचंदानी (नाबाद 52) और जगदीशा सुचित (21) ने पांचवें विकेट के लिये 43 रन की साझेदारी की। सुचित को भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने आउट किया जिससे उत्तराखंड का स्कोर पांच विकेट पर 124 रन हो गया। लक्ष्य और सौरभ रावत (10) क्रीज पर टिके हुए हैं।



बंगाल के सूरज सिंधु जायसवाल का विकेट लेने के बाद टीम के साथ जश्न मनाते जम्मू और कश्मीर के आकिब नबी (बाएं से दूसरे)। एजेंसी

### जम्मू-कश्मीर फाइनल में पहुंचने के करीब

**कल्याणी।** तेज गेंदबाज आकिब नबी के हरफनमौला खेल से जम्मू कश्मीर रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को यहां बंगाल के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत कर फाइनल में पहुंचने के करीब पहुंच गया। मैच में नौ विकेट लेने वाले नबी ने जम्मू कश्मीर की पहली पारी में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 42 रन की अहम पारी खेली जिससे बंगाल की टीम बड़ी बढ़त लेने में नाकाम रही। नबी के हरफनमौला खेल ने भारतीय गेंदबाज मोहम्मद शमी की शानदार गेंदबाजी को फीका कर दिया। शमी ने जम्मू कश्मीर की पहली पारी में 22.1 ओवर में 90 रन देकर आठ विकेट लिये। बंगाल की पहली पारी में 328 रन के जवाब में जम्मू कश्मीर की पहली पारी 302 रन पर सिमटी।

# यामल पेनाल्टी से चूके, बार्सिलोना एक सप्ताह में दूसरा मैच हारा

**गिरोना (स्पेन), एजेंसी**

लामिन यामल पेनाल्टी पर गोल करने से चूक गए जिससे बार्सिलोना सोमवार को यहां गिरोना से 2-1 से हार गया और इस तरह से उसने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में रियल मैड्रिड को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया।

बार्सिलोना की एक हफ्ते से भी कम समय में यह दूसरी हार है जिसके कारण वह तालिका में दूसरे स्थान पर आ गया। वह रियल मैड्रिड से दो अंक पीछे है। इस मैच में जीत से बार्सिलोना अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी से आगे हो जाता लेकिन अब उसके 24 मैच में 58 अंक है जबकि रियल मैड्रिड के इतने ही मैच में 60 अंक हैं। बार्सिलोना की टीम पिछले हफ्ते कोपा डेल रे में एटलेटिको मैड्रिड से 4-0 से हार गई थी। यामल ने हाफ टाइम से ठीक पहले पेनल्टी किक को गोलपोस्ट पर मार दिया हालांकि पाउ कुबार्सी के गोल से बार्सिलोना ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही बढ़त बना ली थी। हालांकि, महज तीन मिनट बाद ही गिरोना ने जोरदार वापसी करते हुए मैच पर कब्जा जमा लिया।



स्पेन के गिरोना जोएल रोका से बहस करते बार्सिलोना लामिन यामल। एजेंसी